राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 161
लखनऊ, बुधवार 11 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बेटे ने जीवित पिता को मृत घोषित कराया 10

पिछडे और अनुसूचित वर्ग के साथ नहीं होने देगें अन्याय : केशव 03

# भारत और सेशेल्स ने हिंद महासागर क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा संबंध बढ़ाने पर दिया जोर

- नई दिल्ली में दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत यात्रा पर आए रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स के विदेश मंत्री जनरल माइकल एंसेलम मार्क रोसेट से मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में मुलाकात की। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत और सेशेल्स के बीच बढ़ते रक्षा और सुरक्षा सहयोग की समीक्षा करने के साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देने और द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने भारत और सेशेल्स के सशस्त्र बलों के बीच होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'लामित्ये' और क्षमता निर्माण पहल का भी स्वागत किया और संबंध मजबूत करने पर सहमत हुए। वार्ता के दौरान प्रशिक्षण, हाइड्रोग्राफी, जहाजों और एयरक्राफ्ट विजिट्स, डिफेंस डेलीगेशन विजिट्स और मैरीटाइम सिक्योरिटी के फील्ड में कोऑपरेशन पर भी चर्चा हुई। रक्षा सचिव ने अंतरराष्ट्रीय बेड़े की समीक्षा के साथ-साथ अगले हफ्ते विशाखापट्टनम में होने वाले समुद्री अभ्यास 'मिलन' में सेशेल्स की तरफ से हिस्सा लेने का स्वागत किया।

दोनों पक्षों ने सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति पर भी चर्चा की, जो भारत का सभी क्षेत्रों में समावेशी, सहयोगी और टिकाऊ सुरक्षा और विकास का विजन है। उन्होंने साझा चुनौतियों, खासकर समुद्री क्षेत्र, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीके के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत और सेशेल्स के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग के भविष्य के रास्तों पर विचार-विमर्श किया, जिसमें मुख्य सैन्य क्षमताओं के आधुनिकीकरण में लंबे समय की साझेदारी के जरिए क्षमता निर्माण में लगातार सहयोग पर ध्यान दिया गया।

## पेंगुइन के ट्वीट के बाद भाजपा का राहुल गांधी पर तीखा प्रहार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व थल सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा को लेकर पब्लिशर पेंगुइन के ट्वीट के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। भाजपा ने संसद में दिए गए उनके बयानों को 'कपोल कथा' बताया और कहा कि उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मुकुंद नरवणे के एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। जनरल नरवणे द्वारा पब्लिशर पेंगुइन के ट्वीट का समर्थन किए जाने के बाद राहुल गांधी द्वारा पेश की गई काल्पनिक कहानी पूरी तरह से खत्म हो गई है।

# प्रधानमंत्री ने सुभाषित साझा कर दिया शक्ति, संकल्प और धरती के सम्मान का संदेश

**एजेंसी नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत में सुभाषित साझा कर शक्ति, संकल्प, तेज और समृद्धि की कामना का संदेश दिया। उन्होंने धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण और पोषण को जीवन का आधार बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सुभाषित साझा करते हुए लिखाः अस्मे वोऽअस्त्विन्द्रियमस्मे नृम्णमुत क्रतुरस्मे वर्चांसि सन्तु वः। नमो मात्रे



पृथिव्यै नमो मात्रे पृथिव्याऽ इयन्ते राड् यन्तासि यमनो ध्रुवोसि धरुणः कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा॥ (अर्थः मनुष्य के जीवन में शक्ति, साहस, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प होना चाहिए। व्यक्ति में तेज और आत्मबल बना रहे। मानव की प्रगति धरती के सम्मान, संरक्षण और प्रकृति के संतुलन से जुड़ी है और इसी से समाज का समग्र कल्याण संभव है। धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कृषि, कल्याण, समृद्धि और पोषण की प्रार्थना की गई है।) इस सुभाषित से प्रधानमंत्री ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ और दृढ़ संकल्प की कामना की है।

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों को 'बस्तर पांडुम' उत्सव के विशेष आयोजन पर दी बधाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में 7-9 फरवरी तक मनाए गए 'बस्तर पांडुम' उत्सव के लिए राज्य के लोगों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'पहले जब भी बस्तर का नाम लिया जाता था, माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि मन में आती थी लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज बस्तर न केवल अपने विकास के लिए बल्कि यहां के लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए भी जाना जाता है। मेरी यही कामना है कि आने वाला समय इस क्षेत्र के लिए शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण हो। गृहमंत्री अमित शाह की एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ' छत्तीसगढ़ में 'बस्तर पंडुम' उत्सव के दौरान जंगल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और जन जातीय विरासत का भव्य रूप दिखाया गया। इस प्रयास से जुड़े अपने सभी परिवारजनों को मेरी हार्दिक बधाई! ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# 500 वर्षों तक राम को भुलाने वाले आज ले रहे राम का नाम : मुख्यमंत्री योगी

- भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया : मुख्यमंत्री योगी



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन लोगों ने 500 वर्षों तक भगवान राम की याद नहीं की, आज वही राम का नाम जपते नजर आ रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को दूल्हदेपुर गांव में आयोजित हिंद केसरी कहे जाने वाले बाबा हरिशंकर दास की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों तक अनेक राजा-महाराजा आए और गए, आजादी के बाद भी कई सरकारें बनीं, लेकिन किसी ने अयोध्या में भगवान राम की सुध नहीं ली। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर निर्माण के साथ ही वहां भगवा ध्वज शान से फहराया गया, जिससे कई राजनीतिक दलों को पीड़ा हुई। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण को लेकर अनेक तरह की आलोचनाएं की गई, लेकिन तमाम विरोधों के बावजूद राम मंदिर बनकर तैयार हुआ और आज पूरी दुनिया इसकी भव्यता देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग यह कहते रहे कि कयामत का दिन आएगा और बाबरी मस्जिद फिर से बनेगी, लेकिन यह केवल भ्रम फैलाने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसा कभी नहीं होगा और सनातन परंपरा का भगवा ध्वज इसी तरह शान से फहराता रहेगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग उत्तर प्रदेश में आकर राजनीति चमकाने की बात कर रहे हैं, उन्हें जनता और भाजपा कार्यकर्ता उचित जवाब देंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी का स्वागत आयोजक बाबा बलराम दास द्वारा माला, पगड़ी, गमछा और जानकी जी की प्रतिमा भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री का स्वागत करते समय बाबा बलराम दास भावुक हो उठे और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। श्रद्धांजलि समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत-महात्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा, प्रभारी मंत्री सुरेश राही, एमएलसी अंगद सिंह, एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, दिनेश रावत, साकेंद्र वर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल , अवधेश श्रीवास्तव, हरगोविंद सिंह, राजरानी रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष भूलन वर्मा, विवेकानंद पांडेय, रत्नेश सिंह मिंटू, जगदीश गुप्ता, रूपेश प्रताप सिंह लकी अयोध्या कमिश्नर राजेश कुमार व आईजी अयोध्या सोमेन वर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ प्रवीण कुमार, डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश सिंह सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और बाबा हरिशंकर दास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## धर्म और राष्ट्र एक-दूसरे के पूरक, प्रदेश को अस्थिर करने की साजिशें होंगी नाकाम : सीएम



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म और राष्ट्र एक-दूसरे के पूरक हैं, ठीक वैसे ही जैसे आत्मा के साथ शरीर। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा के सशक्त होने और देश की निरंतर प्रगति से देश-विदेश में कुछ ताकतें परेशान हैं, जो प्रदेश और देश की सरकार को अस्थिर करने के लिए कुचक्र रच रही हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 से पहले गांवों की सड़कें बदबू और गंदगी से भरी रहती थीं, लेकिन आज गांव से लेकर शहर तक साफ-सुथरी और मजबूत सड़कों का जाल बिछ चुका है। आधारभूत ढांचे में हुए सुधारों के कारण आवागमन आसान हुआ है और आमजन को सुविधाएं मिली हैं। बिजली आपूर्ति पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश के गिने-चुने जिलों में ही बिजली मिल पाती थी, जबकि अब सभी जिलों में 20 से 24 घंटे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इससे उद्योग, व्यापार और घरेलू जीवन तीनों को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कई नए एक्सप्रेस-वे बनाए गए हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है।

## कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहा करोड़ों को लाभ



मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में एक करोड़ से अधिक परिवारों को पेंशन दी जा रही है, जबकि 15 से 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड दिए गए हैं, जिससे गरीब परिवारों को बेहतर इलाज मिल पा रहा है।

**बाराबंकी को विकास प्राधिकरण**

सीएम योगी ने बाराबंकी को विकास प्राधिकरण देने की घोषणा करते हुए जिले के समग्र विकास की दिशा में इसे अहम कदम बताया। आयोजन के दौरान 79 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी संपन्न होना है। जिन्हें मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में गोंडा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती और बहराइच से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# भारतीय रेल की ऐतिहासिक पहलः नमक लोडिंग के लिए स्टेनलेस स्टील कंटेनरों का सफल ट्रायल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने अहमदाबाद मंडल के भीमासर-गांधीधाम सेक्शन में माल ढुलाई के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। नमक जैसे संक्षारक थोक कार्गो के परिवहन के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए स्टेनलेस स्टील कंटेनरों का यहां पहला सफल ट्रायल संपन्न हुआ। यह पहल रेल की सुरक्षित, तेज और आधुनिक माल परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक अहम कदम है। रेल मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, कंटेनरों में नमक लोडिंग को आसान और तेज़ बनाने के लिए ऊपर दो बड़े ओपनिंग (7 म 4 फीट) दिए गए हैं। नमक को साइलो सिस्टम या पोकलेन मशीन से सीधे लोड किया जा सकता है। ट्रायल के दौरान प्रति कंटेनर लोडिंग में 15 मिनट से भी कम समय लगा, जिससे पारंपरिक खुली वैगनों की तुलना में कार्यकुशलता में स्पष्ट बढ़ोतरी देखी गई। अनलोडिंग की प्रक्रिया भी अत्यंत सहज रही। हाइड्रोलिक टिपर ट्रक की मदद से कंटेनर को झुकाकर 5 मिनट में पूरा नमक खाली किया गया। कंटेनरों के साइड दरवाज़ों के कारण नमक स्वतः गिर जाता है, जिससे अवशेष नहीं बचते और अतिरिक्त सफाई की आवश्यकता नहीं होती। एक स्टेनलेस स्टील कंटेनर का खाली वजन लगभग 3 टन है और दो कंटेनर एक वैगन में रखे जा सकते हैं।

यह प्रणाली मैनुअल सफाई और कोटिंग की आवश्यकता को समाप्त करती है और वैगनों के टर्नअराउंड समय को कम करके परिचालन क्षमता बढ़ाती है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह पहल न केवल तकनीकी रूप से सफल रही है, बल्कि भारतीय रेल के आधुनिक, सुरक्षित और कुशल माल परिवहन के विजन को साकार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

# भारत टैक्सी में न प्लेटफॉर्म शुल्क, न कमीशन, पूरी कमाई सारथी की : अमित शाह



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया कि सारथी की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सहकारी राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म 'भारत टैक्सी' निजी एग्रीगेटर मॉडलों से बिल्कुल अलग है। इसमें सारथी से कोई प्लेटफॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लिया जाता और यात्रा से होने वाली पूरी कमाई सीधे सारथी को मिलती है। अमित शाह ने मंगलवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि भारत टैक्सी- सारथी (ड्राइवरों) के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तैयार किया गया प्लेटफॉर्म है। यह देश का पहला सहकारी आधारित राइड-हेलिंग ऐप है जो शून्य कमीशन मॉडल पर संचालित हो रहा है। इस प्लेटफॉर्म पर न तो सारथी से कोई प्लेटफॉर्म फीस ली जाती है और न ही यात्रियों से कोई सुविधा शुल्क वसूला जाता है। इससे सारथी की आय में सीधा और स्थायी लाभ सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी को बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत किया गया है। यह सारथी को केवल सेवा प्रदाता नहीं बल्कि सहकारी संस्था का सदस्य और लाभ का भागीदार बनाता है। प्लेटफॉर्म से होने वाला लाभ निवेशकों को नहीं, बल्कि सीधे सारथियों में वितरित किया जाता है। शाह ने बताया कि वर्तमान में भारत टैक्सी दिल्ली-एनसीआर और गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका में संचालित है। ऐप पर 990,082 पंजीकृत ग्राहक और 3 लाख से अधिक पंजीकृत सारथी हैं, जिन्होंने 2,91,665 राइड पूरी की हैं। सरकार का लक्ष्य 2029 तक चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में इसका विस्तार करना है। उन्होंने बताया कि सारथी की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म पर स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, रिटायरमेंट सेविंग और 24×7 ड्राइवर सपोर्ट सिस्टम की सुविधा दी जा रही है। दिल्ली में सात स्थानों पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां सारथी को प्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि भारत टैक्सी सारथी को किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर काम करने की पूरी स्वतंत्रता भी देता है, जिससे उन पर किसी प्रकार की एक्सक्लूसिव बाध्यता नहीं रहती। साथ ही, आपात स्थिति में त्वरित सहायता और सत्यापित राइड डेटा उपलब्ध कराकर सारथी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। महिला सारथी को आगे लाने के लिए 'बाइक दीदी' जैसी पहल के तहत अब तक 150 से अधिक महिलाएं भारत टैक्सी से जुड़ चुकी हैं, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है।

## रणवीर सिंह को व्हाट्सएप पर धमकी भरा वॉइस नोट मिला, पुलिस सुरक्षा बढ़ी



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई में बॉलीवुड की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर फायरिंग की घटना के कुछ दिनों बाद अभिनेता रणवीर सिंह को व्हाट्सएप पर धमकी भरा वॉइस नोट मिला है। अज्ञात नंबर से आए इस मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने 'हरकतें बंद नहीं कीं' तो उनका हाल भी रोहित शेट्टी जैसा होगा। रणवीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, वॉइस नोट को सुरक्षित रखा और फिलहाल कड़ी सुरक्षा के बीच घर पर ही हैं। सूत्रों के अनुसार, वॉइस नोट में हिंदी-मराठी मिश्रित भाषा का इस्तेमाल हुआ है और आवाज किसी बाहरी व्यक्ति की प्रतीत हो रही है। मामले को गंभीर मानते हुए मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल्स, वॉइस सैंपल और टेक्निकल सर्विलांस के जरिए धमकी देने वाले तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह धमकी रोहित शेट्टी फायरिंग केस से जुड़ी हो सकती है। उस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मुख्य शूटर अभी फरार है और उसके सोशल मीडिया पोस्ट में गैंग का जिक्र सामने आया था। पुलिस को शक है कि रणवीर और रोहित के बीच फिल्मों का पेशेवर जुड़ाव, खासकर एक्शन और गैंगस्टर थीम वाली फिल्मों के कारण, दोनों को एक ही सर्कल से निशाना बनाया गया हो सकता है।

## कैशलेस उपचार के लिए एआईआईए ने किए 32 बीमा कंपनियों के साथ समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में कैशलेस उपचार उपलब्ध होगी। मंगलवार को एआईआईए ने जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी) के साथ साझा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू औपचारिक रूप से प्रो. (वैद्य) पी. के. प्रजापति, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान तथा सेगर संपत कुमार, निदेशक (स्वास्थ्य), जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के मध्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयुष स्वास्थ्य बीमा पर कोर ग्रुप ऑफ एक्सपर्ट्स के अध्यक्ष प्रो. बेजोन कुमार मिश्रा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) महेश व्यास, डीन (पीएच.डी.); प्रो. (डॉ.) आर. के. यादव, डीन (पीजी); डॉ. अलका कपूर, डीएमएस तथा एआईआईए के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य भी थे।

# 'यूथ इन एक्शन' की बड़ी पहल : उद्गम स्थल माधोटांडा से संगम स्थल कैथी तक निकलेगी 'गोमती जीवन यात्रा'

- 'आदि गंगा' की निर्मलता व अविरलता के लिए 'यूथ इन एक्शन' की अभिनव पहल
- 15 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक गोमती किनारे गांव-गांव चलेगा जागरूकता अभियान




**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** गोमती नदी के उद्गम स्थल माधोटांडा से संगम स्थल कैथी तक 'गोमती जीवन यात्रा' निकलेगी। 'आदि गंगा' की निर्मलता एवं अविरलता के लिए 'यूथ इन एक्शन' अभिनव पहल कर रहा है। 15 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक पीलीभीत से गाजीपुर-वाराणसी तक 1,500 किमी की गोमती परिक्रमा की जाएगी। इस दौरान गोमती किनारे पड़ने वाले कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलेगा। यह जानकारी संस्था के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को दी। वह विश्व संवाद केंद्र के विवेकानंद सभागार में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र भदौरिया, संस्था के कोषाध्यक्ष अनिकेत अनि, प्रचार प्रमुख प्रत्यूष श्रीवास्तव एवं व्यवस्था प्रमुख शशांक सूर्यवंशी भी मौजूद रहे। 'यूथ इन एक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी की जीवन-रेखा मानी जाने वाली गोमती के संरक्षण, पुनर्जीवन और सामाजिक चेतना के उद्देश्य से यूथ इन एक्शन 'गोमती जीवन यात्रा' निकाल रहा है। यह यात्रा 15 फरवरी, 2026 को गोमती के उद्गम स्थल माधोटांडा (पीलीभीत) से प्रारंभ होकर 13 मार्च, 2026 को गंगा-गोमती संगम (वाराणसी-गाज़ीपुर) में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि लगभग 1,500 किलोमीटर लंबी यात्रा गोमती नदी के तटवर्ती जिलों से गुजरते हुए समाज, युवाओं, किसानों, बुद्धिजीवियों और प्रशासन को एक साझा मंच पर जोड़ने का प्रयास है। 'यूथ इन एक्शन' के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह ने कहा, 'गोमती केवल एक नदी नहीं है, यह हमारी संस्कृति, खेती, आजीविका और भविष्य से जुड़ी हुई है।

## 50 हजार रुपये की घूस लेते पकड़े गए ऑडिटर की जमानत अर्जी खारिज

एजेंसी, मुरादाबाद।



50 हजार रुपये की घूस लेते पकड़े गए ऑडिटर अनिरुद्ध द्विवेदी की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश (एंटी करप्शन ब्यूरो) जितेंद्र सिंह की अदालत में मंगलवार को जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी। उल्लखेनीय है कि, बरेली की विजिलेंस यूनिट की टीम ने 14 जनवरी की दोपहर रामगंगा विहार स्थित आवास में अनिरुद्ध को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। अनिरुद्ध द्विवेदी ने यह घूस मूंढापांडे ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) अजय कुमार से उनके कार्य क्षेत्र दुपैड़ा, रनियाठेर, जगरामपुरा, लालपुर तीतरी, बीनावाला, हिरनखेड़ा और भीतखेड़ा ग्राम पंचायतों के वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट करने के नाम पर मांगी थी। आरोपित अनिरुद्ध जेल में बंद है। उसने अपने अधिवक्ता के जरिए स्पेशल न्यायाधीश (एंटी करप्शन) की अदालत में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी।

# विद्यार्थी कल्याण के लिए सहपाठी सहयोग प्रणाली पर आयोजित हुआ जागरूकता व्याख्यान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य स्थानों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों को परस्पर समझ एवं संवेदनशीलता से सुलझाया जा सकता है। ये विचार केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ हरियाणा में मनोविज्ञान विभाग के सह आचार्य डॉ. रवि प्रताप पाण्डेय ने व्यक्त किए। 'विद्यार्थी कल्याण हेतु सहपाठी सहयोग प्रणाली' पर आयोजित जागरूकता सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने कहा कि इस समय डिजिटल कार्य-व्यवहार नशे की तरह बढ़ रहा है। लोग देर रात तक जागकर रील देखते रहते हैं, परिणामतः नींद प्रभावित होती है। नींद प्रभावित होने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में करियर की स्पर्धा, कार्याधिक्य, सामाजिक-



पारिवारिक अपेक्षाएँ और अव्यवस्थित जीवन शैली तनाव और अवसाद को जन्म दे रही हैं। इसके लिए समझदार और संवेदनशील तथा परानुभूति रखने वाले सहपाठी और शिक्षक अपने आसपास रहने वाले विद्यार्थियों की समस्याओं को समझकर उस तनाव को समाप्त करने या कम करने का काम कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. बी. पी. सिंह ने इस अवसर पर व्यावसायिक गतिविधि में तनाव-प्रबंधन के गुर बताए। आमंत्रित अतिथि सहित सबका स्वागत भी उनके द्वारा किया गया। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. ममता शर्मा ने विषय की प्रस्तावना स्पष्ट की। उन्होंने तनाव के प्रबंधन में मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं की भूमिका को समझाया। आइक्यूएसी के समन्वयक प्रो. जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण शैक्षिक वातावरण में केवल अकादमिक उत्कृष्टता पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन और भावनात्मक सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ना एक सकारात्मक संकेत है, किंतु उसे व्यवहारिक पहल में बदलना समय की आवश्यकता है। मुख्य नियंता प्रो. अमन चंद्रा ने सहपाठी सहयोग प्रणाली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई बार विद्यार्थी अपनी समस्याएँ शिक्षक या परामर्शदाता से साझा करने में संकोच करते हैं, लेकिन सहपाठी के साथ सहज संवाद स्थापित कर पाते हैं। ऐसे में प्रशिक्षित सहपाठी विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक सहारा बन सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उचित मार्गदर्शन तक पहुँचा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से मानसिक समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछकर समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील रहें, आवश्यकता पड़ने पर संवाद करें और सहयोग को कमजोरी नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति के रूप में देखें।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जय शंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रो. राजीव अग्रवाल, प्रो. श्रीनिवास राव, प्रो. अरविंद शर्मा, डॉ. पूजा यादव, डॉ. ममता शुक्ल, डॉ. वंदना भारतीय, डॉ. राज बहादुर चौधरी, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. अनुपमा आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# मंगलवार को बंद मिली उचित दर विक्रेता धनौली की दुकान




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** फरवरी माह में 9 तारीख से वितरण करने का आदेश हुआ 10 फरवरी को समृद्धि न्यूज़ की टीम के पड़ताल में विकासखंड पंडरीकपालज़ के उचित दर विक्रेता ग्राम धनौली निकहत फातिमा की दुकान बंद मिलने पर आसपास पूछा गया 10:20 हो चुके हैं अभी तक दुकान बंद क्यों है इस पर एक व्यक्ति जिसने अपना नाम इजहार हुसैन बताया कहां शायद उनके यहां शादी ह्रै इसलिए बंद है गांव में जब और लोगों से पूछा गय तो शादी से सब ने इनकार किया तत्पश्चात कुछ ग्रामीणों से जानकारी लिया गया तो लाल कार्ड धारक उपभोक्ताबता ने हमें बताया 35 किलो मिलना चाहिए किंतु कोटेदार 30 किलो ही देते हैं और चीनी की बात की गई तो उन्होंने बताया तीसरे चौथे महीने दो ढाई किलो चीनी देते हैं बदले में 60 वसूल करते हैं तथा हर महीने 60 का सर्फ भी देते हैं जब उनसे पूछा गया जब 30 किलो देते हैं तो उनसे कहा नहीं तो बताया कि कहा लेना हो तो लो और नहीं तो अपने घर जाओ।

# आरती रथ को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

▸ लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय : अक्षय त्रिपाठी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2000 की धारा (ग) के अन्तर्गत जनपद के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा एक/पूर्व प्राथमिक कक्षा में अलाभित समूह/दुर्बल वर्ग के 03 वर्ष से लेकर 07 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय के प्रारम्भिक कक्षा की कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत की सीमा तक निःशुल्क प्रवेश हेतु लक्षित वर्ग में जनजागरूकता जाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर से आरती रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी को निर्देश दिया कि जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए लक्षित वर्ग का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच में आईटी पोर्टल पर ग्रामीण क्षेत्रों के 427 तथा शहरी क्षेत्र के 145 विद्यालय मैप्ड हैं। श्री सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में 2275 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यालयों में 864 उपलब्ध हैं। रिक्त सीटों के सापेक्ष 03 चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में प्रवेश के लिए 02 फरवरी से आवेदन प्रारम्भ हो चुका है। इस अवसर पर जिला समन्वय सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले को पुलिस ने भेजा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मुन्नालाल पाण्डेय निवासी ग्राम सरहरा, थाना इटियाथोक, द्वारा 28. मार्च .2024 को कोतवाली नगर में सूचना दिया कि 18. नवंबर .2023 को अमन पाण्डेय पुत्र राकेश पाण्डेय व अजय पुत्र पारसनाथ द्वारा उसके पुत्र दिव्यराज पाण्डेय को बहला-फुसलाकर गोण्डा लाया गया तथा भारतीय स्टेट बैंक, कोतवाली नगर के सामने उसके ऊपर जोर दबाव डालकर डीजल-पेट्रोल तथा माचिस की तीली से आग लगवा दी। राहगीरों द्वारा आग बुझाकर उपचार हेतु भेजा गया, जहां से लखनऊ रेफर होने के बाद 19. नवंबर 2023 को उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर मे मुकदमा दर्ज कराया गया। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि अजय पांडेय पुत्र पारस नाथ निवासी ग्राम सर हरा थाना इटिया थोक को गिरफ्तार कर के जेल भेजा है ।

# एसपी गोंडा ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरूकता रथ को किया रवाना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आज गोंडा में अपराजिता सामाजिक समिति एवं Just Rights for Children Alliance द्वारा संचालित जागरूकता रथ को पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जनपद में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव, कानूनी प्रावधानों और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बाल विवाह को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसे समाप्त करने में जनसहयोग की अपील की। संस्था की निदेशक किरण बैंस ने इसे सामाजिक



परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया, जबकि कार्यक्रम प्रबंधक अभय पांडे ने इसे बाल अधिकार संरक्षण के लिए अहम कदम बताया। कार्यक्रम में सीओ सदर आनंद राय, थाना एचटी प्रभारी लाल बिहारी, थाना एसजेपीयू प्रभारी प्रियंका मिश्रा, बाल कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन वर्मा, WCSO से उप निरीक्षक प्रतिमा सिंह, उप निरीक्षक गोचरण, महिला आरक्षी स्वाती, अर्चना, नितांशी शुक्ला, मीनू यादव, अमिता पटेल, प्रिया यादव तथा अपराजिता टीम से जिला समन्वयक आत्रेय त्रिपाठी, खंड समन्वयक सिद्धार्थ दुबे, गीता जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बाल अधिकारों से संबंधित सूचना हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या JRC हेल्पलाइन 1800 102 7222 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### शादी का झांसा देकर बनाया संबंध, महिला हुयी गर्भवती पेट में पल रहे बच्चे को भी किया मारने का प्रयास

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली में एक महिला ने तहरीर दिया जिस में उस ने कहा कि अपने परिवारिक मुकदमे की पैरवी करने दीवानी न्यायालय आती जाती थी। उसी दौरान रितेश कुमार मिश्रा पुत्र परमेश्वरी प्रसाद मिश्रा निवासी पठान जोत मनोहर जोत थाना खरगू पुर मिला उस ने कहा कि मेरी भी पत्नी मेरे साथ नहीं रहती है जिस का मुकदमा न्यायालय में तलाक का चल रहा है। उस ने कहा कि हम दोनो शादी करके बतौर पति पत्नी का जीवन व्यतीत कर सकते है । जब दोनों का मुकदमा खत्म हो जायेगा तब हम दोनों शादी कर लेगे। तब तक हम दोनों शारीरिक संबंध बनायेंगे शादी का झांसा देकर विगत तीन वर्षों से संबंध बनाता रहा। जब तारीखी पेशी पर आती तब अपने मित्र के तुम में ले जाता था। उस को 100, 200 रु0 देकर किसी समान को लाने के बाहने बाहर भेज देता था। इस के बाद शारीरिक संबंध बनाता था 23 दिसंबर 2025 को जब पेशी पर आयी तो विपक्षी पुनः जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया जिस मना करने पर अश्लिल वीडियो दिखा कर उसको वायरल करने की धमकी दिया। जिससे साथ पुनः शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर हो गयी इसी दिन से गर्भवती हो गयी। उस के पेट में दो माह का गर्भ है। इस पर जब उसने शादी करने की बात कही तो उस ने अपने माता पिता से बात चीत करने की बात कही। इस के बाद उस के माता पिता व परिवार वालो से बातचीत किया तो उन्होंने शादी करने की बात व कही इस पर बराबर बातचीत करते हुए गुमराह करते रहे । कई बार उस के घर गयी और शादी करने की बात कही इस पर उस ने सोचा कि भविष्य में बिना किसी फिक्र के शादी हो जायेगी। उस पर उस ने मुझे धोखे से जहरीली दवा जबरन खिलाने का प्रयास किया। दवा को उसने अपने पर्स में लेकर रख लिया। उस ने शादी करने से इनकार कर दिया। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर पर रितेश कुमार मिश्रा के खिलाफ में मुकदमा लिखा गया है।

### लाखों रुपये खर्च, फिर भी अधूरा पड़ा कूड़ाघर

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** लाखों रुपए खर्च, फिर भी अधूरा पड़ा कूड़ाघर ग्रामीणों में रोष। विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम पंचायत हसऊपुर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से बनाए जा रहे कूड़ाघर का निर्माण महीनों बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। इस योजना पर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ठोस प्रबंधन न होने से स्थानीय लोग नाराज़ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कूड़ाघर का निर्माण शुरू तो कर दिया गया, लेकिन दीवारें, शेड, फर्श और गेट जैसी जरूरी संरचनाएं अधूरी छोड़ी गई हैं। हालात यह हैं कि कूड़ाघर का उपयोग न होने से गांव में जगह-जगह कचरा फैल रहा है, जिससे दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। सरजु प्रसाद के अनुसार निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिया गया और कई बार शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने और गांव में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत हसऊपुर के लोगों का कहना है कि यदि कूड़ाघर समय से तैयार हो जाता, तो गांव की गंदगी और बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो सकता था। फिलहाल अधूरे निर्माण ने योजना की गुणवत्ता और कार्यशैली दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अशोक जायसवाल, लालमनि जायसवाल, अमरिका निषाद, राम नेवास मौर्य ,बड़क ऊ निषाद, कुंवर बहादुर व राजू ने कुड़ा घर निर्माण कराने कि मांग उच्चाधिकारियों से कि है। खण्ड विकास अधिकारी विमला चौधरी ने बताया कि कुड़ा दान क्यो नहीं पुरा कराया ग्राम प्रधान व सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा।

### मद्दोघाट-देवरिया मार्ग पर पिपरी गांव के पास पुल की रेलिंग टूटी, अंधा मोड़ होने से हादसे की आशंका

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** मद्दोघाट से देवरिया को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पिपरी गांव के पास बने पुल की रेलिंग टूट जाने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। यह पुल अंधा मोड़ पर स्थित है, जिससे रात के समय या तेज रफ्तार में आने-जाने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोग बिजय, अंसार, विवेक, संजय, सुधाकर, मनोज आदि का कहना है कि पुल की रेलिंग काफी समय से टूटी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग द्वारा कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। खासकर दोपहिया वाहन, साइकिल सवार और पैदल राहगीर इस मार्ग से गुजरते समय भय के साए में रहते हैं। बरसात के मौसम में सड़क फिसलन भरी होने पर खतरा और अधिक बढ़ जाता है। ग्रामीण भानुप्रताप, नंदकिशोर, राधेश्याम, श्यामजी,प्रदीप आदि ने बताया कि इस मार्ग से रोजाना स्कूल बसें, ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहन भी गुजरते हैं। अंधा मोड़ होने के कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# जरवल की शिक्षिका का राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए चयन

▸ राजस्थान के उदयपुर में सीखी कठपुतली कला



**जरवल, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिक्षा और संस्कृति के संगम की दिशा में जरवल ब्लॉक ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। संविलियन विद्यालय रेती हाता जरवल में कार्यरत सीमा मौर्या का चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) द्वारा आयोजित 05 दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय रिफ्रेशर कोर्स के लिए किया गया है, जो राजस्थान के ऐतिहासिक शहर उदयपुर में 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण 'द हेरिटेज ऑफ क्रिएटिव पपेट्री (Puppetry for Education)' विषय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा को कठपुतली कला के माध्यम से अधिक रोचक, प्रभावशाली और बाल-मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उपयोगी बनाना है।डायट पयागपुर द्वारा जारी सूची के अनुसार जनपद से चयनित शिक्षकों में जरवल क्षेत्र की शिक्षिका सीमा मौर्या का नाम प्रमुखता से शामिल है, जो पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। पाँच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षकों को कठपुतली निर्माण एवं संचालन, कहानी वाचन की कला, पॉटरी आर्ट, पेपरमेशी और टाई-एंड-डाई जैसी सृजनात्मक विधाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही भारतीय सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से कुम्भलगढ़ किले का भ्रमण एवं हेरिटेज वॉक भी कार्यक्रम में शामिल है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागी शिक्षक अपने द्वारा तैयार की गई कठपुतलियों एवं पाठ योजनाओं की प्रदर्शनी लगाएंगे और विशेषज्ञों से फीडबैक प्राप्त करेंगे। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (ठीआईईटी) पयागपुर द्वारा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि चयनित शिक्षकों को समय से कार्यमुक्त किया जाए। प्रशिक्षण के सफल समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण उपरांत सीमा मौर्या इस नवाचार को अपने विद्यालय सहित जरवल क्षेत्र के अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों तक पहुंचाएंगी, जिससे जरवल के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया अधिक जीवंत, रचनात्मक और प्रभावी होगी और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कला व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। हिमानी पोरवालः संविलियन विद्यालय बेहड़, तजवापुर भी शामिल हुई।

# पुलिस वाहन ने लोगों को रौंदा हादसे में मासूम की मौत

## चार लोग हादसे में घायल, अस्पताल में भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित भगवानपुर चौराहे पर मंगलवार दोपहर एक पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों पर चढ़ गया। इस हादसे में सात वर्षीय एक मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौराहे पर हुई। हरदी थाने का एक पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों से टकरा गया। हादसे में परी (30 वर्ष), सुनीता देवी, ज्ञान देवी और शन्नो गंभीर रूप से घायल हो गईं। सात वर्षीय मासूम कुसुम को भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मासूम कुसुम को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला ज्ञानदेवी ने बताया कि वे सभी अपने मामा के यहां आयोजित बरही कार्यक्रम में गए थे। वापस लौटते समय वे चौराहे के पास खड़े थे, तभी पुलिस की गाड़ी उन पर चढ़ गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि उन्हें पुलिस की गाड़ी से हुए इस हादसे की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज में विदाई समारोह नम आंखों से छात्रों ने ली नई उड़ान की राह



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के उतरौला बाजार स्थित टाइनी टाट्स इंटर कॉलेज में कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं के लिए भावपूर्ण फेयरवेल पार्टी का आयोजन मन मंदिर टॉकीज के समीप विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की संरक्षिका जहां आरा, डायरेक्टर सैफ अली तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का बैच अलंकरण कर सम्मान व्यक्त किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गीत, नृत्य, हास्य प्रस्तुति और भावनात्मक वक्तव्यों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई छात्र-छात्राएं अपने विद्यालय जीवन की यादें साझा करते हुए भावुक नजर आए, वहीं जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियरों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से सभी विदा ले रहे छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिह्न एवं उपहार प्रदान किए गए। इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यालय परिवार ने एक साथ बैठकर भोजन कर आत्मीयता का परिचय दिया। डायरेक्टर सैफ अली ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का स्थान है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि लक्ष्य बड़ा रखें और निरंतर प्रयास करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन यही अंत नहीं बल्कि नई शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बनाए रखने और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। अध्यापिका फातमा ने कहा कि विद्यार्थी जहां भी जाएं, अपने संस्कार और विद्यालय का नाम रोशन करें तथा सदैव सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखें। वहीं अध्यापक राशिद हुसैन ने कहा कि कठिन परिश्रम और धैर्य से हर सपना पूरा किया जा सकता है, इसलिए असफलता से घबराए बिना आगे बढ़ते रहना चाहिए।

अंत में विद्यालय की संरक्षिका जहां आरा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं बल्कि एक अच्छा इंसान बनना है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

▸ स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता अभियान' के तहत गाँव में निकाली जागरूकता रैली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया में राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवसीय विशेष शिविर शुरू जहान चक एवं बंगला चक में शिवरार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'स्वच्छ और विकसित भारत' के विषय पर आयोजित विशेष शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर का विश्राम स्थल उच्च प्राथमिक विद्यालय जहान चक है यह शिविर दिनांक 10.02.2026 से 16.02.2026 तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव प्रबंध समिति अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव प्रबंधक, डॉ मुरारी लाल श्रीवास्तव एवं प्रो दिव्य दर्शन तिवारी प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को समाज सेवा, और अपने कर्त्तव्य के महत्व के बारे में बताया और निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित किया। शिविर के प्रथम दिन, स्वयंसेवकों



ने 'स्वच्छता अभियान' के तहत गाँव में एक जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद, परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। प्रथम कार्यक्रमाधिकारी डॉ मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और डिजिटल साक्षरता जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने स्वयंसेवकों को मतदान करने पर जोर दिया तथा स्वयंसेवकों स्वअनुशासन में रहकर सप्त दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा। अंत में द्वितीय कार्यक्रमाधिकारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रीति श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्रो दयाराम यादव, डॉ मिथलेश कुमार चौधरी, डॉ पवन कुमार वर्मा, ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, नंदन श्रीवास्तव, सविता सिंह, अरुणिमा कपूर, डेविड पांडेय, उमेश कुमार वर्मा, सुबी खान, रिकेश्वर विश्वकर्मा, शिवम टंडन, रविंद्र श्रीवास्तव,आशीष श्रीवास्तव सहित शिविरार्थी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# उप जिलाधिकारी नानपारा ने थानाध्यक्षों के साथ की बैठक



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आसन्न पर्वों एवं त्योहारों तथा तहसील क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के दृष्टिगत तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें। त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहाँ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त एवं सतर्क निगरानी के साथ-साथ शांति समिति की बैठकों का नियमित आयोजन कर समाज के प्रबुद्धजनों, संभ्रांत लोगो से समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधि को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सके। एसडीएम ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाय।उच्चाधिकारियों को समय से वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। अवैध गतिविधियों, अराजकतत्वों एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शराब, अवैध शस्त्रों एवं जुए-सट्टे जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जाए।

पूर्व में चिन्हित उपद्रवी, हिस्ट्रीशीटर एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

पर्वो एवं त्यौहारों के दौरान शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन सुनिश्चित कराया जाय।

# टेंट खोल रहे मजदूर को लगा करंट, सिर व चेहरा झुलसा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के हरदी इलाके में टेंट खोल रहे एक श्रमिक को करंट लग गया। इस घटना में श्रमिक का सिर और चेहरा झुलस गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के धरसवा गांव निवासी शराफत नामक युवक टेंट लगाने का काम करता है। सोमवार को वह हरदी इलाके के रमपुरवा में एक मांगलिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सीढ़ी लगाकर टेंट के पाइप खोल रहा था।

इसी दौरान उसका सिर ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह झटके के साथ नीचे गिर गया और उसका चेहरा व सिर झुलस गया।

# बजट सत्र : दूसरे दिन शोक प्रस्ताव, कार्यवाही स्थगित

▸ मुख्यमंत्री समेत सभी दलों के नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना



**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में शोक प्रस्ताव पास हुआ। आज मंगलवार को दूसरे दिन भाजपा विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल व सपा विधायक विजय सिंह गौड़ के निधन पर शोक प्रस्ताव पास हुआ। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही कल 11 बजे तक स्थगित कर दी है। मुख्यमंत्री योगी समेत सभी दल के नेताओं ने अपने विचार रखे। प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी को हुआ था। बरेली की फरीदपुर सीट से दूसरी बार निर्वाचित हुए थे। वह मिलनसार, शिक्षित और जमीन से जुड़े नेता थे। समाज के सभी तबके के विकास के लिए समर्पित रहे। अपने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं बढ़ावाएं। इतिहास संकलन समिति बरेली और जेएनयू की कार्यसमिति के सदस्य थे। उनके निधन से कुशल नेता खो दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के एमएलए विजय सिंह गौड़ का निधन 8 जनवरी को हुआ था। वे वरिष्ठ सदस्य थे।आठवीं बार निर्वाचित हुए थे। विधानसभा की अनेक समितियों के सदस्य थे। जनजातीय समाज की सशक्त आवाज थे। जनता के और समाज के जन जंगल और जमीन के अधिकार को सदैव प्राथमिकता दी। आदिवासी विकास परिषद के भी सदस्य थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने भी दुख जताते हुए कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल जी चले गए। जब मनुष्य आता है तब ही तय हो जाता है कि जाना है।

सामयिक मृत्य तब होती है जब व्यक्ति अपना पूरा काम करके जाता है जबकि असामयिक मृत्य तब होती है जब वह अधूरा काम छोड़ जाता है। इनके जाने से विधासभा उनकी जानकारी और ज्ञान से वंचित रह गई है।

### दोनों की आत्माओं को शांति व शोकाकुल परिवारों को दीं संवेदनाएं

विजय सिंह गौड़ हमारे साथ 1980 में चुनकर आए थे। राजनीतिक चमक दमक से दूर रहते थे। जब पांच बार के विधायकों को सम्मानित किया जा रहा था तब उन्होंने इसे गैरजरूरी बताते हुए उसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। अपना दल एस के राम निवास वर्मा ने कहा कि इतिहास के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा। लगातार दो बार वह फरीदपुर से निर्वाचित हुए। उनके निधन से हुई रिक्ति की भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। विजय सिंह गौड़ के निधन पर संवेदनाएं भारी मन से व्यक्त करता हूं। उन्होंने जनसेवा के लिए स्वयं को समर्पित किया। विशेष रूप से आदिवासी समाज के विकास के लिए प्रयत्नशील रहे। राजनीति को उन्होंने सेवा का माध्यम बनाया। शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना।आरएलडी के राजपाल सिंह बालियान ने कहा कि श्याम बिहारी लाल का असामयिक निधन बेहद दुखद है। उनके निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिक और समाजसेवी खो दिया। आत्मा की शांति की कामना और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना है।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी तेज: निजीकरण के विरोध में कल देश भर में विद्युत कर्मियों का हड़ताल

**समृद्धि न्यूज**




**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच तथा संयुक्त किसान मोर्चा ने बिजली क्षेत्र के निजीकरण, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 और श्रम संहिताओं के विरोध में 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियाँ तेज कर दी हैं। देशभर के प्रमुख मजदूर संगठनों के समर्थन से पिछले 440 दिनों से संघर्षरत प्रदेश के बिजली कर्मियों में उत्साह और जोश बढ़ा है। संयुक्त मंच में इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एआईयूटीयूसी, सीसीटीयू, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ तथा यूटीयूसी शामिल हैं। संघर्ष समिति ने बताया कि बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति (नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स) ने भी केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल, उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में तथा पुरानी पेंशन बहाली हेतु 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

आंदोलन को सफल बनाने के लिए आज प्रदेश के सभी जनपदों एवं परियोजनाओं में बिजली कर्मियों द्वारा व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आंदोलन की सफलता की रणनीति भी तय की।

## खबरें एक नजर में

### सेवा-सद्भावना दिवस के रूप में मनाई जाएगी चौ. अजित सिंह की जयंती

**एजेंसी, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं किसानों के प्रेरणा स्रोत रहे चौधरी अजित सिंह की 12 फरवरी को जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर को राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश सेवा-सद्भावना दिवस के रूप में मनायेगा।रालोद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी अजित सिंहने उद्योग मंत्री एवं कृषि मंत्री रहते हुए आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों एवं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया और उल्लेखनीय कार्य किए।डॉ. राय ने कहा कि सेवा-सद्भावना दिवस के माध्यम से राष्ट्रीय लोकदल अजित सिंह के विचारों, सिद्धांतों और किसानों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

### शिया महाविद्यालय में शियाड स्पोर्ट्स फेस्ट-2026 का आगाज

**एजेंसी, लखनऊ।** शिया महाविद्यालय, लखनऊ में आज दो दिवसीय 'शियाड स्पोर्ट्स फेस्ट-2026' का शुभारम्भ राज्यमंत्री हज एवं वक्फ दानिश आजाद अंसारी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। सेक्रेटरी मजलिस-ए-उलेमा मौलाना यासूब अब्बास ने माननीय मंत्री जी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार खेलो इण्डिया के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के अन्दर खेलों को प्रेरित कर प्रतिभा निखारने का काम कर रहा है। ठीक उसी प्रकार महाविद्यालय भी हर वर्ष शियाड खेल महोत्सव का आयोजन करता आया है, जिसके माध्यम से महाविद्यालय स्तर से लेकर प्रदेश एवं देश स्तर तक प्रतिभाओं ने अपना लोहा मनवाया है। मौलाना यासूब अब्बास, सेक्रेटरी मजलिस-ए-उलेमा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल छात्रों को संयमित, परिश्रमी व सुशाषित करते है। उन्होंने बताया कि शियाड खेल महोत्सव का आयोजन सन् 1983 से किया जा रहा है जिसके माध्यम से महाविद्यालय की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। अध्यक्ष प्रबन्ध-समिति प्रो0 अजीज हैदर ने कहा कि आज शिया कॉलेज उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में सफलता के झंडे गाड़ रहा है। महाविद्यालय के छात्र अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से महाविद्यालय को गौरवान्वित कर चुके हैं। विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद डॉ0 कुँवर जय सिंह ने प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व सेक्रेटरी मजलिस-ए-उलेमा को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन क्रिकेट, कैरम व बैडमिन्टन का आयोजन किया गया जिसमें क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत शिया रेड व शिया ब्लू के बीच निर्णायक मैच खेला गया। शिया ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में रिजवान अली की 51 गेदों पर 121 रनों की शतकीय पारी से शिया ब्लू ने 212 रन बनाये। शिया रेड की तरफ से नैतिक कुमार ने चार ओवरों में 42 रन देकर 3 विकेट हासिल किये, जिसके जवाबी पारी में शिया रेड मात्र 204 रन ही बना सकी। शिया रेड की तरफ से आकाश यादव व नैतिक कुमार ने अर्धशतकीय पारी खेली परन्तु अपनी टीम को जीत नही दिला सके। बैडमिन्टन प्रतियोगिता के एकल पुरूष मुकाबले में मुर्तजा हुसैन प्रथम एवं सै0 बाकर अब्बास रिजवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डबल ब्वायज में मुर्तजा हुसैन और नीलेश की जोड़ी प्रथम रही एवं सै0 बाकर अब्बास रिजवी एवं प्रान्शू ओझा की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। कैरम प्रतियोगिता के सिंगल ब्वायज में अरशान हैदर प्रथम एवं किरदार रजा द्वितीय स्थान पर रहे वहीं डबल्स ब्वायज में मो0 शहनवाज और हरिओम यादव की जोड़ी ने मोहम्मद अहरार और अब्दुल उमर की जोड़ी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 बी0 बी0 श्रीवास्तव ने किया, क्रिकेट मैच की कमेंट्री सै0 अब्बास इमाम द्वारा की गई। इस मौके पर सदस्य प्रबन्ध समिति प्रो0 एस0एस0एच0 तकवी एवं प्रो0 सरवत तकी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सै0 शबीहे रजा बाकरी, सम्पत्ति अधिकारी डॉ0 एम0एम0 एजाज अब्बास, चेयरमैन आई0क्यू0ए0सी0 प्रो0 एम0एम0 अबु तैय्यब, मुख्य कुलानुशासक, प्रो0 सै0 मेंहदी अब्बास जैदी, निदेशक एससीडीआरसी डॉ0 प्रदीप शर्मा,, प्रो0 सादिक हुसैन आबदी, प्रो0 एम0के0 शुक्ला, प्रो0 टी0एस0 नकवी, प्रो0 आगा परवेज मसीह, प्रो0 जरीन जेहरा रिजवी, प्रो0 शबी रजा, प्रो0 मिर्जा सिब्तैन बेग, प्रो0 फौजिया बानो, डॉ0 अर्चना सिंह, डॉ0 नगीना बानो, डॉ0 सीमा राना, डॉ0 मोहसिन रजा, डॉ0 तनवीर हसन, डॉ0 कीर्ति प्रकाश तिवारी, डॉ0 अरमान तकवी, डॉ0 वहीद आलम, डॉ0 सै0 अली मेंहदी, डॉ0 नुजहत हुसैन, डॉ0 अमित कुमार राय, डॉ0 नूरीन जैदी, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार, डॉ0 उग्रसेन वर्मा, डॉ0 असद मिर्जा, डॉ0 अमान अंजुम, एन.सी.सी व एन.एस.एस के कार्यक्रम अधिकारी सहित शिक्षक, कर्मचारियों के साथ-साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# विधान परिषद में गूंजा भर्ती में आरक्षण का मुद्दा

▸ पिछड़े और अनुसूचित वर्ग के साथ नहीं होने देगें अन्याय : केशव



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** विधानपरिषद में आज विपक्षी सदस्यों ने भर्ती में आरक्षण का मुद्दा उठाया।विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर आरक्षण में धांधली का आरोप लगाया। विपक्ष के प्रश्न का उत्तर देते हुए नेता सदन विधानपरिषद और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने साफ कहा, सरकार अन्याय नहीं होने देगी।आज विधान परिषद में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उप मुख्यमंत्री एवं नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने सरकारी भर्तियों में आरक्षण के विषय पर सरकार का पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और आरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया है। श्री मौर्य ने सदन को अवगत कराया कि प्रदेश के समस्त विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जा चुके हैं, जिनमें सभी भर्तियों में आरक्षण संबंधी नियमों का शत-प्रतिशत पालन के निर्देश जारी किये गये हैं। किसी भी स्तर पर नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि किसी भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश सरकार पारदर्शी, निष्पक्ष और नियम सम्मत भर्ती प्रणाली के माध्यम से युवाओं को समान अवसर देने के लिए संकल्पित है। श्री मौर्य ने विपक्ष, विशेषकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज आरक्षण के नाम पर घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं, उनके शासनकाल में पिछड़ों और दलितों का हक छीनकर केवल एक खास वर्ग और परिवार को लाभ पहुँचाया जाता था।उन्होंने कहा,विपक्ष का इतिहास नियुक्तियों में धांधली, भ्रष्टाचार से भरा रहा है, जहाँ योग्यता और सामाजिक न्याय को दरकिनार कर श्पर्ची-खर्चीश् का बोलबाला था। वर्तमान सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक आरक्षण के प्रावधानों का अक्षरशरू पालन कर रही है।ष्विपक्ष हार की हताशा में युवाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। जनता उनके श्आरक्षण विरोधीश् चेहरे को पहचान चुकी है।

हम पिछड़ों और दलितों के हक के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके अधिकारों पर कोई आंच नहीं आने देंगे।ष्उन्होंने कहा, सरकार हर स्तर पर निगरानी रख रही है ताकि भर्ती प्रक्रियाएं संविधान और कानून के अनुरूप निष्पक्षता के साथ संपन्न हों।

# सहारा शहर की जगह बनेगी यूपी असेम्बली बिल्डिंग

▸ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुरू कर दी तैयारी

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ में गोमती नगर के विपुल खंड में स्थित सहारा इंडिया की पूर्व जमीन पर नए विधानसभा भवन और सचिवालय परिसर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस परियोजना के लिए एक कंसल्टेंसी कंपनी को नियुक्त कर लिया है, जो जमीन का तकनीकी सर्वे, फिजिबिलिटी स्टडी करेगी। प्रक्रिया सहारा इंडिया की लीज रद्द होने के बाद तेज हुई है।अब जमीन शासन के पूर्ण नियंत्रण में है।पिछले कुछ महीनों में, एलडीए ने सहारा शहर की करीब 245 एकड़ जमीन की पैमाइश और सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है।एलडीए ने कंसल्टेंसी कंपनी को दो महीनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश है, जिसमें जमीन की सटीक सीमाएं, मौजूदा भौतिक स्थिति, वर्तमान उपयोग, निर्माण की संभावनाएं और संभावित चुनौतियों का आकलन शामिल होगा। रिपोर्ट एलडीए के माध्यम से शासन को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर अंतिम फैसला लिया जाएगा कि परिसर किस स्वरूप में विकसित किया जाएगा। यह जमीन मूल रूप से नगर निगम और एलडीए की थी, जिसे सहारा इंडिया को लीज पर दी गई थी। इस जमीन को नए विधान भवन के लिए उपयोग में लाने की योजना है, जो राज्य की विधायी जरूरतों को पूरा करेगी। विभागों का समन्वय और आगे की योजना परियोजना की जिम्मेदारी आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, जबकि लोक निर्माण विभाग को विशेष कार्य इकाई के रूप में निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर काम करने का दायित्व सौंपा गया है।

# योगी सरकार में तीन गुना बढ़ी दिव्यांग पेंशन, कोई पात्र वंचित नहीं

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने विधानपरिषद में पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग की योजनाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त प्रणाली के तहत संचालित की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड शिक्षक के नौ रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु अध्याचन दिनांक 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के सापेक्ष अध्याचन दिनांक 12 दिसंबर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को प्रेषित किए जा चुके हैं, जिन पर वर्तमान में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ अथवा कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना अनिवार्य है। भविष्य में किसी अधिकारी द्वारा ऐसा न किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ सदस्य को न केवल वितरण कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया बल्कि उत्तर प्रदेश सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भी सम्मानपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित की गई है। भारत सरकार द्वारा संचालित स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड निर्गत किए जाते हैं।आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान एवं दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिद्धार्थनगर में 14,356 पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिया गया है कुष्ठावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत सिद्धार्थनगर में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 153 लाभार्थियों को पेंशन प्रदान की गई है, जबकि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत 321 पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। 31 दिसंबर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। पेंशन पात्रता की शर्तों को स्पष्ट करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश का मूल निवासी दिव्यांगजन, जिसकी दिव्यांगता न्यूनतम 40 प्रतिशत हो, जिसकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये एवं शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये से अधिक न हो तथा जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ न ले रहा हो, वह दिव्यांग पेंशन का पात्र है।

**यूडीआईडी कार्ड से लेकर पेंशन तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन**

# यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में सड़क पर उतरीं डॉ. पल्लवी पटेल

▸ अपना दल कमेरावादी के साथ सामाजिक, छात्र युवा संगठनों ने निकाला मार्च



**एजेंसी, लखनऊ।** अपना दल कमेरावादी और विभिन्न सामाजिक, छात्र-युवा संगठनों के द्वारा यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर विशाल मार्च निकाला गया। मंगलवार को मध्याह्न 12 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय के पास स्थित आईटी चौराहे पर प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से आए प्रदर्शनकारियों ने सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल के नेतृत्व में आन्दोलन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 लागू करो, हम सबका है ऐलान, सबको शिक्षा सबको मानष, ष्शिक्षण संस्थानों में वंचितों का उत्पीड़न बंद करो आदि नारे लगाते हुए हाथों में तख्तियां और राष्ट्रध्वज लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। अपना दल कमेरावादी की शीर्ष नेता व सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि जाति लिंग धर्म या अक्षमता के आधार पर उच्च शिक्षण संस्थानों में हो रहे भेदभाव एवं उत्पीड़न की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के मुताबिक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनिमय 2026 लाया गया। जिसे तथ्यों और तर्कों के आधार पर समझने की बजाय कुतर्कों के आधार प्रायोजित विरोध की आड़ में न्यायिक प्रक्रिया में ले जाकर फंसा दिया गया, एक अस्थाई स्थगन के आधार पर विश्वविद्यालयों में समता स्थापित करने वाले विनिमय 2026 को न्यायालय में लंबित कर दिया गया। फूट डालो और राज करो की नीति पर चलने वाली भाजपा सरकार की नियत कभी भी इस देश के वंचित एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यकों के प्रति ठीक नहीं रही है। अगड़ा और पिछड़ा के बीच में खाई को और चौड़ा करने तथा जनता की बुनियादी कमाई दवाई एवं पढ़ाई जैसे सवालों पर सरकारों की विफलता से ध्यान हटाने के दोहरी लाभ की साजिशों के तहत यह सब

# दुधवा नेशनल पार्क सुविधाओं, डिजिटलीकरण और संस्कृति के संगम का बनेगा केंद्र

▸ दुधवा के व्याख्या केंद्र को आधुनिक बनाने की योजना

**एजेंसी, लखनऊ।** दुधवा के सफारी सीजन-2026 पर खास फोकस करते हुए पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप पर्यटन विभाग ने इको-टूरिज्म परियोजनाओं पर काम तेज कर दिया है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्राज्य की समृद्ध दुधवा बेल्ट पर खास ध्यान देते हुए दुधवा टाइगर रिजर्व के व्याख्या केंद्र को बेहतर व आधुनिक बनाने के लिए अहम परियोजना पर कार्य किया जाएगा। कैंप कार्यालय की मरम्मत की जाएगी और नया, आकर्षक रिसेप्शन ब्लॉक तैयार होगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस इंटरप्रिटेशन सेंटर, 3-डी म्यूरल और आर्ट पेंटिंग, कैंटीन, मीटिंग हॉल, लाइब्रेरी और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।श् श्परियोजना अंतर्गत पार्क में लगी पशु आकृतियों का नवीनीकरण, पर्यटकों के बैठने के लिए गार्डन बेंच, साफ-सफाई के लिए डस्टबिन और बेहतर मार्गदर्शन के लिए साइनेज भी शामिल हैं। दीवारों पर जंगल और वन्य जीवों को दर्शाने वाली 3-डी चित्रकारी और पेंटिंग्स की जाएंगी, जिससे पर्यटकों को दुधवा की जैव विविधता और वन्य जीवन के बारे में आसानी से जानकारी मिल सके। श्दुधवा नेशनल पार्क को पर्यटन के लिहाज से और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए साइनेज, आवास और डिजिटल सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पलिया और दुधवा की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों पर आधुनिक और आकर्षक साइनेज लगाए जाएंगे। श्वर्तमान समय की मांग और वेलनेस टूरिज्म को इको क्षेत्र से जोड़ते हुए नेचर के बीच योग और मेडिटेशन स्पेस भी विकसित किए जाएंगे। क्षेत्र में होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे सुविधाओं के विस्तार को भी गति मिलेगी। अब तक 23 होम स्टे, 2 रिसॉर्ट और 5 होटलों का पंजीकरण किया जा चुका है।

पर्यटन को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन जानकारी और बुकिंग व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

# मानक पूरे नहीं तो आयुष्मान पैनल से बाहर होगा अस्पताल

**एजेंसी, लखनऊ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजनाअंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों में से सात सौ पर कारवाई हो सकती है। इन अस्पतालों ने निर्धारित 31 जनवरी तक हास्पिटल इम्पैनलमेंट माड्यूल-हेम 2.0 के निर्धारित 35 मानकों को पूरा नहीं किया है।इन अस्पतालों को 15 फरवरी तक औपचारिकता पूरी करनी होगी अन्यथा पैनल से हटाया जाएगा।नेशनल हेल्थ अथारटी और स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से अस्पतालों को ई-मेल, पत्र, फोन एवं वर्चुअल मीटिंग के जरिए सूचित किया गया था।

## स्वदेश दर्शन 2.0 से बदलेगी बुंदेलखंड की सूरत

# आल्हा-उदल की धरती महोबा बनेगा नया टूरिज्म हब

▸ 24.98 करोड़ रुपए की लागत से महोबा में पर्यटन क्रांति

▸ 28 लाख पर्यटकों ने बढ़ाया महोबा का मान-जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत चंदेलों की सांस्कृतिक राजधानी महोबा में पर्यटन विकास के काम तेजी से किए जा रहे हैं। आल्हा और उदल की वीर गाथाओं से जुड़ी यह ऐतिहासिक धरती अब कल्चरल और एजुकेशनल टूरिज्म हब के रूप में विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप, अयोध्या, काशी और मथुरा में सफल पर्यटन विकास के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस बुंदेलखंड क्षेत्र पर है, ताकि इसकी ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत को फिर से सशक्त किया जा सके। बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित महोबा अपनी समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है, जिसे महान योद्धाओं आल्हा और उदल की बहादुरी और बलिदान ने विशेष पहचान दी है, जिससे यह जिला राज्य के सबसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण जिलों में शामिल है।केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के निर्देश पर स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत महोबा में 24.98 करोड़ रुपए की लागत से इंटीग्रेटेड टूरिज्म डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत कुल राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, बांदा को जारी किया गया है। इस पहल का उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के माध्यम से पर्यटन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है, जिसमें सन इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण, त्रिकोणीय गार्डन का विकास, प्रवेश द्वार का निर्माण और साइनेज की व्यवस्था शामिल है। इस पूरे प्रोजेक्ट को वर्ष 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह भारत की सभ्यता और इतिहास का जीवंत हिस्सा है और आल्हा-उदल जैसे महान योद्धाओं की कुर्बानियों की धरती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वदेश दर्शन 2.0 जैसी योजनाएं महोबा की ऐतिहासिक विरासत को नया जीवन दे रही हैं और पर्यटन सुविधाओं को मजबूत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में महोबा में लगभग 28 लाख पर्यटक पहुंचे, जो इस जिले की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। प्रोजेक्ट का मुख्य आकर्षण सन इंटरप्रिटेशन सेंटर है, जिसे 4,210 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है। यह सेंटर भारतीय परंपरा में सूर्य से जुड़े वैज्ञानिक महत्व और सांस्कृतिक कथाओं को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत करेगा। सेंटर की छत का डिजाइन दिन के आठ प्रहरों- उषा, पूर्वान्ह, मध्यान्ह, अपराह्न, सायंकाल, प्रदोष, निशीथ और त्रियामा का प्रतीक होगा। इस परिसर में विशेष रूप से डिजाइन की गई सनडायल सूर्यघड़ी लगाई जाएगी, जो सूरज की पहली किरणों के आधार पर समय बताएगी। केंद्र में सोलर पैनल, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ग्रास पेवर्स और इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम जैसी इको-फ्रेंडली सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे हरित और सस्टेनेबल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सन इंटरप्रिटेशन सेंटर में इंटरैक्टिव गैलरियों की एक श्रृंखला तैयार की जाएगी। जिसमें एक गैलरी भारतीय और पश्चिमी धार्मिक मान्यताओं को जोड़ते हुए सूर्य और प्राचीन ग्रीक देवता हेलिओस की कहानी को दीवारों पर बनी चित्रकारी और मूर्तियों के माध्यम से प्रस्तुत करेगी।

# जेंडर ट्रांस्फरमेटिव शिक्षा के माध्यम से ही आएगा शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक बदलाव, यूटीजीएनए के गठन में हुई चर्चा

**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य में बालिका शिक्षा को अधिक समान, गुणवत्तापूर्ण और परिवर्तनकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उत्तर प्रदेश ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ गर्ल एजुकेशन एलायंस नेटवर्क (यूटीजीएनए) का औपचारिक शुभारंभ मंगलवार को लखनऊ में किया गया। यह नेटवर्क राज्य में बालिका शिक्षा पर कार्यरत नागरिक समाज संगठनों का एक सहयोगी मंच है, जो जेंडर ट्रांसफोरमेटिव एजुकेशन के माध्यम से शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक और प्रणालीगत बदलाव लाने के उद्देश्य से गठित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए स्वतालीम फाउंडेशन के सह संस्थापक वैभव कुमार ने यूटीजीएनए की यात्रा बताते हुए सभी संस्थानों के मंच पर आने को एक सुनहरा अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थानों के सामूहिक प्रयास से सरकार द्वारा करे जा रहे किशोरियों की शिक्षा और लैंगिक समानता के प्रयासों को बल मिलेगा और बदलाव की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल साबित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पवन सचान, संयुक्त निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा में वास्तविक बदलाव केवल नामांकन तक सीमित नहीं रह सकता है और इसके लिए यूटीजीएनए जैसे समूहों को आगे आ कर साथ मिल कर कार्य करने की जरूरत है। डॉ. पवन सचान के अनुसार बालिका शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब पाठ्यक्रम, शिक्षण प्रक्रिया और सामाजिक सोचकृतीनों में समानांतर बदलाव हो।उन्होंने यह भी कहा कि जेंडर ट्रांस्फरमेटिव शिक्षा के माध्यम से ही शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक आएगा। इस अवसर पर 'जेंडर ट्रांसफोरमेटिव शिक्षा में सिद्धांत से व्यवहार' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन हुआ,जिसमें उत्तर प्रदेश में शिक्षा के माध्यम से एक लैंगिक समान प्रदेश की परिकल्पना को लेकर चर्चा की गयी, इसमें वैश्विक उदाहरणों और शोध से निकाली गयी प्रणालियों को लेकर, उत्तर प्रदेश के परिपेक्ष्य में कैसे उतारा जा सकता है और कैसे सामूहिक प्रयास से लैंगिक विषमता को जड़ से समाप्त किया जा सकता है इस पर भी चर्चा हुई।

## खबरें एक नजर में

### नवागत उपायुक्त उद्योग संजय ने संभाला कार्यभार, अनुराग यादव का रामपुर हुआ ट्रांसफर



**शाहजहांपुर।** शासन के निर्देश पर जिला उद्योग में तैनात अनुराग यादव का तबादला रामपुर जनपद कर दिया गया है। जबकि उनके स्थान पर सीतापुर में तैनात उपायुक्त उद्योग संजय सिंह को शाहजहांपुर तैनाती दी गई है। मंगलवार को उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव को आफिस स्टाफ ने विदाई दी और उनके द्वारा साढ़े तीन साल में किए गए कार्यों को भी याद किया गया। वही नवागत उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने आफिस में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर अधीनस्थों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरुप कार्य किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके, इस पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा।

### आशा बहुओं ने भुगतान नहीं मिलने पर फाइलेरिया अभियान का किया बहिष्कार



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बकाया भुगतान को लेकर आशाओं ने नारेबाजी करते हुए अधीक्षक को ज्ञापन दिया। जिसके बाद उन्होंने सीएचसी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मंगलवार को आशाओं ने अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा साथ ही नारेबाजी करते हुए सीएचसी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। दिए हुए ज्ञापन में आशाओं ने बताया कि हम सभी लोगों का पिछला भुगतान नहीं किया गया है तथा पिछला भुगतान दिलवाया जाए, फायलेरिया अभियान तब तक हम सभी लोग कार्य नहीं करेंगे। आशाओं का कहना है कि जब तक हमारा बकाया राशि जैसे आयुष्मान कार्ड, आभा आईडीसी बैंक फार्म, कुष्ठ रोग सर्वे, टीबी रोग जिला स्तर से, सेंटर से बकाया भुगतान कराया जाए तथा राज्य कर्मचारी का दर्जा एवं 21 हजार से 30 हजार रुपये तक मानदेय किया जाए। साथ ही कहा हम सभी लोग जब तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक पुराना भुगतान नहीं किया जाएगा। धरना प्रदर्शन करने वाली आशाओं में ईश्वरती, किरन शुक्ला, सोना देवी, सरस्वती देवी, रेनू पटेल, मोहिनी, ममता, दीना देवी, किरन, मंजू, रूपेंद्र कौर, सत्यवती, रामकुमारी, रामा, उर्मिला, सोनी देवी, सुधा, पुष्पा, आरती आदि लोग मौजूद रहे।

### दलित किशोरी से अश्लील हरकत करने के मामले में तीन युवक नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दावत खा कर घर लौट रही किशोरी को तीन युवकों द्वारा अंधेरे में खींचकर अश्लील हरकतें किए जाने की खबर पाकर पहुंचे परिजनों को युवकों द्वारा पीटने और जाति सूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि 30 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे उसकी बेटी एक परिवार के यहां दावत से लौट रही थी इसी दौरान गांव सरोवर नगर निवासी सुभाष पुत्र रघुनन्दन , मनोज पुत्र स्वामीदयाल व अनूप पुत्र नन्हकाई लाल पहले से ही घात लगाये बैठे थे। जैसे ही उस की बेटी निकली तो उक्त तीनों ने बुरी नियत से पकड़कर अँधेरी गली में खींच लिया । और अश्लील हरकते करने लगे। बेटी के चीखने पर उसके चाचा व ताऊ ने दौड़कर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त युवक हाथ तमंचा व लाठी लेकर हमलावर हो गए और जाति सूचक गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने छेड़खानी , मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। पुष्टि होने पर गिरफ्तारी की जाएगी।

### मासूम बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़, जिम्मेदार अफसर मौन

**खुदागंज,शाहजहांपुर।** नगर में बाल श्रम का गंभीर मामला सामने आ रहा है, जहाँ श्रम विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मासूम बच्चों के भविष्य से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। खुदागंज की बाजार व आसपास के क्षेत्रों में अनेक दुकानों पर नाबालिग बच्चों से धड़ल्ले से काम कराया जा रहा है, जबकि इस उम्र में उनका स्थान स्कूल में होना चाहिए। स्थानीय लोगों के अनुसार नगर की किराना दुकानों, होटल-ढाबों, मिठाई की दुकानों तथा सोने-चांदी की दुकानों पर 12से13 वर्ष की उम्र के बच्चे काम करते दिखाई दे रहे हैं। इन बच्चों से दिनभर काम लिया जा रहा है और बदले में उन्हें मात्र 3000 से 4000 रुपये मासिक वेतन दिया जा रहा है। आर्थिक मजबूरी के कारण बच्चों को पढ़ाई छोड़कर मजदूरी करने पर विवश होना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि बाल श्रम निषेध कानून के बावजूद जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस गंभीर समस्या पर मौन साधे हुए हैं। न तो नियमित जांच की जा रही है और न ही दोषी दुकानदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है। इससे न केवल कानून की अवहेलना हो रही है, बल्कि बच्चों का शैक्षणिक और मानसिक विकास भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में तत्काल विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम कराने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा इन बच्चों को स्कूल से जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। सहायक श्रम आयुक्त नासिर खान के अनुसार अभी तक हमारी जानकारी में नहीं था अभी हमारे इंस्पेक्टर एस आई आर में लगे हुए हैं जल्द ही नगर में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मतदेय स्थलवार सूचियां डीईओ पोर्टल पर अपलोडः एडीएम

**शाहजहांपुर।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया में नो-मैपिंग तथा तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार तथा मतदेय स्थलवार सूचियां डीईओ पोर्टल पर अपलोड है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचियों को दिए गए पोर्टल पर सर्च कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति उक्त लिंक के माध्यम से अपलोड सूचियों का अवलोकन कर सकता है।

# महापौर ने किया फाइलेरिया एमडीए कार्यक्रम का उद्घाटन

- 28 फरवरी तक चलेगा अभियान, महापौर ने की आमजन से दवा खाने की अपील

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में आज महापौर अर्चना वर्मा ने जनपद में 10 से 28 फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन हेतु मासिक औषधि वितरण (एमडीए) कार्यक्रम का उद्घाटन दवा ग्रहण कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी समेत अन्य उपस्थित लोगों ने भी औषधि का सेवन किया। माननीय महापौर ने समारोह को संबोधित करते हुए फाइलेरिया रोग की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आईडीए कार्यक्रम के तहत प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रशिक्षित औषधि उपचारकों द्वारा बीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन की गोलियों का सेवन कराया जाएगा। ये औषधियां पूर्णतः सुरक्षित हैं। महापौर ने समस्त जनता से अपील की कि वर्ष 2027 तक इस बीमारी को समुदाय से समाप्त करने के लक्ष्य को साकार करने हेतु सभी व्यक्ति इनका सेवन करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक मिश्रा ने बताया कि अभियान के दायरे में एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी स्वस्थ व्यक्तियों को वर्ष में एक बार आयुवर्गानुसार औषधि की एक खुराक दी जाएगी। औषधि का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। सरकार की मंशा के अनुरूप फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करने पर जोर देते हुए सीएमओ ने बताया कि दवाओं के सेवन से कुछ व्यक्तियों में हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं, जो मुख्यतः माइक्रोफाइलेरिया प्रभावित व्यक्तियों या खाली पेट दवा लेने वालों में देखे जाते हैं। ये प्रभाव स्वतः ठीक हो जाते हैं। यदि ऐसा न हो, तो अभियान के लिए गठित आरआरटी टीम तुरंत उपचार प्रदान करेगी। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव, पाथ से नवीन सिंह, एसएमओ डॉ. आकांक्षा यादव, पीसीआई से अनीता सिंह, डीपीएम, डीसीपीएम समेत अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### दलित नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने में चार मुस्लिम नामजद

**तिलहर-शाहजहानपुर।** दलित पीड़ित पिता ने नाबालिग बेटी को समुदाय विशेष के युवकों द्वारा भगा लिए जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक दलित ग्रामीण पिता ने पुलिस को बताया बीती 28 जनवरी को उसकी 16 वर्षीय बेटी को तिलहर के मोहल्ला नजरपुर निवासी सलीम पुत्र नवीहसन व उसका बहनोई व गांव धर्मपुर कंजा निवासी मोबीन पुत्र नियाजुध्दीन व नियाजुद्दीन पुत्र हफीजुल्ला षडयंत्र करके कही भगा लगे गए है । आरोप है कि उक्त लोगों से बचकर किसी तरह उसकी नाबालिग बेटी एक फरवरी की रात को तिलहर कोतवाली पहुँची थी। जहां से उसे वन स्टाप सेन्टर भेज दिया गया था। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक से 18 देशी शराब के पौवे बरामद

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** पुलिस ने बीती रात अवैध देसी शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पीरताला रोड स्थित देसी शराब की दुकान के पास बने एक कमरे से युवक को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 18 पौवे देसी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जनपद हरदोई के थाना बालामऊ क्षेत्र के गांव मटुवा निवासी मोनू के रूप में हुई है। यह कार्रवाई रात्रि गश्त के दौरान की गई। उपनिरीक्षक अजीत सिंह, कांस्टेबल लोकेंद्र कुमार और पीआरडी जवान सोनपाल गश्त पर थे, तभी संदिग्ध गतिविधि के आधार पर युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध देसी शराब बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी है।

# यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पलटी, सात घायल

- बस सवार यात्रियों ने लगाया मौजूद सीट से अधिक सवारी भरने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र खुटार के गांव नवदिया मनकंठ मोड़ के पास सोमवार सुबह 6:30 के करीब यात्रियों से भरी डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डवल डेकर बस जो की हरियाणा प्रांत के जालंधर (पंजाब) से यात्रियों को भरकर उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच को ले जा रही थी। थाना क्षेत्र खुटार के गांव नवदिया मोड़ के पास सोमवार सुबह 6:30 के करीब अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई।



जिससे बस में मौजूद यात्रियों में चीख पुकार मच गई व दो महिला व पांच पुरुष समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डॉयल 112 व खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे साथ ही साथ फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर मौजूद रही सभी घायलों को खुटार पुलिस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया गया व खाई में पलटी बस को क्रेन को बुलवाकर खाई से निकला गया।

### पुलिस ने कराया भर्ती

जालंधर पंजाब से बहराइच की ओर जा रही डबल डेकर यात्रियों से भरी बस जोकि थाना क्षेत्र खुटार के अंतर्गत गांव नवदिया मनकंठ गांव के पास सुबह करीब 6:30 अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई थी जिसमें सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए संजू देवी पत्नी दुखीराम निवासी रामपुरवा जनपद बहराइच रेखा देवी पेरू नानपारा जनपद बहराइच हिमांशु पुत्र राममिलन निवासी मटिया जनपद बहराइच ओमप्रकाश पुत्र शत्रुघ्न लाल निवासी ईसानगर जनपद लखीमपुर बबलू पुत्र मैकूलाल निवासी रामपुरवा जनपद बहराइच व एक अन्य घायल को पुलिस वाहन के द्वारा इलाज व मेडिकल हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार भेजवाया गया।

### बस यात्री ने थाना खुटार में दिया प्रार्थना पत्र

थाना क्षेत्र खुटार के गांव नवदिया मोड़ के पास यात्रियों से भरी डबल डेकर बस पलटने के मामले में एक यात्री के द्वारा थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि हरियाणा प्रांत के जालंधर से वहां पर मजदूरी कर रहे हैं वहां अन्य यात्रियों को भरकर बस उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच आ रही थी। जिसमें बस चालक के द्वारा काफी लापरवाही ब तेजी से बस को चलाया जा रहा था थाना क्षेत्र खुटार के गांव नवदिया के पास चालक के द्वारा ओवरटेक व तेजी के चलते बस अनियंत्रित होकर दूसरी साइड की खाई में पलट गई जिसमें कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई ब सामान का भी नुकसान हुआ। पीड़ित ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बस चालक ब अन्य स्टाफ पर कार्यवाही के लिए न्याय की गुहार लगाई।

# आईजीआरएस जनसुनवाई में शाहजहांपुर प्रदेश में टाप

- दूसरे बार मिला प्रथम स्थान, 125 में प्राप्त किए 125 नंबर

**विकास तिवारी**




**शाहजहांपुर।** आई.जी.आर.एस. जनसुनवाई, समाधान पोर्टल में जनपद लगातार दूसरी बार प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी आई.जी.आर.एस. जनसुनवाई, समाधान पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण तथा पारदर्शी निस्तारण हेतु एक मजबूत प्रणाली विकसित की गई है। प्रत्येक माह मुख्यमंत्री स्वयं सभी जिलों की समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग जारी करते हैं, जिससे जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाया जा सके। एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (नोडल अधिकारी) के कुशल निर्देशन में एवं आई.जी.आर.एस. प्रभारी के नेतृत्व में आई.जी.आर.एस. प्रणाली को अत्यधिक सक्रिय एवं परिणाम-उन्मुख बनाया गया। जिससे जनशिकायतों के समाधान में तेज़ी एवं गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार आया। माह जनवरी 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर कुल 2398 शिकायतें प्राप्त हुई। आई.जी.आर.एस. टीम ने अथक परिश्रम कर सभी शिकायतों का संबंधित थानों के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण कराया। प्रत्येक रिपोर्ट का स्वयं गहन अवलोकन कर, निर्धारित समय सीमा के भीतर पोर्टल पर अपलोड कराया गया। निस्तारण के दौरान शिकायतकर्ता की अपेक्षा, शिकायत की गंभीरता तथा गुणवत्तापूर्ण समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। आई.जी.आर.एस. प्रणाली में शाहजहाँपुर को प्रदेश स्तर पर लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जनपद को उपलब्ध कुल 125 में से 125 अंक प्राप्त हुए। विशेष उपलब्धि यह रही कि जनपद के सभी 23 थानों द्वारा 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया गया। यह उपलब्धि संपूर्ण जनपद पुलिस की समर्पित कार्यशैली, टीमवर्क तथा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने एवं हल करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलों में सत्य भारती स्कूल ने मारी बाजी



**कांट-शाहजहांपुर।** राम दयाल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल बांसखेड़ा द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में कई स्कूलों ने भाग लिया।खो-खो खेल में सत्य भारती स्कूल रामनगर विजेता रहा। आरडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल बांसखेड़ा उपविजेता रहास कबड्डी में आरडीएस बांसखेड़ा स्कूल विजेता व सत्य भारती स्कूल रामनगर उपविजेता रहा स लूडो कैरम में भी सत्य भारती स्कूल रामनगर के बच्चों ने बाजी मारी। विजेता बच्चों को ब्लॉक प्रमुख कांट श्रीदत्त शुक्ला ने मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रवेश सिंह, अर्चना सिंह, नीरू सिंह विमल सक्सेना, अजय कुमार, सीमा दीक्षित आदि का सहयोग रहा।

# कैजुअल कर्मचारी व मिल प्रशासन हुआ आमने-सामने

- दोनों पक्षों ने दी कोतवाली में तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

चीनीमिल में हड़ताल करने जा रहे कैजुअल कर्मचारियों व सीसीओ मे तीखी झड़प हो गई । कर्मचारियों ने सीसीओ पर गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाया। वहीं सीसीओ ने कर्मचारियों पर जबरन चीनीमिल को बंद करने का प्रयास व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। मंगलवार दोपहर



चीनीमिल में उस समय हंगामा हो गया। जब मिल के कैजुअल कर्मचारी मिल का कार्य छोड़ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल करने के बास्ते लामबंद होने लगे। ऐसे में चीनी मिलबंद होने की कगार पर आ गई। इस दौरान जीएम शैलेंद्र अस्थाना व सीसीओ दमिनेश रॉय मिल प्लांट में पहुंचे। और अन्य कर्मचारियों को काम पर लगाकर चीनीमिल को बंद नहीं होने दिया । इसके चलते कैजुअल कर्मचारी मिल प्रशासन से भिड़ गए। अधिकारियों से जमकर नोंक झोंक भी हुई। जीएम व सीसीओ ने कर्मचारियों को काफी समझाया लेकिन वह किसी हालत में मानने को तैयार नहीं हुए। जीएम शैलेंद्र अस्थाना का आरोप है कि कुछ कर्मचारी आए दिन चीनीमिल का माहौल खराब करने में लगे हैं । वहीं कर्मचारी जबरन चीनीमिल को बंद कराना चाहते हैं। कर्मचारियों की इस अनुशासन हीनता का विरोध करने पर कर्मचारियों ने सीसीओ को घेर लिया और उन पर हमलावर हो गए। इस दौरान अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बमुश्किल सीसीओ को कर्मचारियों के घेरे से बाहर निकाला। उधर कैजुअल कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर चीनीमिल अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों पर मनमानी करने एवं हिटलर शाही दिखाने का आरोप लगाया। बोले वह अपनी मांगों को लेकर इकट्ठे हो रहे थे। इस दौरान सीसीओ दमिनेश रॉय व सुरक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह ने उन लोगों के साथ मारपीट और गाली गलौज की। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि विवाद के बाद दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्रूरतापूर्वक 29 भैंस भरे ट्रक को हाइवे पर हियुवा ने पकड़ा, दो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ट्रक में अवैध ढंग से क्रूरता पूर्वक 29 भैंसें भरकर के जाए जाने के मामले में हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष विपिन त्रिपाठी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 10 फरवरी को हिन्दू युवा वाहिनी की तिलहर टीम द्वारा सूचना मिलने पर वह हाइवे स्थित सरऊ पुलिया के पास पहुंचे । जहां एक ट्रक संख्या यूपी 21ईटी 0213 पकड़ा गया। जिसमे 29 भैसों को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। जिसमे पशुओ के साथ घोर क्रूरता की गयी मौके पर भैसों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। जिसमे कुछ भैसे घायल होने की आशंका है। वाहन चालक के पास पशु परिवहन से संबधित कोई वैध दस्तावेज नही मिला। भैंस भरे ट्रक को कोतवाली पुलिस ने कब्जे में ले लिया। आरोपी गुलफाम गुलाठी निवासी मो0 रसूलपुर थाना स्वार जनपद रामपुर तथा दानिश पुत्र अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तिलहर के डॉ. अजय अग्रवाल को मिला दुबई में 'ग्लोबल आइकन अवॉर्ड'

**मनोज प्रबल**

- लंदन में मिला था इंटरनेशनल भारत गौरव अवॉर्ड
- पब्लिक रिलेशन 'ए टूल फॉर सक्सेज' के प्रणेता हैं डॉ. अजय अग्रवाल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नेशनल प्रेसिडेंट इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ पब्लिक रिलेशन्स, ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन में इंटरनेशनल भारत गौरव अवॉर्ड के प्राप्तकर्ता तिलहर निवासी डॉ. अजय अग्रवाल को दुबई में ग्लोबल आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किये जाने के बाद हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में भी सम्मानित किया गया। तिलहर के मोहल्ला दातागंज निवासी स्व मिथलेश अग्रवाल व स्व सत्यभामा अग्रवाल के ज्येष्ठ पुत्र के रूप में जन्मे अजय अग्रवाल यूं तो शुरू से ही विशेष प्रतिभा के धनी थे। वह बैंक सेवा में उच्च पदस्थ रहकर समाज सेवा के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने भारत में पेशेवर पब्लिक रिलेशन्स प्रथाओं को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। डॉ अजय अग्रवाल को 9 फरवरी 2026 को हैदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में दुबई में पब्लिक रिलेशन्स और सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में ग्लोबल आइकन अवॉर्ड प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवा निवृत आईएएस अजय मिश्रा पूर्व विशेष मुख्य सचिव, तेलंगाना के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में सार्वजनिक जीवन, उद्योग जगत, मीडिया, वित्त और सामाजिक संगठनों की प्रमुख हस्तियों ने डॉ. अजय कुमार अग्रवाल को उनकी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया । मुख्य



अतिथि ने अजय मिश्रा ने कहा डॉ. अजय अग्रवाल का पब्लिक रिलेशन्स, बैंकिंग, शिक्षा और सामाजिक सेवा का करियर वास्तव में उल्लेखनीय है। उनकी अंतर्राष्ट्रीय पहचान नैतिक संचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके आजीवन समर्पण को दर्शाती है। वह देश भर के युवा पेशेवरों के लिए एक प्रेरणा हैं। डॉ.अग्रवाल ने कहा यह ग्लोबल आइकन अवॉर्ड सिर्फ एक व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि जिम्मेदार पब्लिक रिलेशन्स और सामाजिक सेवा की शक्ति की पहचान है। मैं यह पुरस्कार भारत, पीआर बिरादरी और हर उस संगठन और व्यक्ति को समर्पित करता हूं जिसने पारदर्शी संचार और सामाजिक जिम्मेदारी में विश्वास किया है। डॉ. अजय अग्रवाल वर्तमान में इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ पब्लिक रिलेशन्स के नेशनल प्रेसिडेंट के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने भारत में पेशेवर पब्लिक रिलेशन्स प्रथाओं को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित नेतृत्व और सलाहकार पदों पर कार्य किया है, जिसमें चेयरमैन, सलाहकार बोर्ड, सिंटिला कम्युनिकेशंस, पूर्व चेयरमैन, पीआर और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस एफटीसीसीआई और तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लिए एसएमई चैंबर ऑफ इंडिया के सलाहकार शामिल हैं। उन्होंने पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ़ इंडिया (पीआरसीआई) के पूर्व-राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व-अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। डॉ. अग्रवाल का बैंकिंग और कॉर्पोरेट सेक्टर में एक शानदार करियर रहा है, उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में असिस्टेंट जनरल मैनेजर और हेड मार्केटिंग और पब्लिक रिलेशन्स, और राष्ट्रीय स्तर पर हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के रूप में काम किया है। उन्होंने प्रमुख कॉर्पोरेट समूहों में भी सीनियर पदों पर काम किया है और प्रतिष्ठित कंपनियों के बोर्ड में डायरेक्टर के रूप में भी काम किया है। एक कुशल शिक्षाविद और लेखक, डॉ. अग्रवाल ने पब्लिक रिलेशन ए टूल फॉर सक्सेज किताब लिखी है और कई विश्वविद्यालयों और संस्थानों में गेस्ट फैकल्टी और विजिटिंग लेक्चरर रहे हैं। डॉ. अजय अग्रवाल को कई प्रतिष्ठित सम्मान मिले हैं। जैसे पीआर और सोशल सर्विसेज में ग्लोबल आइकन अवार्ड दृ दुबई (2026) , ब्रिटिश संसद, लंदन में भारत गौरव अवार्ड (2023), गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा दुनिया के 23 पॉजिटिव चेंज मेकर्स में से एक के रूप में मान्यता, महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आइकन अवार्ड आगरा गौरव 2025, पीआरसीआई द्वारा डॉ. केआर सिंह मेमोरियल नेशनल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, युवा शक्ति मीडिया हाउस, कोलकाता द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार, फ्रेंड्स ऑफ़ ट्राइबल सोसाइटी द्वारा एकल दूत पुरस्कार, यूनिटी अवार्ड, कमल पत्र अवार्ड, और कई राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय सम्मान, कार्यक्रम में अनिरुद्ध गुप्ता, अध्यक्ष अग्रवाल समाज तेलंगाना, नरेंद्र गोयल चेयरमैन वेंकटेश्वर ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ सोशल एक्टिविस्ट, आरएन गुप्ता पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज तेलंगाना, सुभाष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज तेलंगाना, प्रकाश जैन जीएम हिंदी मिलाप ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ अजय अग्रवाल की इस ख्याति ने तिलहर व जनपद वासियों को गौरवान्वित किया है।

### नीलामी सूचना

भरण पोषण के बाकीदार मो.आलम उर्फ राजा पुत्र मो. इस्लाम नि. चौक आला खां तह. सदर, जनपद शाहजहांपुर के द्वारा बकाया मु.1,17000/ अदा न करने पर बाकीदार की मृतक माता के नाम दर्ज मकान स्थिति चौक आला खां में 1/6 अंश की नीलामी दिनांक 18-02-2026 को तहसील सभागार शाहजहांपुर में समय दो बजे होगी।

**आज्ञा से**
**तहसीलदार सदर, शाहजहांपुर।**

# बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी: डीएम

**परीक्षा से तीन दिन पूर्व कक्ष निरीक्षकों की ब्रीफिंग कराना अनिवार्य**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को स्वच्छ वातावरण में नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीएम ने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं अच्छे माहौल में संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, विद्युत, पेयजल, शौचालयों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा परीक्षार्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं शालीन व्यवहार किया जाए।

प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त रूप से समस्त अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अवगत कराया गया कि जनपद के 126 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 42,785 तथा इंटरमीडिएट के 36,724 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रथम पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। जनपद को 5 जोन एवं 21 सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो परीक्षा प्रारंभ होने से एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रश्नपत्रों की प्राप्ति के समय केंद्र व्यवस्थापक अथवा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रश्नपत्रों को उनके समक्ष स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा, जिसमें चार डबल लॉक अलमारियां होंगी। अलमारियों से संबंधित चाबियों के




रख-रखाव की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि परीक्षा के दिन प्रश्नपत्रों के पैकेट खोलते समय किन-किन महत्वपूर्ण बिंदुओं का ध्यान रखा जाना आवश्यक है, ताकि परीक्षा पूरी तरह शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। परीक्षा केंद्रों की कनेक्टिविटी केवल जनपदीय कंट्रोल रूम अथवा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से ही हो तथा परीक्षा केंद्र अथवा स्ट्रांग रूम से किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा कनेक्टिविटी न की जाए। कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सतत निगरानी की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाएगी।

परीक्षार्थियों के लिए मिश्रित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यदि किसी कक्ष निरीक्षक, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक अथवा स्टैटिक मजिस्ट्रेट का पाल्य उसी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रहा हो, तो उसकी नियुक्ति उस केंद्र पर किसी भी परिस्थिति में नहीं की जाएगी। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र पर अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। दोषी पाए जाने पर दो लाख रुपये जुर्माना एवं पांच वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है तथा दूसरी बार गलती करते हुए पकड़े जाने पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना किया जाएगा। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि वे परीक्षा से तीन दिन पूर्व कक्ष निरीक्षकों की ब्रीफिंग अनिवार्य रूप से करा लें। कक्ष निरीक्षक अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं आधार कार्ड अनिवार्य रूप से रखें तथा मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी स्थिति में प्रवेश न करें। सभी केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी प्रॉक्सी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश न कर सके। उत्तर पुस्तिकाओं का लेखा-जोखा प्रत्येक केंद्र व्यवस्थापक द्वारा पंजिकाओं में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा तथा इसमें किसी भी प्रकार की चूक या लापरवाही नहीं की जाएगी। प्रश्नपत्र प्राप्त होने के उपरांत बीजक से भली-भांति मिलान करते हुए यदि किसी प्रकार की अनुपूरक मांग बनती है तो तत्काल कंट्रोल रूम को अवगत कराया जाएगा। प्रश्नपत्र खोलते समय तिथि, पाली एवं कोड का अनिवार्य रूप से मिलान करने के पश्चात ही प्रश्नपत्र खोला जाएगा। किसी भी परिस्थिति में गलत प्रश्नपत्र नहीं खोला जाएगा। राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षार्थियों को ऐसा माहौल उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे बिना किसी दबाव के परीक्षा दे सकें। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की कमी नहीं होने दी जाएगी तथा किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति के लिए उन्होंने अपना सीयूजी नंबर समस्त अधिकारियों को साझा किया। परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, विद्युत एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असहजता न हो। परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नकल कराए जाने की स्थिति में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम-2024 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु अधीक्षण अभियंता तथा परिवहन व्यवस्था हेतु सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम, शाहजहांपुर को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसपी राजेश द्विवेदी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसएस के एकदिवसीय शिविर का आयोजन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, शाहजहांपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सत्र 2025-26 के अंतर्गत प्रथम एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे एनएसएस कार्यालय के समीप हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि समाज के सतत विकास के लिए भी अत्यंत अनिवार्य हैं। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु स्वयंसेवकों द्वारा आकर्षक स्लोगन एवं संदेश प्रस्तुत किए गए। शिविर की प्रमुख गतिविधियों में कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र अभियान तथा वृक्षारोपण शामिल रहे। इस अवसर पर छात्रों ने 'पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है', 'हरियाली है जीवन का आधार' जैसे उदघोषों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अरुण कुमार यादव ने सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग बनाते हैं। यह शिविर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में पूर्णतः सफल रहा, जिसे सभी ने एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्वीकार किया। इस अवसर पर प्रो. शालीन कुमार सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. शिशिर शुक्ला, सुजीत कुमार, डॉ. अर्चना गर्ग, डॉ. नीलू कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## खबरें एक नजर में

### कृभको ने राजकीय संप्रेषण गृह को दिया 3 केवी सौर ऊर्जा संयंत्र



**शाहजहांपुर।** डीएम एवं सीडीओ के मार्गदर्शन में कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत राजकीय संप्रेषण गृह पिपरौला को 3 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा उपकरण प्रदान किया गया। यह पहल नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वाइस प्रेसिडेंट वर्क्स वीके बांगर द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा को सौर ऊर्जा संयंत्र सौंपने का पत्र हस्तांतरित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक प्रयास संस्थानों की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सरकारी संस्थानों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। वाइस प्रेसिडेंट वर्क्स ने कहा की सीएसआर फंड के माध्यम से समय-समय पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट वर्क्स वीके बांगर, एडिशनल जीएम एवं हेड-परचेज विवेक मल्होत्रा, डिप्टी जीएम-परचेज इंद्रमणि मिश्रा, असिस्टेंट जीएम इलेक्ट्रिकल आशीष जैन, असिस्टेंट जीएम-वेलफेयर एनएम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में राजकीय संप्रेषण गृह के अधीक्षक सुधीर सक्सेना ने भी सहयोग के लिए कंपनी प्रबंधन एवं अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### ओवरलोड 15 वाहन के चालान तथा 4 सीज

**शाहजहांपुर।** परिवहन एवं खनन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को खनन, ओवरलोड एवं ओरहाइट में प्रयुक्त विभिन्न वाहनों की चैकिंग की गयी। जिसमें ओवरलोड- ओवरहाइट 15 वाहन चालान तथा 4 वाहन सीज किये गये। एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम द्वारा वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि नियमानुसार ही वाहन का संचालन करें, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

### पुलिस ने साइबर ठगी कॉल सेंटर गिरोह के दो मुख्य सरगना को किया गिरफ्तार

**पूरनपुर, पीलीभीत।** घुंघचाई थाना पुलिस ने साइबर ठगी के बड़े कॉल सेंटर गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 07 मोबाइल फोन, 01 लैपटॉप, 01 पासपोर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान बरामद किया है, पुलिस के अनुसार एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों और खातों की जांच के दौरान गिरोह का खुलासा हुआ। पूर्व में इस गिरोह के कई सदस्य पीलीभीत व रुद्रपुर से गिरफ्तार किए जा चुके थे। विवेचना में सामने आया कि गिरोह के मुख्य सरगना हर्षित उर्फ तनिश निवासी भोपाल और आशुतोष कुमार उर्फ आशु उर्फ पंकज निवासी दिल्ली थे, जो फरार चल रहे थे। पुलिस ने हर्षित को भोपाल से तथा आशुतोष को दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दुबई में फर्जी गेमिंग एप के जरिए साइबर ठगी का तरीका सीखकर भारत में कॉल सेंटर चला रहे थे। ये लोग लोगों को ऑनलाइन गेम में मुनाफे का लालच देकर उनके बैंक खातों की जानकारी हासिल करते और बाद में पूरा अकाउंट खाली कर देते थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों और डिजिटल डाटा का विश्लेषण कर रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु थानों पर नियुक्त महिला सुरक्षा केंद्र टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर छात्राओं को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए, महिला सम्बन्धी कानूनों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं साइबर अपराधतथा बाल विवाह से बचाव हेतु जागरूक किया गया।टीम ने मरौरी ब्लॉक के अंतर्गत स्थित कंपोजिट विद्यालय चंदोई में कार्यक्रम का आयोजन किया है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

सीएचसी बंडा पर राष्ट्रीय कृमि रोग दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश द्वारा किया गया। इस मौके पर अस्पताल में मौजूद एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों ने एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन किया। इस दिन सभी स्कूलों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएचसी पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश ने पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एक से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाने की अपील की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके वर्मा ने बताया कि आज सभी स्कूलों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जा रही है। इसका माप अप राउंड 13 फरवरी को होगा। जिसमें छूटे हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कृमि




संक्रमण पेट और आंतों में परजीवी कीड़ों के कारण होता है। जो मुख्य रूप से दूषित भोजन, पानी या मिट्टी के माध्यम से फैलते हैं। इसके आम लक्षणों में लगातार पेट दर्द, दस्त, मतली, उल्टी, मलद्वार में खुजली और वजन कम होना शामिल है। कार्यक्रम में डॉ अभिनव गौतम, डॉ आस्था चौधरी, डॉ विजय थाना, विवेक वर्मा, दिनेश शर्मा, बृजेश सिंह, फरहा बी, देवेन्द्र सिंह नवीन दीक्षित, अनुराग गुप्ता, सौरव अवस्थी, सचिन, शोभित, सुधीर वर्मा, ओमप्रकाश, सतीश चंद्र, रमन, जितेंद्र सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

### गौवंशों पर गर्म गन्ने का रस डालकर जलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज




**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव कुंवरपुर में गौवंशों पर गर्म गन्ने का रस डालकर जलाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इस मामले में सातवा गांव के गौ रक्षक विपिन मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुवायां के कुंवरपुर गांव के पास कई गौ वंशो पर गर्म गन्ने का रस डाल कर जला देने के मामले में कई दिनों से गौ रक्षको का विरोध प्रदर्शन चल रहा था। मंगलबार को गौ रक्षक विपिन मिश्रा की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आज विकास की नई इबारत लिख रही मिर्जापुर क्षेत्र की कटरी

**कभी कुख्यात बदमाशों की शरणस्थली रही कटरी**

**शैलेन्द्र पाण्डेय/राजीव गुप्ता**

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** जिले की कलान तहसील कभी कटरी किंग के बदमाश पोथी छबिराम,बड़े लल्ला रानी ठाकुर और कल्लू नज्जू के नाम से कुख्यात थी। आज कलान तहसील के मिर्जापुर और कलान ब्लॉक विकास के नाम से विख्यात हो रहे हैं। कटरी के इस समग्र विकास के पीछे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के योगदान से आवागमन के लिए सड़कों का जाल,पुलिया,कोलाघाट जैसे डबल पुल के साथ ही क्षेत्र के विकास की सोच रखने वाले धनाढ्य वर्ग का विशेष योगदान रहा है। कलान




तहसील के ब्लॉक मिर्ज़ापुर का संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज,रामचंद्र सिंह मेमोरियल पीजी कालेज, शिवमंगल सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, धर्मजीत सिंह पीजी कॉलेज, संतनपाल सिंह फार्मेसी कॉलेज, विधि महाविद्यालय, सत्यपाल सिंह यादव महाविद्यालय कलान के साथ ही क्षेत्र में दर्जनों इंटर कालेज इस कटरी क्षेत्र को जिले में अग्रणी बना रहे हैं। मिर्ज़ापुर कलान क्षेत्र के इन शिक्षण संस्थानों में जिले और प्रदेश के ही नहीं,बल्कि सम्पूर्ण भारत के छात्र मेडिकल, विधि, फार्मेसी, बीएससी, एमएससी, एग्रीकल्चर स्नातक, बीएड, बीएलएड और डीएलएड की पढ़ाई करने आ रहे हैं। बाहरी छात्रों, व्यवसायियों और अधिकारियों के रुकने के लिए निजी गेस्ट हाउस की भी सुविधाएं भी धीरे धीरे बढ़ रहीं हैं। एक समय था जब इस क्षेत्र के लोग अपनी बहन बेटियों की शादी करने शहरों के मैरिज लॉन में जाते थे। आज मिर्ज़ापुर के ÷रघुवंशी पैलेस÷ की सुंदरता और भव्यता ने फर्रुखाबाद से लेकर बदायूं और शाहजहांपुर के बीच किसी भी शहर कस्बे के मैरिज लॉन को पीछे छोड़ दिया है। नतीजा आसपास के कस्बों के बड़े बड़े लोग जैसे शहरों में अपनी बहन बेटियों की शादी करने जाते थे,वैसे ही अब मिर्ज़ापुर के रघुवंशी पैलेस में आ रहे हैं। मिर्ज़ापुर क्षेत्र के ग्राम जरियनपुर का ÷तारापुर तिराहे का रोडवेज बस अड्डा और ढाबे÷ शाहजहांपुर जिले के आसपास के जिलों में ही नहीं,बल्कि दिल्ली तक प्रसिद्ध हैं। इस तिराहे से दिल्ली,नोएडा, गाजियाबाद,बदायूं,हापुड़, मुरादाबाद,फर्रुखाबाद,कानपुर,लखनऊ, इलाहाबाद तक के लिए सीधी रोडवेज बसें मिलती हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के इस तारापुर (जरियनपुर) तिराहे पर रोडवेज बसों से आने जाने वालों को दिन और रात का अहसास नहीं होता है। यहां सुरक्षा की दृष्टि से 24 घंटे पुलिस पिकेट और सरकारी एंबुलेंस मौजूद रहती है। ढाबे रात में भी आने वाले यात्रियों को भोजन और जलपान की सेवाएं दे रहे हैं। अभी तक कलान तहसील के आलू उत्पादक किसान आलू के बीज और साल भर आलू का व्यवसाय करने के लिए आलू का भंडारण करने जलालाबाद और फर्रुखाबाद ले जाते थे। इस वर्ष मिर्जापुर के ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी के पिता पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार सिंह ÷पप्पू भैया÷ ने मिर्जापुर में कोल्डस्टोर का निर्माण भी करवा रहे हैं, जिसका निर्माण अंतिम दौर में है। कटरी क्षेत्र का यह विकास जिले में चमत्कार के रूप में देखा जा रहा है।

# कलेक्ट्रेट में मनाया गया सुरक्षित इंटरनेट दिवस

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार मे आयोजित किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जॉय शुक्ला ने पीपीटी माध्यम से इंटरनेट से जुड़े सुरक्षा पहलुओं तथा सेफ इंटरनेट सर्फिंग के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने इंटरनेट और एआई के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इंटरनेट में फ्री के यूज से बचे। अनजाने फालतू लिंक का उपयोग न करें। कोई भी मैसेज फॉरवर्ड करने से पहले अच्छे से जांच ले। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक रहे। इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने या निजी जानकारी साझा करने से




पहले अत्यधिक सावधानी बरते पब्लिक वाईफाई का उपयोग करके लेनदेन का कार्य न करें। साथ ही बैंकिंग से संबंधित जानकारी के लिए लोगों को सीधे अपनी नजदीकी बैंक शाखा से संपर्क करने की सलाह दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल से भी सतर्क रहें । इसके अतिरिक्त, लॉटरी, इनाम या मुफ्त उपहार के लालच में न आएं। लालच करने से अक्सर साइबर ठगी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कार्यशाला में मजबूत पासवर्ड बनाने, विभिन्न ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सोच-समझकर साझा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय केवल जागरूकता ही है। संचालन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्वाय शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशाशन रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक राशिद अली खान, कलेक्ट्रेट के सभी कर्मचारी, अधिकारिओं, सीएससी के संचालक व एनआइसी के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

**सूचना**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**राजीव गुप्ता**
**ब्लाक संवाददाता कलान,**
**शाहजहांपुर, मो.**
**9451240924**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वेदमूर्ति पुत्र कैलाश नारायण निवासी- ग्राम पंचायत-शंकरपुर,विकास खण्ड-शाहाबाद, जनपद-हरदोई ने भ्रामक तथ्यों एवं कूटरचित प्रपत्रों के आधार पर स्वयं और अपने परिवार को ग्राम पंचायत विहिगांवा के परिवार रजिस्टर में दर्ज कराया। जिसमें उनके द्वारा स्वयं को बाबू त्रिवेदी पुत्र कैलाश परिवार सहित दर्शित किया गया।

जाँच में पाया गया कि बाबू त्रिवेदी पुत्र कैलाश जो कि अपने परिवार सहित ग्राम पंचायत शंकरपुर के परिवार रजिस्टर में वेदमूर्ति पुत्र कैलाश नारायण के नाम से परिवार सहित दर्ज हैं। अतः वेदमूर्ति पुत्र कैलाश नारायण निवासी ग्राम पंचायत शंकरपुर, विकास खण्ड शाहाबाद, जनपद हरदोई को जारी की गई ग्राम पंचायत विहिगांवा के परिवार रजिस्टर की नकल जो कि बाबू त्रिवेदी पुत्र कैलाश के नाम से है, जिसको रद्द कर दिया गया है। अब वेदमूर्ति पुत्र कैलाश नारायण द्वारा बाबू त्रिवेदी पुत्र कैलाश नाम से जारी नकल का प्रयोग किसी कार्यालय या न्यायालय में अमान्य माना जायेगा।

**अमर सिंह**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत विहिगांवा**
**विकास खण्ड शाहाबाद**
**जनपद-हरदोई।**

**कार्यालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पुवायां, शाहजहांपुर**
**वाद संख्या टी 20221261 0207904**

अंतर्गत धारा 144 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता ग्राम गौटिया जं.इकघरा, परगना व तहसील पुवायां, जिला-शाहजहांपुर

**अविनाश चंद्र आदि**
**बनाम**
**तिरवेनी आदि**
**नोटिस**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अविनाश चंद्र व ईश्वर चंद्र पुत्रगण स्वर्गीय भारत प्रसाद व आर्यन पुत्र स्वर्गीय उमेश चंद्र व कुमारी प्रिया पुत्री स्वर्गीय उमेश चंद्र व श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय उमेश चन्द्र व अनुराग नाबालिक पुत्र स्व.उमेश चंद्र वली व संरक्षक सगी माता श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय उमेश चंद्र व जगदीश चंद्र, सतीश चंद्र, अंबरीश कुमार व मुकेश कुमार पुत्रगण स्वर्गीय राम प्रसाद व लक्ष्मीकांत व कमलकांत पुत्र गणेश स्वर्गीय देवेंद्र नाथ सर्वनिवासी ग्राम गौटिया जं.इकघरा, परगना व तहसील पुवायां, जिला शाहजहांपुर ने प्रतिवादीगण तिरवेनी पुत्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम गौटिया जं इकघरा परगना व तहसील पुवायां, जिला शाहजहांपुर व ग्राम पंचायत मुकीमपुर, परगना व तहसील पुवायां, जिला शाहजहांपुर द्वारा प्रधान व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय शाहजहांपुर के विरुद्ध उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किए गए। नोटिस तामील उपरांत भी आप लोगों द्वारा उक्तवाद में अब तक कोई प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जो मुकदमा हाजा से वाकिफ हो, न्यायालय में नियत तिथि 20-02-2026 को उपस्थित होकर अभिकथन प्रस्तुत करें, अथवा की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

दिनांक

**उप जिलाधिकारी (न्यायिक)**
**पुवायां, शाहजहांपुर।**

# शाहजहांपुर में ध्यान साधना का महाकुंभ, तैयारियां की गईं मुकम्मल

**श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम का स्वर्ण जयंती समारोह 12 फरवरी से 2 मार्च तक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर की धरती केवल ऐतिहासिक और अमर शहीदों की स्मृतियों की ही वाहक नहीं रही है, बल्कि यह आध्यात्मिक चेतना की भी एक उज्ज्वल प्रयोगशाला रही है।

यह हम सब के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1945 में इसी पुण्यभूमि पर महात्मा रामचन्द्र जी महाराज ने श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना की थी। यह स्थापना मात्र एक संस्था का जन्म नहीं था बल्कि मानव हृदय को आत्मबोध की ओर ले जाने वाला एक आध्यात्मिक आंदोलन था जिसने निरंतर विस्तार



पाया और आज विश्व के 164 देशों में श्री रामचन्द्र मिशन के केंद्र है। वर्ष 1976 में शाहजहांपुर में महात्मा रामचन्द्र जी महाराज बाबूजी ने अपने गुरु फतेहगढ़ के महात्मा रामचन्द्र जी महाराज लालाजी की स्मृति में मिशन के प्रथम आश्रम की स्थापना की थी। यह आश्रम साधकों के लिए साहाना, सेवा, समर्पण और आध्यात्मिक चेतना के विकास का स्थायी केंद्र बना। यह आश्रम केवल ईट-पत्थरों की संरचना नहीं, बल्कि अनगिनत आत्माओं के अंतर्मन को शांति, प्रेम और सौहार्द से आलोकित करने वाला आध्यात्मिक तीर्थ बन गया। अब यह आश्रम अपनी स्वर्ण जयंती की देहरी पर खड़ा है-पचास वर्षों की साधना, सेवा और संकल्प की गौरवशाली कथा को समेटे हुए इस ऐतिहासिक अवसर पर आश्रम का वृहद स्तर पर जीर्णोद्धार किया गया है। आश्रम की पचास वर्षों की स्वर्णिम यात्रा के पूर्ण होने पर श्री रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष और पूज्य गुरुदेव कमलेश डी पटेल (दाजी) के सानिध्य और मार्गदर्शन में स्वर्ण जयंती समारोह 'बसंत उत्सव 2028 का आयोजन किया जा रहा है।

**अभ्यासियों के ठहरने और अन्य व्यवस्थाएं:** बाहर से आने वाले अभ्यासियों के ठहरने की व्यवस्था आश्रम परिसर और विभिन्न होटलों और गेस्ट हाउस में की गई है। सभी अभ्यासियों के भोजन की व्यवस्था आश्रम परिसर में रहेगी।

**आवागमन की व्यवस्था**

बाहर से आने वाले अभ्यासियों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन से आश्रम लाने और वापस पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। 24 घंटे मिशन के स्वंय सेवक रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर मौजूद रहेंगे। साथ ही लखनऊ हवाई अड्डा, दिल्ली हवाई अड्डा, लखनऊ रेलवे स्टेशन पर भी किसी अभ्यासी को असुविधा न हो इसके लिए मिशन के स्वंय सेवक मौजूद रहेंगे। यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मिक मिलन का महाकुंभ होगा। विविध आध्यात्मिक सत्र, ध्यान शिविर और सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से यह समारोह मानव जीवन को अंतर्मुखी बनाने की प्रेरणा देगा। यह स्वर्ण जयंती समारोह अतीत की उपलब्धियों का स्मरण और भविष्य के संकल्पों का उद्घोष है। शाहजहांपुर की इस पुण्य धरा से उठने वाली साधना की यह ध्वनि आज विश्व के कोने-कोने तक पहुँच चुकी है। श्री रामचन्द्र मिशन का यह आश्रम आज भी मानव को मानवता से जोड़ना के मूल उद्देश्य को लेकर अग्रसर है। स्वर्ण जयंती का यह महापर्व केवल एक संस्था का उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना के उत्थान का सामूहिक संकल्प है, जहाँ श्रद्धा, साधना और सेवा एक साथ प्रवाहित होगें।

**12 फरवरी से उत्सव का शुभारंभ**

श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में 12 फरवरी से 2 मार्च तक पांच चरणों में 'बसंत उत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। पांच चरणों में होगा उत्सव, बता दें कि बसंत उत्सव पांच चरणों आयोजित किया जा रहा है प्रत्येक चरण में देश विदेश से करीब पांच हजार लोग सहभागिता कर आध्यात्मिक विकास के वाहक बनेंगे। पहला चरण 12 फरवरी से 14 फरवरी, दूसरा चरण 16 फरवरी से 18 फरवरी, तीसरा चरण 20 फरवरी से 22 फरवरी, चौथा चरण 24 फरवरी से 26 फरवरी तथा पाचवा चरण 28 फरवरी से 2 मार्च तक चलेगा। इस तरह 20 दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक महाकुंभ में लगभग 25 से 30 हजार लोगों के यहां पहुंचने की संभावना है।

## सुरों का नया आकाश तलाशने को ग्लैमर के संगीत से दूरी

अरिजीत सिंह का फिल्मी गायन से मोहभंग होने का फैसला संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी घटना है। जिनकी आवाज ने 'तुम ही हो','चन्ना मेरेया' और 'रोंगटी' जैसे गीतों से लाखों दिलों को छू लिया, उसने अचानक फिल्मी गायन को अलविदा कह दिया। उनके इस पलायन का फिल्म उद्योग पर गहरा असर होगा। इस पार्श्व गायक ने एक दशक में दर्जनों हिट एल्बम दिए, राष्ट्रीय पुरस्कार जीते और प्लेबैक सिंगिंग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सादगी, भावपूर्ण गायकी और युवाओं से जुड़ाव ने उन्हें 'सुपर स्टार सिंगर' बना दिया। लेकिन, अब यह विदाई क्यों! निजी कारण, इंडस्ट्री की कमियां या नई राह की तलाश! अरिजीत के बिना फिल्मी संगीत में सूनापन आना तय है। इससे नए गीतकारों के लिए चुनौती बढ़ेगी और प्रशंसक हताश होंगे। फिल्मों के पार्श्व गायन के इतिहास में कुछ आवाजें कान तक पहुंचती हैं, लेकिन कुछ सीधे रूह में उतरती हैं। मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और सोनू निगम के बाद अगर किसी एक नाम ने पूरे देश की धड़कन को नियंत्रित किया, तो वह हैं अरिजीत सिंह। हाल के दिनों में उनके फिल्मी गायकी से दूरी बनाने की चर्चाओं ने प्रशंसकों को उदास कर दिया। लेकिन, गहराई से देखें तो यह 'अंत' नहीं एक 'रूपांतरण' है। एक कलाकार जब अपनी कला के चरम पर होता है, तो वह अक्सर व्यावसायिकता की बेड़ियां तोड़कर संगीत की शुद्धता की ओर लौटना चाहता है। अरिजीत का फिल्मों से मोहभंग होना दरअसल उनके संगीत के प्रति उस गहरे प्रेम का हिस्सा है, जो वास्तविक 'कला' की तलाश में है। अरिजीत ने कई बार संकेत दिया कि फिल्म इंडस्ट्री का काम करने का तरीका थका देने वाला है। यह भी कि फिल्मों में संगीत 'कहानी' के अधीन होता है, जिससे कलाकार की रचनात्मक आजादी बाधित होती है। उन्होंने अपना खुद का लेबल 'ओरियन म्यूजिक' शुरू किया, जिसके जरिए वे गैर-फिल्मी, शुद्ध संगीत को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा वे बंगाली संगीत से भी अपनी जड़ों की ओर लौट रहे हैं। बंगाली लोक संगीत व स्वतंत्र गीतों पर अधिक ध्यान दे रहे। अरिजीत सिंह के संन्यास या फिल्मों में कम सक्रिय होने की खबर ने संगीतकारों के सामने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया कि अरिजीत के बाद कौन! पिछले एक दशक में लगभग हर फिल्म में दूसरा हिट गाना उनकी आवाज में रहा। उनकी गैरमौजूदगी में फिल्म संगीत में जो खालीपन आएगा। अरिजीत सिंह का फिल्मों से मोहभंग होना, उनके 'संगीत' के खत्म होने का संकेत नहीं, बल्कि यह उनके 'संगीतज्ञ' के रूप में पुनर्जन्म जैसा है। वे एक ऐसे कलाकार हैं जो जब स्टेज पर उतरते हैं, तो लाखों की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। उनका संन्यास दरअसल व्यावसायिक शोर से 'मौन' की तरफकी एक यात्रा है। वे आगे भी संगीत से जुड़े रहेंगे और शायद अब वे हमें वह संगीत देंगे, जो फिल्मी कथानक की मांग से नहीं, बल्कि उनके दिल की गहराई से निकलेगा। अरिजीत सिंह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनका कैरियर विवादों से अछूता नहीं रहा।

# नाजी जर्मनी की तरफ बढ़ता भारत

शाहीन अब्दुल्ला बनाम भारत संघ (2022) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने घृणास्पद बयान यानी हेट स्पीच के खिलाफकड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को स्वतः संज्ञान लेकर शिकायत का इंतजार किए बिना अपराधियों के खिलाफ तत्कालीन आईपीसी की धारा 153 ए, 153 बी, 295 ए और 505 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि पुलिस को औपचारिक शिकायत के अभाव में भी नफरत भरे भाषणों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए और कोई भी निष्क्रियता या हिचकिचाहट कर्तव्य की गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। तो सवाल यह है कि क्या असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा शीर्ष अदालत के इस निर्देश से भी परे हैं। मुख्यमंत्री पद के लिए ली गई संवैधानिक शपथ की तो धज्जियां वो सांप्रदायिक जहर उगलते हुए लगातार उड़ा ही रहे हैं, अब वो अदालती निर्देश की भी परवाह नहीं कर रहे हैं। क्या हिमंता बिस्वासरमा गुजरात मॉडल के कारण निश्चिंत हैं, जहां अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत और हिंसा का जानलेवा माहौल बना, लेकिन सत्ता पर बैठे लोगों का बाल भी बांका नहीं हुआ। बल्कि आगे उन्हें पदोन्नत कर शिखर पर बिठा दिया गया। 2002 में गुजरात के कारण सवाल उठने लगा था कि क्या हम नाजी जर्मनी के दौर में पहुंच रहे हैं, लेकिन तब ये सवाल एक राज्य तक ही सीमित था। अब इसका दायरा बढ़ते हुए राष्ट्रव्यापी हो चुका है। इक्का-दुक्का राज्यों को छोड़कर हर जगह सांप्रदायिक नफरत घुन की तरह व्यवस्था के भीतर पैठ जमा चुकी है। लगभग रोजाना ऐसी खबरें आती हैं, जहां केवल धर्म के नाम पर किसी नागरिक या नागरिकों को प्रताड़ित किया जाता है। लेकिन अभी असम से जो खबरें आई हैं, वो बेहद चिंताजनक है। भारतीय जनता पार्टी की असम ईकाई ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसे एक दिन बाद ही हटा दिया गया लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर यह उपलब्ध है। वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वासरमा को हथियार से लैस दिखाया गया है और वे मुसलमान दिख रहे लोगों को निशाना बना रहे हैं और उन्हें गोली मार रहे हैं। इस विवादित वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरों और पॉइंट ब्लैंक शॉट और कोई दया नहीं जैसे बयान भी हैं, जो सीधे-सीधे नरसंहार के लिए उकसाने वाले हैं। इस वीडियो पर कांग्रेस, शिवसेना, राजद, एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दल तो सवाल उठा रहे हैं, लेकिन असल में कार्रवाई की ताकत जिनके पास है, उनकी चुप्पी बेहद डरावनी लग रही है। डर लग रहा है कि असम में अभी किए जा रहे इस प्रयोग को अगर बाकी देश पर भी किया गया तो क्या होगा। केंद्र सरकार यानी नरेन्द्र मोदी, अमित शाह जैसे लोगों से कोई उम्मीद नहीं है कि वे इस बारे में या हिमंता बिस्वासरमा के खिलाफ कुछ कहेंगे। क्योंकि यह सब उनकी ही शह पर हो रहा होगा, अन्यथा कोई भाजपाई मुख्यमंत्री इतना दुस्साहस नहीं दिखा सकता। राष्ट्रपति महोदया भी केवल दही-चीनी खिलाने को ही अपना काम मान बैठी हैं। जब वे मणिपुर पर चुप रहीं तो असम पर भी चुप रहेंगी। चुनाव आयोग से भी कोई उम्मीद रखना बेमानी है। जब 2024 के चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी खुलेआम ज्यादा बच्चों वाला तंज मुसलमानों पर कस रहे थे, या झारखंड चुनाव में घुसपैठियों के नाम पर मुसलमानों के खिलाफवीडियो बनाए जा रहे थे, आयोग तब भी सब देखता रहा और अब भी वह कुछ नहीं कहेगा। ले देकर उम्मीद बचती है सर्वोच्च न्यायालय से, लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वहां भी खामोशी ही है। आश्चर्य है कि माननीय न्यायालय को 2022 का दिया गया अपना ही निर्देश याद क्यों नहीं है। अगर इस मामले में अदालत की तरफसे कार्रवाई के निर्देश आते हैं, तब तो देश, संविधान, लोकतंत्र के बचे रहने की उम्मीद भी बचेगी, वर्ना विपक्ष अपनी तरफसे इन्हें जिंदा रखने की जो लड़ाई लड़ रहा है, बस वही आसरा अब रह गया है। ऐसा नहीं है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने संवैधानिक पद पर होने के बावजूद अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ पहली बार जहर उगला है, वे तो लगातार इस नफरत को बढ़ाते ही जा रहे हैं। कुछ वक्त पहले डिगबोई में उन्होंने कहा था कि शिमयां मुसलमानों को किसी भी तरीके से परेशान करो। अगर वे परेशानी का सामना करेंगे, तो वे असम से चले जाएंगे। तब भी सवाल उठे थे, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अब हिमंता बिस्वासरमा सीधे अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का आह्वान कर रहे हैं। भारत में नफरत भरी भाषा, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा एक आम भारतीय के लिए चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि भाजपा को इसमें सत्ता का लाभ मिल रहा है, लेकिन नागरिकों के लिए अमन-चौन, रोजगार, शिक्षा और तमाम सुविधाएं छिनने के खतरे बढ़ रहे हैं। सेंटर फॉर स्टडी ऑन हेट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में देशभर में 1,318 नफरती भाषणों की घटनाएं दर्ज की गई, जो 2024 के मुकाबले 13 प्रतिशत ज्यादा है और 2023 के मुकाबले लगभग दोगुनी हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल औसतन हर दिन चार नफरती भाषण हुए। रिपोर्ट यह दावा भी करती है कि नफरत अब सिर्फ चुनावी भाषणों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह एक निरंतर और संगठित राजनीतिक रणनीति का हिस्सा बनती जा रही है। बीबीसी से एक चर्चा में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने कहा कि, ऐसा लगने लगा है कि नफरत कोई अपराध ही नहीं रहा। लेकिन इतिहास हमें चेतावनी देता है, नाजी जर्मनी में यहूदियों का नरसंहार गैस चौंबर से नहीं, बल्कि नफरती भाषण से शुरू हुआ था। सवाल यही है कि क्या सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा देश में आगे गैस चौंबर बनवाने की तैयारी में है।

# किसानों की आशंकाएं

बीते शनिवार जारी किए गए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रारूप को लेकर उठ रहे सवालों ने फिर उस मूलभूत सवाल को पुख्ता किया है कि मुक्त व्यापार समझौते की कीमत कौन चुकाएगा? साथ ही यह भी कि इसका लाभ किसे मिलेगा? इस समझौते से जुड़ी आशंकाओं को लेकर कुछ किसान संगठन आगामी 12 फरवरी को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। निस्संदेह, उनकी आशंकाएं सिर्फ सोयाबीन तेल, सूखे अनाज और सेब पर आयात शुल्क में छूट को लेकर ही नहीं हैं, बल्कि विश्वास, पारदर्शिता और भारतीय कृषि के भविष्य को लेकर भी हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार दावा कर रही है कि किसान हितों की रक्षा के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। निस्संदेह, कागजों पर तो ये आश्वासन राहत देने वाले लगते हैं, लेकिन व्यवहार में किसानों की आशंकाओं से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ हुए पिछले मुक्त व्यापार समझौतों के कारण सस्ते आयात में भारी वृद्धि हुई, फ्लतरू कमजोर किसानों की दशा खराब हुई। निर्विवाद रूप से भारी सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी सेब से हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब उत्पादकों के लिए मुकाबला करना चुनौतीपूर्ण होगा। हिमाचल के सेब उत्पादक संगठनों का कहना है कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क पचास से 25 प्रतिशत करना व न्यूनतम आयात मूल्य 50 से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम करने से यह स्वदेशी प्रीमियम सेवा के दाम पर बाजार में बिकने लगेगा। जिसके चलते भारतीय उपभोक्ता समान मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले अमेरिकी सेब को तरजीह देंगे। साथ ही सेब का कोल्ड स्टोरेज में संग्रह करना अलाभकारी हो जाएगा।




वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार का दावा है कि कृषि और दुग्ध उद्योग संरक्षित रहेंगे। जबकि संयुक्त समझौते में कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क कम करने और गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने की बात कही गई है। कम आय, बढ़ती लागत और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे किसानों को इन गंभीर मुद्दों पर स्पष्टता चाहिए। यही वजह है कि कई किसान संगठनों, विपक्षी दलों और कुछ राज्य सरकारों ने मांग की है कि इस समझौते का पूरा विवरण संसद के समक्ष रखा जाए। निस्संदेह, यह मांग तार्किक है क्योंकि व्यापार समझौते भी घरेलू कानूनों की तरह ही आजीविका को गहराई तक प्रभावित करते हैं। कृषि विशेषज्ञ मान रहे हैं कि मजबूत घरेलू समर्थन, उचित मूल्य, सब्सिडी, बुनियादी ढांचे और जोखिम संरक्षण दिए बिना, बाजारों को खोलने के कदम छोटे और सीमांत किसानों पर भारी पड़ सकते हैं। इसी फिक्र के चलते हड़ताल एक चेतावनी है। यदि सरकार का मानना है कि यह समझौता वास्तव में किसानों के हितों को प्राथमिकता देता है तो उसे पारदर्शिता, संसदीय बहस और सार्थक परामर्श के माध्यम से इसे साबित भी करना चाहिए। अन्यथा, सुधारों की कहानी एक बार फिर देश के अन्नदाता की चिंताओं को दूर करने में विफल रहेगी। इसी तरह देश के सेब उत्पादकों को भी आश्वस्त करना होगा कि उनके सेब की खुशबू बरकरार रहेगी।

विचार

# यूजीसी कानून और उच्च शिक्षा की आत्मा पर संकट

किसी भी देश की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था से तय होती है। विश्वविद्यालय केवल डिग्री बाँटने वाले संस्थान नहीं होते, बल्कि वे समाज की सोच, लोकतांत्रिक चेतना और वैज्ञानिक दृष्टि को गढ़ते हैं। भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की स्थापना इसी उद्देश्य से की गई थी कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, समान अवसर और संस्थानों की स्वायत्तता बनी रहे। लेकिन हाल के वर्षों में प्रस्तावित यूजीसी कानून को लेकर जिस तरह की बहस तेज हुई है, उसने देश की शिक्षा नीति पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता का है। नया कानून शिक्षा संस्थानों के प्रशासनिक और अकादमिक निर्णयों में केंद्रीय नियंत्रण को बढ़ाता दिखाई देता है। विश्वविद्यालयों का मूल स्वभाव स्वतंत्र चिंतन का होता है। जब निर्णय ऊपर से थोपे जाने लगते हैं, तब शोध, नवाचार और आलोचनात्मक सोच पर असर पड़ता है। शिक्षा तब जीवंत रहती है जब शिक्षक और विद्यार्थी बिना भय के प्रश्न पूछ सकें और नए विचार विकसित कर सकें।

यदि विश्वविद्यालय केवल आदेशों का पालन करने वाले संस्थान बन जाएंगे, तो उनका वास्तविक उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

यूजीसी कानून से जुड़ी दूसरी बड़ी चिंता शिक्षा के निजीकरण और व्यावसायीकरण को लेकर है। पहले



*लेखक:- कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी 'राज'*
*छात्र- बी.फार्म*
*दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर।*

ही देश में उच्च शिक्षा लगातार महँगी होती जा रही है। निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उनकी पहुँच आम छात्र तक सीमित है। नए कानून में निजी क्षेत्र को अधिक छूट मिलने की संभावना है, जिससे शिक्षा सेवा न रहकर व्यापार बन सकती है।

जब शिक्षा बाजार के हवाले हो जाती है, तब गरीब और मध्यम वर्ग के छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों के दरवाज़े बंद होने लगते हैं। सामाजिक न्याय की अवधारणा केवल कागज़ों तक सिमट कर रह जाती है। शिक्षकों की भूमिका भी इस कानून से प्रभावित हो सकती है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले कर्मचारी नहीं होते, बल्कि वे समाज निर्माण की नींव रखते हैं।

नियुक्ति प्रक्रिया, शोध की दिशा और पाठ्यक्रम निर्धारण में यदि बाहरी हस्तक्षेप बढ़ेगा तो शिक्षक स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पाएंगे। इससे शिक्षा की गुणवत्ता गिरने का खतरा है। नवाचार, प्रयोग और आलोचनात्मक दृष्टि तभी पनपती है जब शिक्षक को अकादमिक स्वतंत्रता मिले। यूजीसी कानून का एक और पहलू केंद्र और राज्यों के संबंधों से जुड़ा है। शिक्षा संविधान में समवर्ती विषय है, अर्थात केंद्र और राज्यों दोनों की जिम्मेदारी है। लेकिन नया कानून राज्यों की भूमिका को सीमित करता हुआ प्रतीत होता है।

इससे संघीय ढांचे पर भी असर पड़ सकता है। भारत जैसे विविधता वाले देश में शिक्षा नीति का निर्माण स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर होना चाहिए। यदि सारी शक्तियाँ केंद्र में सिमट जाएँगी, तो क्षेत्रीय जरूरतों की अनदेखी होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही, यह भी प्रश्न उठता है कि क्या यह कानून वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होगा या केवल प्रशासनिक नियंत्रण को मजबूत करेगा। शिक्षा सुधार केवल नियम बदलने से नहीं होते, बल्कि इसके लिए बुनियादी ढांचे, शोध सुविधाओं, शिक्षकों की संख्या, छात्रवृत्तियों और सामाजिक समावेशन पर काम करना पड़ता है। आज देश के कई विश्वविद्यालय संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय और शोध अनुदान पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में कानून बदल देना समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। छात्रों के दृष्टिकोण से देखें तो यह कानून असमानता को और बढ़ा सकता है। ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्र पहले ही कई चुनौतियों से गुजरते हैं। यदि शिक्षा और महँगी होगी या संस्थानों की प्राथमिकता लाभ पर केंद्रित होगी, तो ये वर्ग और पीछे छूट जाएंगे।

शिक्षा लोकतंत्र का आधार है और इसका उद्देश्य अवसरों की समानता सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि भेदभाव को बढ़ावा देना। देशभर में शिक्षाविदों, छात्र संगठनों और सामाजिक संगठनों द्वारा यूजीसी कानून पर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह विरोध केवल किसी राजनीतिक विचारधारा से नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल भावना की रक्षा से जुड़ा है। विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करने की बजाय उन्हें सशक्त करने की जरूरत है। उन्हें अधिक संसाधन, अधिक स्वतंत्रता और अधिक जवाबदेही के साथ आगे बढ़ाना होगा।

सरकार का दायित्व है कि वह इस कानून को जल्दबाजी में लागू करने के बजाय व्यापक संवाद करे। शिक्षकों, छात्रों, कुलपतियों, राज्य सरकारों और विशेषज्ञों की राय सुनी जाए। लोकतंत्र में नीति निर्माण सहभागिता से होता है, न कि केवल आदेश से। यदि शिक्षा नीति समाज के हर वर्ग की आवाज़ नहीं सुनेगी, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकती। आज जब भारत ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनने की बात कर रहा है, तब विश्वविद्यालयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। शोध, नवाचार और आलोचनात्मक सोच के बिना कोई भी देश वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा संस्थान स्वतंत्र, समावेशी और सशक्त हों।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि कानून बनाना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि कैसा कानून देश के भविष्य को बेहतर बनाएगा। यूजीसी कानून यदि स्वायत्तता को कमजोर करता है, निजीकरण को बढ़ावा देता है और समान अवसरों को सीमित करता है, तो उस पर पुनर्विचार अनिवार्य है। उच्च शिक्षा केवल नीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया है।

इसलिए जरूरत है ऐसे सुधारों की जो विश्वविद्यालयों को नियंत्रित नहीं, बल्कि उन्हें सोचने, शोध करने और समाज को दिशा देने के लिए मुक्त करें। यूजीसी कानून पर गंभीर, संवेदनशील और लोकतांत्रिक तरीके से विचार करना आज समय की माँग है।

साहित्य

## ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम



**डा. अवधेश कुमार यादव**

चण्डीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार 'ग्राउंड जीरो' और 'एक्सक्लूसिव' जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं।



# राशिफल

**मेषः**- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः**-भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः**- भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः**- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंहः**- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः**- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः**- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः**-किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः**- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः**-सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः**-पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः**-पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# नये दौर के प्रेम में शोर कम, समझ ज्यादा

आजकल की पीढ़ी का प्रेम शांत-सजग-व्यावहारिक और भरोसे से भरा है। वह दो दशक पहले जैसा नहीं रहा। प्रेम ने अपना रूप बदला लेकिन गहराई नहीं खोई। दरअसल नयी पीढ़ी को प्यार को सिर्फ फीलिंग के रूप में नहीं देखती। उनके लिए प्यार, साझेदारी व मिल-बांटकर उठायी जाने वाली जिम्मेदारियों का नाम है। कपल मिलकर कैरियर योजना बनाते हैं। खर्च और बचत पर बात करते हैं। मुश्किल में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। यह स्पष्टता रिश्तों को मजबूत बनाती है। सुबह के 7 बजे हैं। एक फ्लैट में दो लोग अपने-अपने लैपटॉप खोलकर दिन की शुरुआत कर रहे हैं और हां, आज 14 फरवरी है यानी प्रेम का दिन वेलेंटाइन डे। लेकिन आसपास न कहीं गुलाब है, न कोई मोमबत्ती और न आपस में कोई फिल्मी डायलॉग। हां, टेबल पर रखी दो कप चाय और एक-दूसरे की तरफबढ़ा हुआ हल्का सा मुस्कुराता चेहरा। यह फिल्म की भाषा में कहें तो परफेक्ट सीन है। जी हां, यही 2026 का प्यार रू शांत-सजग-व्यावहारिक और भरोसे से भरा हुआ। इन दिनों प्यार दो दशक पहले जैसा नहीं रहा। बेशक प्रेम ने अपना रूप बदला है। लेकिन गहराई नहीं खोई। प्रेम अब दिखावे से निकलकर समझदारी, व्यावहारिकता और लाइफस्टाइल के साथ संग आ गया है और हां, मानसिक सुरक्षा भी पहले से कहीं ज्यादा है। आज की पीढ़ी के पास प्यार को सिर्फ फीलिंग के रूप में देखने की न तो जरूरत है और न ही इतनी फुर्सत। उनके लिए प्यार, साझेदारी का नाम है। मिलकर उठायी जाने वाली जीवन की जिम्मेदारियों का नाम है। इसलिए अब कपल मिलकर कैरियर की



योजना बनाते हैं। खर्च और बचत पर बात करते हैं। घरेलू और बाहरी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से बांटना स्वीकार करते हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। आजकल , 'तुम मुझसे कितना प्यार करते हो' से ज्यादा यह अहम हो गया है, 'हम एक-दूसरे के लिए कितने भरोसेमंद हैं'। प्यार में इतनी स्पष्टता पहले कभी नहीं रही। कपल अब यह कहने से नहीं डरते कि वो चाहते क्या हैं और साफ-साफ यही बताते हैं कि वो क्या नहीं चाहते। मसलन- उन्हें शादी करनी है या नहीं। बच्चे चाहिए या नहीं। एक-दूसरे के लिए कितना स्पेस चाहिए और सबसे बड़ी बात यह है कि वो किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं। यह स्पष्टता रिश्तों को ज्यादा मजबूत बनाती है। क्योंकि भ्रम पर टिके रिश्ते जल्दी थक जाते हैं और सच्चाई के सहारे आगे बढ़ने वाले रिश्ते दूर तक जाते हैं। आज युवा इस बात को भली भांति जानते हैं कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि शारीरिक। पार्टनर्स एक दूसरे की थकान को समझते हैं। एंग्जाइटी और तनाव पर बेझिझक बात करते हैं और जरूरत पड़ी तो प्रोफेशनल्स की मदद लेने से भी नहीं कतराते। युवा एक-दूसरे से बड़ी सहजता से कहते हैं, आज मेरा मन ठीक नहीं। क्योंकि वो जानते हैं कि उनके इस वाक्य को गलत शब्द और संदर्भ में नहीं लिया जायेगा। पुरानी पीढ़ी के लोग भले टेक्नोलॉजी को कितना कोसते हों, लेकिन युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी अलगाव का नहीं बल्कि जुड़ाव का जरिया है। भले पहले के लोग मानते हों कि मोबाइल और इंटरनेट रिश्तों का दुश्मन है। लेकिन 2026 में प्यार करने वाले युवा इससे कतई सहमत नहीं। इसलिए वे वीडियो पर साथ खाना खाते हैं, एक-दूसरे को वायज नोट्स भेजते हैं, उनकी प्लेलिस्ट साझा होती है और ऑनलाइन कैलेंडर में डेट-नाइट भी फिक्स करते हैं। अब प्रोफेशनल युवा मानते हैं कि रिश्ता मालिकाना हक नहीं, बराबरी का संबंध है, इसलिए बेझिझक और बिना किसी हैंगओवर के घरेलू काम दोनों मिलकर करते हैं। फैसले मिलकर लेते हैं। एक-दूसरे के कैरियर को सम्मान देते हैं। इनके बीच 70 के दशक की फिल्मों के यह डायलॉग शायद ही कहीं सुनने को मिलते हों, 'मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं हूं' बल्कि इसकी जगह यह डायलॉग आम है, 'मैं तुम्हारे साथ और बेहतर बनता-बनती हूं'। आज के प्यार की मजबूती सेल्फलव है। क्योंकि 2026 में नई पीढ़ी को यह बात अच्छी तरह से समझ में आती है कि खुद से प्यार करना स्वार्थ नहीं, प्यार की समझ होना है। इसलिए युवा अपने शौक के लिए समय निकालते हैं, अपने रिश्तों की सीमाएं तय करते हैं और हर वक्त उपलब्ध रहने की मजबूरी से दूर रहते हैं। क्योंकि जब कोई खुद संतुलित होता है, तभी किसी रिश्ते में स्वस्थ योगदान दे पाता है। दरअसल, आज वेलेंटाइन डे केवल गिफ्ट्स एक्सचेंज का दिन नहीं रहा। यह समझदारी भरी बातचीत का दिन है, एक-दूसरे को ध्यान से सुनने का दिन है, भविष्य की योजनाएं साझा करने का दिन है और यह आभार जताने का भी दिन है। आज के युवा इस दिन साथ बैठकर एक-दूसरे के लिए प्यार और मनुहार के गीत नहीं गाते। अपने लक्ष्य तय करते हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग बनाते हैं और इस दिन फोन को साइड पर रखकर एक-दूसरे से बातें करते हैं यानी यह दिन दिखावे का नहीं जुड़ाव का है। क्योंकि प्यार की नई भाषा और नई परिभाषा यही है। आज की पीढ़ी का प्यार अगर कुछ डायलॉग्स में देखना हो तो ये देखिये-''तुम आराम करो, मैं संभाल लूंगा/लूंगी'। ' 'तुम्हारी बात समझ में आ रही है?' ' 'तुम जैसे हो, वैसे ही ठीक हो।' ये छोटे-छोटे वाक्य आज के वास्तविक प्रेम संदेश हैं। इसलिए 2026 का प्यार रिश्तों की नई सोच और नई समझ का प्यार है। क्योंकि अब प्रेम परिपक्व हो रहा है, कमजोर नहीं। खुली और ईमानदार बातचीत, आपसी सम्मान , भावनात्मक सुरक्षा , व्यक्तिगत स्पेस की समझ , साझा लक्ष्य , मेंटल हेल्थ को महत्व, बराबरी का व्यवहार व मुश्किल समय में साथ। आज का प्यार भले परफेक्ट न हो, लेकिन क्या ईमानदार बनने की, ईमानदार कोशिश है। क्योंकि आज का युवा जान चुका है, वास्तविक रिश्ते फिल्मी नहीं होते बल्कि रोज-रोज की छोटी-छोटी कोशिशों से बनते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बाजार के मध्य हाईवे पर डंपर खराब लगा भीषण जाम



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। मंगलवार को कस्बे के मुख्य बाजार में दोपहर को नगर पंचायत के समीप हाईवे में ट्रक खराब होने से भीषण जाम लग गया। जाम में अधिकारियों की गाड़ियां, एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसों समेत सैकड़ों की तादाद में वाहन फंस रहे। दोपहर करीब 1:00 बजे नगर पंचायत के सामने हाईवे पर एक डंपर खराब हो गया। हाईवे पर दोनों तरफ अतिक्रमण होने के कारण बाजार में भीषण जाम लग गया। जाम में हाईवे से गुजर रहे डीआईजी की गाड़ी फंस गई। उनके सुरक्षाकर्मी गाड़ी को निकालने के लिए हलाकान रहे। जाम में एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसों के साथ सैकड़ों वाहन फंसे रहे। करीब तीन घंटे तक वाहन रेंगते रहे। 3:00 बजे के बाद खराब डंपर को हाईवे से हटाने के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने कहा कि स्थाई अतिक्रमण हटाना उनकी जिम्मेदारी है। हाईवे पर अस्थाई अतिक्रमण दुकानदारों ने कर रखा है। इसको हटाने की जिम्मेदारी एनएचएआई एवं पुलिस की है। यह सच है कि बाजार के अंदर अस्थाई अतिक्रमण हाईवे की पटरी तक है।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की जनसुनवाई के दौरान 89 शिकायतें दर्ज



हमीरपुर। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 89 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकासअधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण करे ताकि जनता को किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### आज से प्रारम्भ होगा सूर्य महोत्सव

महोबा। सूर्य महोत्सव 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ 11 फरवरी को महोबा जनपद की स्थापना दिवस से प्रारंभ होगा 7 11 फरवरी को सुबह 5:00 बजे से सूर्योदय के साथ ही रहेलिया सूर्य मंदिर पर भगवान सूर्य देव को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ अर्घ देकर किया जाएगा। यहां अंतरिक्ष दर्शन सन प्लेनिटोरियम का उद्घाटन किया जाएगा। सूर्य मंदिर से ही एक भव्य शोभायात्रा मोदी ग्राउंड तक पहुंचेगी जहां पुस्तक मेला एवं मेले का उद्घाटन किया जाएगा। दिन के कार्यक्रमों में 11 फरवरी को ही एफ.पी.ओ. बाजार का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादन संघ, उद्यान एवं बागवानी, कृषक मूंगफली, एवं तिल मिलों के मालिक, मत्स्य उत्पादन संघ, श्रेष्ठ पशुपालक एवं डेयरी आदि का कृषि विभाग सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यहां बुंदेली परंपरागत चितेरी चित्रकला की कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, सायंकालीन कार्यक्रमों में स्थानीय एवं बुंदेली कलाकारों के साथ ही 11 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायन सुधीर व्यास द्वारा भजन प्रस्तुति की जायेगी 7 वहीं बुंदेली कलाकारों में आल्हा गायन टाइमिंग्स सेन, गायन अबोध सोनी, लोकगायन जग प्रसाद तिवारी, बुंदेली बैण्ड मैशप, राई नृत्य निशांत भदौरिया द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

### पुलिस अधीक्षक ने आमजन की समस्याएं सुनकर त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो और पुलिस-जन संवाद और अधिक सुदृढ़ हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उनका कहना है कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर जनविश्वास को और मजबूत करना है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में जनपद का 6वां स्थान, विकास में टॉप

उरई (जालौन)। जनपद ने उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं पर खरा उतरते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 06वां स्थान हासिल किया है। रैंकिंग में जनपद को राजस्व कार्यों में 12वां स्थान तथा विकास कार्यों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, जो जनपद प्रशासन की सख्त मॉनिटरिंग और परिणामोन्मुखी कार्यप्रणाली को दर्शाता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री के स्पष्ट विजन, उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी शासन व्यवस्था और मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही निरंतर समीक्षा का प्रत्यक्ष परिणाम है। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में प्रत्येक योजना को लक्ष्यबद्ध तरीके से लागू किया गया तथा लंबित मामलों पर कड़ी निगरानी रखी गई। उन्होंने बताया कि राजस्व मामलों में समयबद्ध निस्तारण, जनशिकायतों के त्वरित समाधान और विकास योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष फोकस किया गया। इसी कारण जनपद ने विकास की श्रेणी में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर अन्य जिलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुरूप आगे भी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जवाबदेही तय करेगा। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन का लक्ष्य है और आने वाले समय में जनपद की रैंकिंग को और बेहतर करने के लिए ठोस कार्ययोजना के साथ कार्य किया जाएगा।

### भाकियू बैठक किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कोंच (जालौन)। कोंच नगर के गल्ला मंडी परिसर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक नन्दकुमार तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक के उपरांत किसानों ने एसडीएम वीरेंद्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में किसानों ने झूलती विद्युत लाइनों को बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र के कई गांवों में बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे जान-माल का जोखिम बना हुआ है। विशेष रूप से तारपुरा गांव में किसान महेन्द्र पटेल के खेत पर तार काफी नीचे लटक रहे हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर जर्जर खंभे और तार बदलने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने यह भी शिकायत की कि मीटर रीडर सही तरीके से रीडिंग नहीं लेते, जिससे बिजली के बिल अधिक आ रहे हैं। किसानों ने ग्राम परैया में खेत में आग लगने से एक किसान की मृत्यु का मुद्दा उठाते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। वहीं बिल्हौर से परासनी होते हुए नदीगांव क्षेत्र तक जाने वाली नहर की वर्षों से सफाई न होने के कारण करीब 300 बीघा भूमि की सिंचाई प्रभावित होने की बात कही गई और जल्द सफाई कराने की मांग की गई। इसके अलावा ग्राम मनोहरी में नमामि गंगे परियोजना के तहत डाली गई पाइपलाइन से हो रहे लगातार रिसाव से खेतों में जलभराव की समस्या बताई गई और मरम्मत की मांग की गई। बैठक के अंत में संगठन ने भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में आगामी सप्ताह में प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन की घोषणा की। अध्यक्ष नन्दकुमार तिवारी ने चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह, डॉ. पीडी निरंजन, सुभाष परैथा, जगत सिंह, भगवान सिंह, महेंद्र कुमार, रामदास कुशवाहा, मुन्नालाल, वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में पीस कमेटी की हुई बैठक

**आगामी पर्वों एवं बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत हुई जिला पीस कमेटी की बैठक**

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



आगामी पर्व शिवरात्रि, रमजान एवं हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शिवरात्रि एवं रमजान से संबंधित जुलूस, शोभा यात्राएं व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग तथा शांतिपूर्ण तरीके से प्रेम व भाईचारे के साथ आयोजित किए जाएं। शिवालयों व शोभायात्राओं के रूट के आसपास तथा अन्य संबंधित स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त किया जाए ताकि शॉर्ट सर्किट से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को रोका जा सके। उन्होने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में जलाभिषेक, कांवड यात्राएं व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भीड-भाड़ होगी। इसलिए क्राउड मेनेजमेन्ट के पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों निर्देश दिए कि आगामी पर्वो से संबंधित कार्यक्रम स्थलों, शोभायात्राओं व शिवालयों का निरीक्षण कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। सभी स्थलों पर अच्छे मजिस्ट्रेट व पुलिस कर्मी तैनात कर दिए जाए तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। शोभायात्राओं के दौरान डीजे पर किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ गाने न बजाए जाएं। पर्व के दौरान किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो, यह सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें। आयोजकों द्वारा कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाए। पुलिस विभाग अराजक व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था होने पर तुरन्त कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं होनी है। जनपद में बोर्ड परीक्षाओं के सकुशल सम्पादन हेतु 43 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए है। सभी परीक्षा केन्द्रो पर बोर्ड परीक्षाएं सकुशल व नकलविहीन सम्पादित कराने हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कर दी जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास पीआरबी 112 का रूट निर्धारण अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध रहे। उन्होने बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित तैनात किए गए सेक्टर एवं स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेटों तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह ना फैलायी जाए। सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन, जुलूस एवं शोभायात्राओं के आयोजन हेतु संबंधित थाने तथा एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। बिना परमीशन के कोई भी जुलूस/शोभायात्रा नही निकलनी चाहिए। एसडीएम व सीओ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं स्वयं अपनी देख रेख में कराएं। शिवालयों/मंदिर परिसरों में महिला सुरक्षा के विशेष इंतेजाम किए जाएं।बैठक में सीडीओ अरूण कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार सहित सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी, सभी एसएचओ तथा पीस कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

### चाची से झगड़ कर भतीजी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मौदहा(हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा में चाची से झगड़ा कर भतीजी ने फाँसी लगा किया आत्महत्या का प्रयास द्य अरतरा गांव निवासी की 17 वर्षीय बेटी ने मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर अपनी चाची से झगड़ा हो गया जहां वह घर मे दौड़कर कमरे में यह कहकर गई कि मै मर जाऊंगी और कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जहां युवती के बाबा ने कमरे में जाकर युवती को फन्दे से निकाल कर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत में सुधार बताया और उसे घर भेज दिया गया। युवती के बाबा ने बताया कि इसकी माता का चार साल पहले देहांत हो गया था। इसके पिता दिल्ली में मजदूरी करने गया है।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 57 लोगों का हुआ परीक्षण, 11 मरीजों में पाये गये मोतियाबिंद

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



बच्ची का डेरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चन्दूपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया यह नेत्र शिविर संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा द्वारा लगाया गया व निशुल्क चश्मा वितरण भी किया गया नेत्र शिविर 57लोगो की आँखो का नेत्र परीक्षण डा सुरेश कुमार के द्वारा किया गया व आखों की जांच डा शी पी गुप्ता द्वारा किया गया व क्ककी जांच सुप्रिया सचान ष्ट॥ ह्व ने किया ब्लड शुगर की जांच राजेश राम रु ञ्ज श्चद्बष् कुसमरा ने किया 57 मरीजो में 11 मरीज मोतियाबिंद के निकले और 5 मरीजो को नाखूना निकला और शेष मरीजो के चश्मे की जांच की गई मोतियाबिंद के मरीजो को जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया जिसमें मरीजो के पर्दे की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन किये जायेंगे जिन मरीजो की आखो की रोशनी कम निकली उन मरीजो को निःशुल्क चश्मा दिये जायेंगे और उसके पहले जो नेत्र शिविर लगा था उन मरीजो को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया मोतियाबिंद के मरीजो की आँखों का ऑपरेशन निःशुल्क फेको विध से बिना टाका व बिना इंजेक्शन लगाये आधुनिक विध से ऑपरेशपास किया जाएगा और इस मौके पर इसी मौके पर डा सुरेश ने कहा कि हम गांव गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर रहे और लोगो की निशुल्क आखो का ऑपरेशन करवा रहे है और निःशुल्क चश्मा भी दे रहे यह सेवा हम बराबर करते रहेंगे और अस्पताल में किशी को कोई परेशानी हो तो हमको बताओ गें तो उसमें भी हम मदद करेंगे और जब तक जीवन है तब तक हम सेवा करते रहेंगे।

### सद्गुरु नेत्र सेवा संस्थान चित्रकूट द्वारा गुसियारी गांव के पंचायत भवन में नेत्र शिविर का आयोजन

मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र के गुसियारी गांव में सद्गुरु नेत्र सेवा संस्थान द्वारा निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को परामर्श देने के साथ जरूरतमंदों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। आयोजकों ने बताया कि गंभीर रोगियों को आगे इलाज के लिए अस्पताल रेफर किया गया है। बताते चलें कि विकासखंड मौदहा विकासखंड क्षेत्र के गांव गुसियारी में सद्गुरु सेवा संस्थान के द्वारा कैंप का आयोजन किया गया जहाँ आँखों के मरीजों के लिए निशुल्क शिविर लगाया गया।गांव के समाजसेवी असरार ग्राम प्रधान ने बताया कि हमारे गांव में नेत्र शिविर पर 170 मरीजों का नामांकन कराया गया जिसमें 135 मरीजों को दवा देकर आँख में दवा डालने की सलाह दी गई तथा 17 ऐसे मरीज जिनकी आंखों में मोतियाबिंद, नखूना सहित अन्य बीमारियों के ग्रसित होने पर उन्हें शिविर के माध्यम से ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर चित्रकूट धाम भेजा गया है। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक प्रदीप रजत, डॉक्टर गौरव, रामस्वरूप आशीष सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# वीहट जंगल से अवैध लकड़ी कटान और परिवहन का वीडियो वायरल, वन विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।



पनवाड़ी वन क्षेत्र कार्यालय के अंतर्गत आने वाले बीहट जंगल से अवैध लकड़ी कटान और उसके परिवहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अवैध गतिविधि वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से लंबे समय से संचालित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, बिहट जंगल से बड़ी मात्रा में कीमती लकड़ी का अवैध कटान कर उसे खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। यह गोरखधंधा कई महीनों से लगातार चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में पनवाड़ी वन क्षेत्र कार्यालय में तैनात रेंजर विनोद कुमार को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्रवाई न होने के कारण अवैध कटान का यह धंधा दिन-प्रतिदिन और भी बढ़ता जा रहा है। इसी से आक्रोशित होकर बिहट गांव के कुछ ग्रामीणों ने अवैध लकड़ी परिवहन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे मामला सुर्खियों में आ गया। इस पूरे प्रकरण में रेंजर विनोद कुमार का पक्ष जानने के लिए उनसे कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला, जिससे विभागीय उदासीनता और संदेह और गहरा गया है। वीडियो वायरल होने के बाद अब क्षेत्रीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बिना वैध प्रपत्रों के माल सहित पकड़े गए ट्रक



मौदहा(हमीरपुर)। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवें के पास राठ-मुस्करा रोड पर सोमवार शाम पांच बजे उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने चेकिंग के दौरान दो ट्रकों में बिना दस्तावेजों के ज्वार लादे ट्रक संख्या HR62A9627 को चेक किया गया, जिसमें मक्का 405 कुन्तल लोड था जो बिना वैद्य प्रपत्रों के पलारी मध्य प्रदेश से पंजाब जा रहा था। वही शाम 6.35 बजे दूसरा ट्रक संख्या UP25BT4946 को चेक किया गया जिसमें मक्का 340.45 कुन्तल लोड था जो बिना प्री-एराइवल स्लिप के जिला छिदवाड़ा से उत्तराखण्ड जा रहा था जिसमें केवल बिल था। उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने बताया कि वैद्य प्रपत्र न होने की वजह से उक्त दोनो वाहनों को मण्डी परिसर मुस्करा में खड़ा करा दिया गया हैं और शमन शुल्क जमा कराने की कार्यवाही की जा रही है तथा जांच की जा रही हैं।चेकिंग के दौरान राघवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी मण्डी सचिव, योगेश द्विवेदी मण्डी सहायक, दयाराम मण्डी अभिरक्षक, शमीम कम्प्यूटर आपरेटर व आशाराम पीआरडी गार्ड उपस्थित रहे।

### बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई गई बाल विवाह न करने की शपथ

महोबा। महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम रिवई एवं नटर्रा में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक क्षमा द्वारा किया गया। इस दौरान बालक-बालिकाओं एवं ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों से अवगत



कराते हुए बाल विवाह को एक सामाजिक अपराध बताया गया। प्रतिभागियों को संचालित टोल-फ्री नंबर 112, 1098, 1090, 181 एवं 1076 की जानकारी दी गई। मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता पूर्णिमा द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं—मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित विधवा पेंशन योजना—की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता एवं दहेज प्रतिषेध जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने/न होने देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उप निरीक्षक मलखान सिंह, पुलिस आरक्षी राहुल यादव, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन सम्पन्न कराने को प्रशासन ने कसी कमर , जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

- **जिलाधिकारी ने नकल विहीन परीक्षा को जनपद के परीक्षा केन्द्रों को 3 जोन एवं 9 सेक्टर में बांटा, दिए सख्त निर्देश**
- **वर्ष 2026 हाईस्कूल व इण्टर की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे जनपद में 21938 परीक्षार्थी**

महोबा, समृद्धि न्यूज।



माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं-2026 दिनांक 18 फरवरी 2026 से प्रारम्भ होकर दिनांक 12 मार्च, 2026 को समाप्त होगी। परीक्षा हेतु जनपद महोबा में कुल 29 केन्द्र बनाये गये है जिसमें राजकीय के 08 परीक्षा केन्द्र, अशासकीय सहायता प्राप्त के 8 तथा वित्तविहीन के 13 परीक्षाकेन्द्र है जिसमें तहसील महोबा में 13 परीक्षाकेन्द्र, तहसील चरखारी में-05 परीक्षाकेन्द्र एवं तहसील कुलपहाड़ में 11 परीक्षाकेन्द्र बनाये गये है। जनपद महोबा में संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की संख्या शून्य है। वर्ष 2026 में हाईस्कूल के 12018 व इण्टरमीडिएट के 9920 कुल 21938 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है। परीक्षाओं को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष, नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों को 03 जोन एवं 09 सेक्टर में बाँटकर क्रमशः 03 जोनल मजिस्ट्रेट, 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात व 29 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये तथा परीक्षा केन्द्रों पर 29 केन्द्र व्यवस्थापक, 29 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तैनात किये गये। परीक्षाओं के सतत् पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण हेतु 4 विभागीय सचल दलों का गठन किया गया जिसमें प्रथम दल जिला विद्यालय निरीक्षक, महोबा द्वितीय दल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोबा तृतीय सचल दल वित्त एवं लेखाधिकारी (मा.) कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा तथा चतुर्थ दल प्रधानाचार्य, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ बनाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों की वांछित माँग के अनुरूप कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जा चुकी है। परीक्षाओं की मॉनीटरिंग हेतु कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी जो कि 14 फरवरी 2026 से क्रियाशील है। 29 परीक्षा केन्द्रों में से 18 परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को पहुँचा दिया गया है तथा शेष केन्द्रों पर उपु पहुँचने की प्रक्रिया गतिमान है तथा प्रश्नपत्रों को भी शीघ्र ही सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचा दिया जायेगा। जिनको परीक्षाकेन्द्र के स्ट्रॉग रूम के डबल लॉक में रखवाया जायेगा। जिनकी निगरानी नाइट विजन एव वॉयस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरों द्वारा की जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी, महोबा शिवध्यान पांडे, चरखारी, कुलपहाड़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महोबा उपस्थित रहे।

### आईजीआरएस में तहसील कोंच ने फिर रचा कीर्तिमान, प्रदेश में शीर्ष स्थान बरकरार

उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश सरकार की जनशिकायत निवारण प्रणाली आईजीआरएस में जनपद ने एक बार फिर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए प्रदेश स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जनपद की तहसील कौंच ने शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रदेश में पुन: प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि को उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी शासन व्यवस्था, मुख्यमंत्री के निर्देशन तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग का परिणाम बताया। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया गया है।

# नोटिस निर्गत प्रकरणों की सुनवाई प्रक्रिया का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**नोटिस प्रकरणों पर ईआरओ, एईआरओ द्वारा सुनवाई जारी**

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विकास भवन स्थित सभागार में व विभिन्न मतदेय स्थलों पर चल रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उन मतदाताओं से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की, जिनकी मैपिंग विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सकी थी तथा जिनके संबंध में पूर्व में नोटिस निर्गत किए गए थे।निर्धारित तिथि के अनुसार ऐसे मतदाताओं के प्रकरणों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप



निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभिलेखों के आधार पर विधिवत सुनवाई की जा रही है।

उन्होंने सुनवाई की कार्यवाही, अभिलेख परीक्षण एवं प्रक्रिया की पारदर्शिता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य के अनुरूप पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित मतदाताओं को बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे युवा जो 01 जनवरी 2026 के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की अर्ह आयु पूर्ण कर रहे है, वह फॉर्म-6 भर सकते है। इसके साथ ही फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र संलग्न करना भी अनिवार्य है।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2521174 का अंकपत्र/ सह प्रमाणपत्र खो गया है। कुमारी प्रतिभा वर्मा पुत्री भारती लाल रामगंज जनपद बहराइच।

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217175778 का अंकपत्र/ सह प्रमाणपत्र खो गया है। अखंड प्रताप सिंह पुत्र चंद्र प्रताप सिंह ग्राम पुरे छेदा बौवा हुजूरपुर जनपद बहराइच।

# रामकृष्ण बाजपेई की पुण्यतिथि पर पूर्व मंडलायुक्त ने वितरित किया अंगवस्त्र

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम हर्ष मेमोरियल हाई स्कूल कान्हीपुर के परिसर में स्वर्गीय रामकृष्ण वाजपेई की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं निराश्रित गरीबों विधवाओं को अंग वस्त्र वितरण का पुनीत कार्य एडवोकेट प्रदीप बाजपेई के आयोजन में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र के द्वारा गरीबों को अंग वस्त्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम में उपस्थित सुनील सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख) सिपाही लाल यादव, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्ण कुमार द्विवेदी उर्फ राजू भैया ,राम अचल मिश्र, पंकज दीक्षित, दीपू द्विवेदी, प्रधान भानू बाजपेई, रप्पन सिंह प्रधान, दुर्गा बक्स सिंह प्रधान, फूलचंद प्रधान ,ओमप्रकाश रावत प्रधान ,कुलदीप अवस्थी पूर्व प्रधान ,पप्पू दीक्षित पूर्व प्रधान, मैकू रावत पूर्व प्रधान सहित उपस्थित कई सारे प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं गांव क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के प्रति आयोजन एडवोकेट प्रदीप बाजपेई व अध्यक्ष केशवानंद बाजपेई द्वारा ज्ञापित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र बाजपेई सहित समस्त विद्यालय परिवार ने संस्थापक स्वर्गीय रामकृष्ण वाजपेई को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपस्थित जन समूह का यथोचित सम्मान करते हुए कृतज्ञ भाव से उपस्थिति हेतु प्रणाम निवेदित किया।

## जुताई का बकाया मांगने को लेकर खूनी संघर्ष, 5 घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत पूरे निधि कटारी गांव में खेत की जुताई के बकाया पैसे को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। बताया जा रहा है कि एक पक्ष खेत की जुताई के बकाया भुगतान की मांग करने दूसरे पक्ष के घर पहुंचा था। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल होने लगा। मारपीट की सूचना मिलने पर जब पीड़ित पक्ष के परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामों लाया गया, जहां से दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया।

# महिला की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले दरोगा के विरुद्ध नहीं हुई कार्यवाही

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महिला की अस्मिता से खिलवाड़ कर एक हंसते खेलते परिवार को बर्बाद करने के करीब तक पहुंच चुके आरोपी दारोगा के विरुद्ध हुई शिकायत पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

पीड़ित पति का जिसके चलते आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी जांच पड़ताल के नाम पर एसआई अखिलेश कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे है।मालूम हो कि थाना रामनगर के अंतर्गत क्षेत्र मे रक्षक के रुप में तैनात हल्के के एसआई ने भक्षक का रुप अख्तियार कर लिया। लगभग एक वर्ष पहले पड़ोसी से रास्ते को लेकर हुई मारपीट के मामले मे पीड़ित पक्ष का धन और धर्म दोनो पर हाथ डालने का जी भर प्रयास किया।हल्के फुल्के मामलो मे आम आदमी के खिलाफ शिकायत करने का जिसके पास साहस नही है उसने अपना घर टूटता बिखरता देखकर मुख्यमंत्री के पोर्टल और पुलिस कप्तान के यहां जाकर दिनांक 31-1-2026 तथा 2-2-2026 को भेजे गये प्रार्थना पत्र के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है।जिसका कोई असर न होते देख पीड़ित परिजन और डरे हुए है। जिससे यह मामला धीरे धीरे तूल पकड़ रहा है। पीड़ित महिला के मुताबिक हल्का एसआई उसके मना करने के बावजूद आये दिन उसके मोबाइल पर ही कॉल कर जांच पड़ताल और पड़ोसी को दंड दिलाने के बहाने बात करते रहे है। पीड़िता ने आरोपी एसआई को कटघरे में खड़े करते हुए छेड़छाड़ और टार्चर करने का आरोप भी लगाया है।अब जागरुक जनो में सवाल तो इस बात का है वर्दी पर ही दाग लगाने वाले हल्का एसआई के विरुद्ध कार्यवाही अभी तक अधर मे क्यो है। ऐसा तब है जब आरोपी दरोगा की ओर से पीड़ित महिला के मोबाईल पर की गयी काले प्रत्यक्ष मे डिटेल के रुप में उपलब्ध है।

इस सम्बंध में हमारे संवाददाता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो आपने फोन रिसीब नहीं किया।

## दुर्घटना का शिकार हुआ स्टील कारीगर, गंभीर हालत में रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत महाराजगंज रोड पर स्टील रेलिग का कार्य करते समय एक स्टील कारीगर गंभीर रूप से दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल स्टील कारीगर संजू पुत्र रामगोपाल उम्र 40 वर्ष निवासी दुर्गन टोंला नगर पंचायत बछरावां, जो कि मंगलवार की दोपहर स्थानीय कस्बा अंतर्गत महाराजगंज रोड पर सीढ़ी के ऊपर खड़ा होकर एक स्टील की रेलिंग बनाने का कार्य कर रहा था, कार्य करते समय उसके द्वारा गैलेंडर मशीन का प्रयोग किया जा रहा था, तभी अचानक गैलेंडर मशीन उसके हाथ से छूट गई और वह मशीन चलतू हालत में उसके कंधे पर जा गिरी, जिससे उसके कंधे पर चोट आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा आनन -फानन इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# पूर्व मंडलायुक्त ने गरीबों में वितरित किया अंगवस्त्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत कान्हीपुर के राम हर्ष मेमोरियल हाई स्कूल में मंगलवार को स्वर्गीय रामकृष्ण वाजपेई की छठी पुण्यतिथि बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री एवं स्वर्गीय रामकृष्ण वाजपेई के सुपुत्र एडवोकेट प्रदीप बाजपेई एवं कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने स्वर्गीय वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय वाजपेई जी हमेशा गरीबों और निराश्रितों की मदद किया करते थे उनके ना रहने पर भी उनके सुपुत्र प्रदीप बाजपेई द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर गरीबों की मदद की जा रही है यह अत्यंत सराहनीय है। विधवाओं और गरीबों को अंग वस्त्र प्रदान कर एडवोकेट प्रदीप बाजपेई द्वारा अपने पिता स्वर्गीय रामकृष्ण बाजपेई जी को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान करने का काम किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान केशवानंद बाजपेई विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र बाजपेई सोमेश बाजपेई शशिशेखर मिश्रा सिपाहीलाल यादव अभिषेक त्रिवेदी कुलदीप मिश्रा भाजपा नेता पंकज दीक्षित पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित पूर्व प्रधान सुरेश अवस्थी युवा नेता अतुल सिंह रावत मनोज सिंह प्रधान दुर्गाबक्स वीरेंद्र वर्मा राजन शुक्ला बब्बू मिश्रा अनिल सिंह सरोज तिवारी अन्नू सिंह पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। एडवोकेट प्रदीप बाजपेई ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# महिला ने दबंग पर लगाया छेड़खानी का आरोप




**बछरावां, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोधई खेड़ा मजरे कुंडौली गांव की रहने वाली एक महिला ने स्थानीय गांव निवासी एक दबंग व्यक्ति पर छेड़खानी एवं अभद्रता का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला रामावती पत्नी पुन्नवासी निवासी उपरोक्त ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते 9 फरवरी दिन सोमवार की दोपहर 1:00 वह अपनी बकरी गांव की छोटी नहर पर चरा रही थी, तभी विपक्षी स्थानीय गांव निवासी रामकुमार पुत्र तोषराम शराब पीकर आया और पीड़िता से कहां की मेरे साथ तिलहन खेत में चलो, पीड़िता ने जब मना किया तो विपक्षी ने गंदी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया और पीड़िता के द्वारा विरोध करने पर विपक्षी के द्वारा उसे भद्दी भद्दी गालियां देते हुए चप्पल से मारा पीटा गया। किसी तरह पीड़िता वहां से अपने आप को छुड़ाकर अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा पीड़िता की मदद की गई है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है, तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भाकियू कार्यकर्ता सीएम को नही दे पाए ज्ञापन, पुलिस ने रोका

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** पूर्व दिए गए ज्ञापन में दिए गए समय सीमा पर जांच व कार्यवाही न होने पर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिए जाने का भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र के पदाधिकारी द्वारा आवाहन किया गया था जिसमें तहसील रामसनेहीघाट के अंतर्गत वन विभाग सहित अन्य बिंदुओं में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करवाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है भाकियू धर्मेंद्र के पदाधिकारी दिलोना बाईपास हाईवे के किनारे पहुंच ही रहे थे तभी पुलिस प्रशासन रामसनेही घाट एवं नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने काफी मान मनौव्वल करते हुए ज्ञापन को जिला अधिकारी बाराबंकी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# बाइक सवार को बचाने में ई-रिक्शा पलटा, दो गंभीर

- रिक्शा में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटे आई , जिनका कराया गया इलाज
- बछरावां महाराजगंज मार्ग पर हुआ हादसा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर जलालपुर गांव के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चालक समेत कई सवार घायल हुए हैं। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ई रिक्शा बछरावां से महाराजगंज की ओर जा रहा था, जैसे ही वह उक्त मार्ग पर जलालपुर मोड के पास पहुंचा, तभी एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में वह अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें ई रिक्शा सवार बाबुल हुसैन पुत्र अब्दुल बख्खार निवासी जलालपुर उम्र 35 वर्ष एवं उनकी पुत्री फलक उम्र 10 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां गंभीर स्थिति में उनका इलाज किया गया है। फिलहाल उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। वही ई रिक्शा में सवार अन्य लोगों को मामूली चोटे आई हैं, जिनका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है।

# आईजीआरएस जनसुनवाई में जिले को मिला मंडल में प्रथम स्थान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के प्रभावी निर्देशन में जनपद ने आईजीआरएस जनसुनवाई के अंतर्गत माह जनवरी में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें जिले ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रदेश स्तर पर छठा स्थान हासिल करते हुए जनपद ने टॉप-10 में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए रखी है। माह जनवरी में जनपद को कुल 5761 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में जनपद में डिफाल्टर की संख्या शून्य रही। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा किसी भी शिकायत को 'ध्' श्रेणी में नहीं रखा गया।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने आगे बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतिदिन रैंडम आधार पर शिकायतकर्ताओं से संवाद करते हैं। जिससे शिकायतकर्ता संतुष्टि प्रतिशत में निरंतर वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद की तहसील मुसाफिरखाना ने उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश स्तर पर पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो तहसील स्तर पर प्रभावी प्रशासन एवं जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान का प्रमाण है।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह आयोजित

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**




न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा- 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में सांस्कृतिक एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य, कोर्डिनेटर व बच्चों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा-11 के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य भावपूर्ण कविता पाठ व प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

सीनियर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के जीवन की यादों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिसमें बेस्ट पर्सनालिटी अवार्ड आश्विन गुप्ता,मोस्ट सिंसियर स्टूडेंट शगुन यादव एवं स्टूडेंट ऑफ़ द इयर के लिए अकांश यादव चुने गये। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर करने व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए तथा सभी ने उनके सफल भविष्य की कामना की। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कक्षा -11 की छात्रा भाग्यश्री, आयुषी सिंह ने किया।

इस के अवसर पर कविता शर्मा, प्रियांशी गुप्ता, कोमल वर्मा, देवेश सिंह अंकित कुमार व विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## लगातार पति की प्रताड़ना से परेशान पत्नी के सब्र का आखिरकार टूटा बाँध

**पति के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर दर्ज कराई शिकायत**

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरुवा गांव में विवाह के उपरांत से अपने पति की प्रताड़ना से परेशान एक महिला के सब्र का बांध आखिरकार सोमवार को टूट गया। जब उसने स्थानीय थाने में अपने पति के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला रिया पत्नी संतराम निवासी चुरूवा ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका विवाह स्थानीय गांव निवासी संतराम उपरोक्त से 6 से 7 वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के उपरांत से वह लगातार पीड़िता को प्रताड़ित कर रहा था और तलाक लेने की बातें भी कह रहा था, पीड़िता और उसकी तीन बच्चियां भी हैं। साथ ही साथ उसके द्वारा यह भी बताया गया कि सोमवार की सुबह उसके पति के द्वारा फिर से उससे तलाक लेने की बात कही गई तो उसने कहा कि मुझे 500000 दे दो, आखिर मै इन तीन बच्चों का पालन पोषण कैसे करूंगी। उसके पश्चात उसका पति क्रोधित हो गया और उसने लाठी से उसके सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल उसके द्वारा घटना की सूचना अपने मायके पक्ष के लोगों को दी गई। सूचना पर पहुंचे उसके मायके पक्ष के लोगों ने उसे स्थानीय थाने पहुंचाया। जहां तहरीर देकर उसने शिकायत दर्ज कराई है। वही स्थानीय पुलिस के द्वारा घायल पीड़िता का इलाज व मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रिश्वत मामले में एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को दबोचा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेश पाल को एंटी करप्शन टीम ने हिरासत में लिया है। टीम द्वारा यह कार्रवाई हाईवे के पास स्थित एक ढाबे पर की गई जिसके बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एंटी करप्शन टीम उप निरीक्षक को अपने साथ किसी नजदीकी थाने ले गई,जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार उप निरीक्षक पर एक मामले में पीड़ित से रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया है। मामला एक सड़क हादसे की विवेचना से जुड़ा बताया जा रहा है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर ही टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई है। हालांकि, मौके से किसी प्रकार की रिश्वत बरामद होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और न ही एंटी करप्शन टीम की ओर से इस संबंध में कोई विस्तृत बयान जारी किया गया है। थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने पुष्टि की है कि एंटी करप्शन टीम उप निरीक्षक को अपने साथ ले गई है।



# डीएम ने सीएचसी हरगांव का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

- भंडारण कक्ष में दवाओं का रख-रखाव सही न मिलने पर चीफ फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के दिए निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड देखते हुये कलर कोडिंग के अनुसार बेडशीट न होने पर व गंदी होने पर जिलाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करने पर फार्मासिस्ट आदित्य प्रकाश पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी के निर्देश संबंधित को दिये। एम.ओ.आई.सी. संजय गौड़ अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। औषधि केन्द्र पहुंचकर जिलाधिकारी ने दवाओं की एक्सपायरी रजिस्टर का अवलोकन करते हुये दवाओं की भी एक्सपायरी को देखा। दवाओं का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर फार्मासिस्ट पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। दवाओं के भंडारण कक्ष में भी दवाओं का रख-रखाव सही न मिलने पर चीफ फार्मासिस्ट को भी प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बी.पी.एम. राहुल बाजपेयी द्वारा कार्यों में लापरवाही करने पर 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन करते हुये नर्सों की संख्या की जानकारी ली। लेबर रूम में प्रसव की जानकारी करते हुये 545 का प्रसव का लक्ष्य है, जिसमें से कुल 324 प्रसव होने एवं आशाओं द्वारा संस्थागत प्रसव हेतु जागरूकता न फैलाये जाने पर बी.सी.पी.एम. संतोष कनौजिया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये।

एन.बी.एस.यू. वार्ड में रजिस्टर, रेफर रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को निर्देश दिये कि रेफर किये गये मरीजों से वार्ता करते हुये उनका फीडबैक अवश्य प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कवि समीर मिश्रा ने मंच संचालन कर लहराया परचम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी निवासी कवि समीर मिश्रा ने मंच संचालन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्व गोवर्धन लाल की जयंती के अवसर एवं स्व कुबेरलाल की पवन स्मृति में शाहपुर अटिया, कोथावां, हरदोई में बीते 9 फरवरी को एक भव्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन देश सेवा संस्था द्वारा एवं एस जेवीएन, एनएचपीसी, पावर ग्रिड, पीएफसी, नालको, एनटी पीसी, तथा एचसीएल के प्रयोजन सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य जानकारी के साथ साथ जांच एवं दवा पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया। उक्त स्वास्थ्य मेले में एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया हजारों लोगों ने इस स्वास्थ्य मेले का लाभ उठाने के साथ मेले की खुले हृदय से सराहना भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार रावत सांसद मिश्रिख ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा धन शरीर का स्वस्थ होना है। मुख्य अतिथि के रूप मे राम पाल वर्मा विधायक बालामऊ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर लाल लोधी, तथा अजीत सिंह बब्बन जिला अध्यक्ष भाजपा तथा अनुष्का ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश वर्मा की उपस्थिति रही। जनपद से संचालन के लिए बुलाए गए कवि समीर मिश्रा के कुशल संचालक ने कार्यक्रम में शमा बांध दिया। अंत में देश सेवा संस्था की अध्यक्ष शोभा कुमारी ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा लोगों की सेवा करती रहेगी अगर किसी भी व्यक्ति को कभी भी संस्था की तरफ से किसी मदद की आवश्यकता हो तो जरूर सूचित करे। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## एसपी ने किया कस्बा गौरीगंज में पैदल गश्त

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत नारी सुरक्षा, सम्मान, व स्वावलंबन हेतु महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में पैदल गश्त किया गया तथा वहाँ पर मौजूद लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। एसपी द्वारा द्वारा पिकेट, गश्त ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने व संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग के संबंध में महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राजू उर्फ पवन का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मिहीलाल पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम नगला सधू, उदयपुर, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र कुंअर सिंह का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण अपनी पत्नी की सहमति से उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य या लेन देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**उदयवीर सिंह पुत्र राधाकृष्ण निवासी ग्राम हुसेपुर करन थाना सौरिख, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# सचिव-प्रधान ने किया गमन, दबा दी गई फाइल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड परसेंण्डी की ग्राम पंचायत तालगॉव में ग्रामीणों की शिकायत पर हुई थी जांच जाति में सचिव प्रधान के द्वारा किया गया भ्रष्टाचार जांच टीम में सिद्ध करते हुए उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया है और उच्च अधिकारियों द्वारा फाइल दबाकर सचिव प्रधान को बचाने का कार्य किया गया है बताते चलें बराती पुत्र पुत्तू, निवासी ग्राम पंचायत तालगांव, विकास खण्ड परसेंण्डी द्वारा लोक आयुक्त, उप्र के यहाँ परिवाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें ग्राम पंचायत तालगांव में बरती गयी गम्भीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की गयी थी। लोक आयुक्त उप्र द्वारा प्रकरण की जाँच आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ को कराने के लिए पत्र सं0व 2329-2023/ 16/7710 (01) दिनांक 08-09-2025 द्वारा आदेश पारित किये गये थे। आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ द्वारा प्रकरण की जॉच हेतु त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया जिसमें मनोज कुमार शुक्ला, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड लखनऊ,

जिला पंचायतराज अधिकारी जनपद लखनऊ, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) लखनऊ सम्मिलित थे। उक्त समिति द्वारा ग्राम पंचायत तालगॉव में जाकर कराये गये कार्यो का गहनता से जाँच की गयी। जॉच में रू0 17,83,566-00 शासकीय धनराशि की क्षति होना पाया गया। जिसके लिए सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को उत्तरदायी / दोषी ठहराया गया है। देखना यह है कि उच्च स्तरीय जॉच में दोषी पाये जाने पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ कार्यवाही होती है अथवा अन्य प्रकरणों की तरह इसे भी रफा-दफा कर दिया जाता है।

## आरआरपीजी कालेज में लगेगा वृहद रोजगार मेला

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानकारी देते हुए बताया है कि रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का आयोजन आगामी 26 फरवरी को रणवीर रणजंय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी परिसर में 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इसके साथ ही विदेश से संबंधित रोजगार अवसरों की भी जानकारी प्रदान करने के लिए एनएसडीसी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहेंगे। वहीं परिवहन विभाग, अमेठी द्वारा भी लगभग 80 चालकों की रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# इंटरमीडिएट परीक्षा शांतिपूर्ण सुनिश्चित कराने के लिए हुई बैठक

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं राजकीय इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 के शुचितापूर्ण, नकल-विहीन, शांतिपूर्ण एवं सफल संचालन को सुनिश्चित करने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की भौतिक तैयारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित परीक्षार्थियों की सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन, सीलिंग एवं प्रेषण व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे पूर्णतः क्रियाशील रहें तथा उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। नकल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु उड़नदस्तों की प्रभावी तैनाती, संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखी जाये, यदि किसी प्रकार की कोई घटना घटित होती है तो इसकी तत्काल सूचना कन्ट्रोल को उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी द्वारा यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई जा सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मो. वकील व पुत्रवधू नूरजहां को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ताजन**
**मो. इसरार पुत्र मो रफी व रुबिया बानो पत्नी इसरार निवासीगण 346 खिझना पोस्ट खिझना, तहसील फतेहपुर थाना बड्डूपुर, जनपद बाराबंकी।**

# कांग्रेस सरकार की योजनाएं खत्म कर रही है भाजपा : संजय दीक्षित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस वार रूम के प्रदेश चेयरमैन संजय दीक्षित बेवर जाते समय कुछ देर के लिये पश्चिमी बाई पास स्थित निजी गेस्ट हाउस के विजिटिंग रूम में रुक कर कांग्रेस नेताओं से मिले। इस मौके पर उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार की योजनाओं को भाजपा खत्म कर रही है। उन्होंने मनरेगा का उदाहरण देते हुए कहा 2006 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने यह योजना लागू की थी लेकिन भाजपा सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नाम से शुरू की गई इस योजना को खत्म कर (जी राम जी) योजना शुरू की। अब जनता भी इस सरकार के जुल्म से परेशान होकर इंडिया गठबंधन की ओर आस लगाए बैठी है कि जल्द ही 2027 में प्रदेश और 2029 में केन्द्र में इस सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार लाएं। एसआईआर पर कहा जीवित लोगों को मृत दिखाकर वोट काटे जा रहे हैं। अमेठी में फार्म 07 भरकर लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। वहां पार्टी के बीएलए ने ये पकड़ा और अमेठी सांसद से शिकायत की। भाजपा का यह खेल जहाँ जहाँ एसआईआर हुआ वहां हुआ और जहां अभी एसआईआर चल रहा है वहाँ हो रहा है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन एडवोकेट, पीसीसी सदस्य संजय पौल, पूर्व प्रदेश महासचिव अर्चना राठौर, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, मेहराज वारसी, विनोद दुबे (पप्पू), यूथ जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला, अमोल दीक्षित, आमिर खान, राजू खान सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 को होगी भाकियू (अवधेश) की महापंचायत

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) को किसान महापंचायत गंगोत्री गैलेक्सी गेस्ट हाउस में 15 फरवरी को दोपहर बाद 3 बजे से होगी। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संजू की अध्यक्षता में यह महापंचायत पहले 11 फरवरी को प्रस्तावित थी लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों से समीक्षा करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निर्णय लिया कि अभी शादी विवाह का सहालग है। इसमें पदाधिकारियों को आने में असुविधा होगी अतः 11/ फरवरी की किसान महापंचायत स्थगित की जाती है और गंगोत्री गेस्ट हाउस के मलिक व संगठन के पदाधिकारी हनी गुप्ता की अध्यक्षता में 15 फरवरी को 3 बजे से गंगोत्री गेस्ट हाउस में किसान महापंचायत की जाएगी।

# वैश्य समाज को एकजुट करने के लिए निकली पदयात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। वैश्य समाज को जागृत और एकजुट करने के उद्देश्य से निकाली गई पदयात्रा में गोपाल गुप्ता और योगेंद्र गुप्ता का नगर में माल्यार्पण कर कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय वैश्य समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया।

पदयात्रा के नेतृत्वकर्ता गोपाल गुप्ता ने कहा, 356 उपजातियों में बंटे जैन, वैश्य, लाला, बनिया मिलकर अपनी दुनिया बदलें। उपजाति की विदाई करें, हम सब वैश्य बनिया भाई-भाई हैं। गर्व से कहो हम वैश्य, आवाज दो हम सब एक हैं। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को गुरसहायगंज



से शुरू हुई यह पदयात्रा पूरे जिले में भ्रमण करेगी। यदि समाज का सहयोग मिला तो पूरे प्रदेश में इसे विस्तार देकर वैश्य समाज को जागरूक व संगठित किया जाएगा।

पदयात्रा पश्चिमी बाईपास से शुरू होकर सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ माँ कालिका देवी मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान शैलेंद्र गुप्ता लालू, आनंद गुप्ता महिंद्रा, शिवम गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना दाल वाले, आनंद गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, रामदत्त गुप्ता, बृजेश चंद्र गुप्ता, रिंकू गुप्ता, अवली गुप्ता, तासु गुप्ता, श्याम गुप्ता, गगन गुप्ता, सक्षम गुप्ता, मयंक गुप्ता, सूरज गुप्ता और राहुल मोंटी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल रहे।


# किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे पर बच्चों ने किया धमाल




छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी के तरंग मंच पर आयोजित किंडरगार्टन ग्रैजुएशन सेरेमनी में यूकेजी पास कर कक्षा एक में पहुंचे छात्र छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधालय की चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, प्रबंधक हिमांशु सक्सेना, लक्ष्मी शर्मा व प्रधानाचार्या अलका गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपने सपनों को प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री व अन्य सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में विशेष पुरस्कार भी दिए गए। इनमें लिटिल जेंटलमैन रुहान को, सुपर रीडर अभ्यासः को, डांसिंग स्टार मिस्टी को, काइंडनेस चैंपियन अंशी को अवार्ड्स प्रदान किए गए। इस अवसर पर अलका गुप्ता ने कहा कि यह एक नई शुरुआत का प्रतीक है जो उनके स्कूली जीवन में नए आयाम जोड़ता है। चेयरपर्सन विभारानी सक्सेना ने दीक्षांत भाषण में स्नातकों की उपलब्धियों पर बधाई दी और शिक्षकों को शिक्षा और अन्य सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के विकास में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए शुभकामनाएं दी। प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा कि बच्चों के बुजुर्ग अभिभावक जैसे नाना नानी तथा दादा दादी को भी गर्व की अनुभूति कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

## एक बार जैसे ही मनुष्य सदगुरु की शरण गया तो समझो उसने परमात्मा को पा लिया: राजकुमार गुप्ता





छिबरामऊ, कन्नौज। पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में स्थानीय शाखा के मुखी परम पूज्य महात्मा राजकुमार गुप्ता ने अपने अनमोल वचनों में कहा सदगुरु पूरे संसार को अमन का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा आज के समय में परमात्मा को पाना सदगुरु की कृपा से सरल हो गया है। एक बार जैसे ही मनुष्य सदगुरु की शरण गया तो समझो उसने परमात्मा को पा लिया। केवल भक्ति के लिए अरदास करे तो वह सदगुरु की कृपा दृष्टि का पात्र बन जाता है और सदगुरु संसार को यही सन्देश दे रहे हैं तू समय से सदगुरु को जान ले फिर भक्ति कर। प्रभु किसी भी मनुष्य के अवगुणों को नहीं देखते अपितु शरणागत मनुष्य की श्रद्धा भावना को देखते हैं। प्रभु तो दयालु है जो सभी अपराधों को क्षमा करने वाला है। दुराचारी से दुराचारी को भी अपनी शरण में लेकर क्षमा दान देते हैं। इसलिए जो मनुष्य सदगुरु के चरणों का आश्रय ले लेता है वो चौरासी लाख योनियों के भ्रमण से बच जाता है। जो जीव मोह माया के बन्धनों में जकड़ा रहेता वो परमात्मा को भूलकर अपना जीवन नष्ट करते हैं। भक्त को सब चिन्ताये प्रभु परमात्मा पर छोड़ देनी चाहिये क्योंकि जब तक वह अपना सम्बन्ध संसार से मानता रहेगा तब तक चिन्तामुक्त नहीं हो सकता। वास्तव में जीव का उद्धार तभी होगा जब वह सदगुरु की शरण में निश्चिंत होकर महापुरुषों की सेवा करे और सदगुरु के हर आदेश का पालन करे। महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचारों और भजनों से संगत को निहाल किया।

# आत्मविश्वास के साथ करें बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी

## वार्षिकोत्सव समारोह में मेधावियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में वार्षिकोत्सव समारोह, मेधावी छात्र- छात्राओं का पुरस्कार वितरण, कला एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता तथा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्राची गुप्ता, जिला संयोजक महिला मोर्चा भाजपा तथा विशिष्ट अतिथि गीता पाठक, स्वदेशी जागरण मंच (प्रांत सह महिला प्रमुख) रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों, राज्य



पं. दीनदयाल राजकीय इंटर कॉलेज जसोदा में छात्रा को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि

स्तरीय खिलाड़ियों व विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास व अनुशासन के साथ बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी। विदाई समारोह में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सस्मित कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार शर्मा, रचना वर्मा, राजकुमार, आकाश गुप्ता, अंकुर भट्ट, गीता देवी, अरविंद द्वारा व्यक्त विचारों ने सभी को भावविभोर कर दिया। अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# उधारी के पैसे मांगने गई महिला से बदसलूकी



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। बकायेदारों से अपना पैसा मांगने उनके घर पर गई एक महिला से बदसलूकी का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली के गांव जसपुरपुर सरैया निवासी सुल्तान की पत्नी सोनी ने बताया कि, मंगलवार की सुबह सात बजे के करीब गांव के ही रहने वाले मिलन पुत्र रमेश ,नीतू पत्नी मिलन, फूलमती पत्नी रमेश के घर पर अपना दिया हुआ पैसा मांगने गई थीं। सोनी का कहना है कि, जब वह उपरोक्त लोगों के घर पहुंची और अपने पैसों कि मांग की तो उपरोक्त लोगों ने मुझे घर के अंदर बंद कर लिया। मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट की गई। इतना ही नहीं अपना दिया हुए पैसा वापस मांगने पर जाने से मार देने की धमकी भी उपरोक्त लोगों द्वारा दी गई। मामले की जानकारी पीड़िता द्वारा डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। मामला तिर्वा कोतवाली तक पहुंचा,जहां पीड़िता ने उपरोक्त लोगो पर कार्यवाही को लेकर अपना शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि, मामले की जांच कराई जा रही है, दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# पढ़ाई के साथ-साथ लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति रहें सजग

जलालाबाद,कन्नौज समृद्धि न्यूज़। 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के उद्देश्य से क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनौगी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फार्म-06 ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि मतदान का अधिकार हमारे सभी अन्य अधिकारों की सुरक्षा करता है। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता सूची में नाम अवश्य जुड़वाना चाहिए। उन्होंने छात्र- छात्राओं से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ- साथ लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति भी सजग रहें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने मतदान के अधिकार को पवित्र बताते हुए कहा कि छात्र- छात्राएं यह संकल्प लें कि वे अपने मताधिकार का शत- प्रतिशत प्रयोग करेंगे। प्रभारी विज्ञान संकाय डॉ. हरिराम यादव ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए निर्वाचन साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. नागेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान की आयु पूरी होते ही छात्रों को वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर देना चाहिए। इसके लिए बीएलओ, महाविद्यालय अथवा ऑनलाइन माध्यम उपलब्ध हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से आए, शिवम ने भी ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी।



### बच्चों को खिलाई कृमि नाशक दवा, बताएं उद्देश्य

जलालाबाद। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अनौगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्साधिकारी डॉ. माजिद द्वारा बच्चों को कृमि नाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई गई। डॉ. माजिद ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को दवा खिलाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और शारीरिक व मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। एलबेंडाजोल दवा के सेवन से पेट के कीड़े नष्ट होते हैं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। स्वास्थ्य कर्मियों ने साफ- सफाई, स्वच्छ भोजन और हाथ धोने की आदतों पर भी जोर दिया।

# सड़क पर पड़े गिट्टी के ढेर बने हादसे का कारण, राहगीर परेशान



समधन, समृद्धि न्यूज़। कस्बा समधन से अनीभोझ रोड रेलवे क्रासिंग के पास नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण के दौरान सड़क पर गिट्टी के ढेर लगा दिए गए हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एक ओर नाला निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बावजूद सड़क से गिट्टी नहीं हटाई गई है। इसके कारण सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। दिनभर आवागमन रहने वाली इस सड़क से कई गांव जुड़े हुए हैं, ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे में सड़क पर पड़े गिट्टी के ढेर दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। यदि समय रहते जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द सड़क की सफाई कराकर यातायात सुचारु रूप से कराने की मांग की है।

# कृमि मुक्ति अभियान का सीडीओ ने किया शुभारंभ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कन्हैया लाल सरस्वती इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्त कर उन्हें स्वस्थ, सशक्त एवं ऊर्जावान बनाना है, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी, आरकेएसके नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरशाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ब्रजेश शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ. मोहम्मद इरशाद ने बताया कि 13 फरवरी को छूटे हुए बच्चों को भी एल्बेंडाजोल की दवा दी जाएगी और अभिभावकों से सहयोग की अपील की। जनपद में कुल 9,25,616 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है, जिसके सापेक्ष 10 फरवरी तक 6,29,418 बच्चों को दवा दी जा चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष बच्चों तक समयबद्ध तरीके से दवा पहुंचाकर अभियान को सफल बनाया जाए।

# नगर पालिका निरीक्षण के दौरान वीडियो बनाने को लेकर एसडीएम व पत्रकार में हुई बहस

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। सदर क्षेत्र की नगर पालिका में एसआईआर प्रक्रिया के औचक निरीक्षण पर पहुंचीं सदर एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली सिंह और स्थानीय पत्रकारों के बीच उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब एक पत्रकार वीडियो बनाने लगा। आरोप है कि एसडीएम ने कैमरा बंद कराते हुए कहा कि वीडियो बनाने से पहले अनुमति लेना आवश्यक है। उन्होंने फोटो लेने की बात तो कही, लेकिन वीडियो रिकॉर्डिंग पर आपत्ति जताई। इस दौरान पत्रकारों ने इसे कार्य में बाधा और मनमाना रवैया बताया। मौके पर मौजूद लोगों के



अनुसार, एसडीएम का कहना था कि उनके निर्देशानुसार ही कैमरा चलाया जाए। घटना के बाद नगर पालिका परिसर में चर्चा का माहौल बना रहा। मामले में आधिकारिक पक्ष जानने के लिए जब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका फोन रिसीव नहीं हो सका। फिलहाल प्रशासन या पत्रकार संगठनों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा की उठाई मांग

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिलाये जाने को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी सीएम शिक्षा मंत्री नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिलाए जाने का ज्ञापन सोप कर गुहार लगाई। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश प्रदेश महामंत्री अवधेश मिश्रा ने बताया कि कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे से विधानसभा सचिवालय में मिलकर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षकों की भांति कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया गया प्रदेश महामंत्री ने बताया कि 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग के कतिपय शिक्षकों इत्यादि कैशलेस सुविधा प्रदान करने के संबंध में घोषणा की गई घोषणा के अनुरूप मंत्रिपरिषद में 29 जनवरी को प्रस्ताव पारित किया गया परंतु उन्ही शिक्षण संस्थानों में हम अल्प भोगी लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कैशलेस सुविधा से वंचित करके हम शिक्षणेत्तर कर्मचारी के साथ भेदभाव पूर्ण सौतेला व्यवहार किया गया है।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव, कोहराम



कन्नौज। 24 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर पेड़ के सहारे फंदे से लटकता हुआ मिलने की सूचना पर ग्रामीणों और परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के गांव भुन्ना कटरा के बाहर मंगलवार की सुबह पेड़ के सहारे एक युवक का शव फंदे से लटकता हुआ आने जाने वाले ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। गांव में जब घटना की खबर पहुंची तो गांव के निवासी अरविंद प्रजापति भी परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। पेड़ पर लटकता हुआ शव अरविंद के 24 वर्षीय बेटे शिवम प्रजापति का होने की पहचान और खबर पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने मौके पर मौजूद पुलिस से किसी प्रकार की कार्यवाही करने से इंकार किया तो पुलिस भी मामले को केवल अपने संज्ञान में लेकर वापस लौट आई। उपरोक्त मामले में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान पता चला कि, मृतक शिवम बीते कुछ समय से अपने परिजनों से नई बाइक दिलाने की मांग कर रहा था।

# धान खरीद की शिकायत पर मंत्री ने लगाई अधिकारियों को फटकार

**किसान बोले, धान क्रय केंद्र पर बिचौलियों का है बोलबाला**



कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। मंगलवार को कृषि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जिले की ठठिया स्थित विशिष्ट आलू मंडी पहुंचे। यहां किसानों द्वारा धान खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर मंत्री ने अफसरों को फटकार लगाई। बताते चलें कि, शाम साढ़े चार बजे किसी मंत्री को मंडी का निरीक्षण करना था, इसको लेकर मंत्री जी के स्वागत की तैयारियां भी की जा रहीं थी। अभी दोपहर तक चल रही थी कि, लेकिन अपने प्रोटोकॉल के समय से पूर्व ही मंत्री दोपहर दो बजे के करीब मंडी पहुंच गए। मंत्री जी के मंडी में निरीक्षण की खबर पर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मंडी पहुंचे मंत्री ने किसानों से बात की, जिस पर उन्हें कई किसानों द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलीं।

किसानों का कहना था कि, धान क्रय केंद्र पर बिचौलियों का बोलबाला है। क्षेत्रीय किसानों का धान समय पर नहीं लिया जाता है। भूमिहीन लोगों के फर्जी पंजीकरण पर धान खरीद की जा रही है। किसानों की बजाय दलालों का धान लिया जा रहा है, इस प्रकार के किसानों ने मंत्री से मंडी में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतें कीं। निरीक्षण के दौरान जहां मंत्री जी को केंद्र प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव नदारद मिले,वहीं इस पर मंत्री ने मंडी सचिव रघुराज प्रताप सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए। धान खरीद में किसानों की शिकायत पर मंत्री जी का पारा चढ़ा तो मंडी सचिव और अन्य विभागीय अधिकारियों की क्लास भी लगाई गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की बैठक कर उनकी समस्याओं का त्वरित निदान करें। अपने कार्यक्रम के दौरान मंत्री दिनेश प्रताप ने विशिष्ट आलू मंडी में अधूरे निर्माण को पूरा करने और खाली जगह को देख अधूरे कार्य पूरे करने को अधिकारियों से कहा। अधिकारियों से प्रस्ताव भेजने को कहा गया।मंत्री के निरीक्षण के दौरान हड़कंप का माहौल नजर आया।

# जनगणना-2027: पहली बार पूरी तरह डिजिटल मोबाइल एप से खुद भर सकेंगे डेटा: जिलाधिकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जनगणना-2027 इस बार पूरी तरह डिजिटल मोड में होगी और नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा भी मिलेगी। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। डीएम ने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में मई-जून 2026 के दौरान 30 दिन तक मकान सूचीकरण किया जाएगा, जिसमें सभी भवनों, घरों व झुग्गियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा और परिवारों का



विवरण मोबाइल एप पर दर्ज किया जाएगा। दूसरे चरण में 9 से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या और जाति गणना होगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की उम्र, लिंग, शिक्षा, रोजगार व सामाजिक-आर्थिक जानकारी जुटाई जाएगी। प्रवासी श्रमिकों, आदिवासी क्षेत्रों और शहरी झुग्गीवासियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। जनपद में 606 सुपरवाइजर और 4243 प्रगणक तैनात होंगे। डीएम ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े नीति निर्माण, संसाधन आवंटन और विकास योजनाओं की आधारशिला बनेंगे। बैठक में एडीएम देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली, बीएसए संदीप कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मुशतर मीर खान (MUSHTAR MIR KHAN) से बदलकर मुशतर मीर खान (MUSHTER MEER KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मुशतर मीर खान (MUSHTER MEER KHAN) के नाम से जाना जाए। मुशतर मीर खान (MUSHTER MEER KHAN) पुत्र अख्तर मीर खान निवासी 2/138 घोड़ा नखास इमाम चौक मजिस्द गली, जनपद फर्रुखाबाद

# एल्बेंडाजोल की दवा खाने से आधा सैकड़ा से अधिक स्कूली बच्चों की हालत बिगड़ी

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर खिलाई गई थी दवा, लोहिया अस्पताल में भर्ती
- डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के लिए हालचाल

**कमालगंज/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कृषि मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गयी थी। जिससे बच्चों की हालत बिगड़ गयी। उन्हें आनन-फानन में सीएचसी तथा शेष बच्चों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी व सीएमओ लोहिया अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को बच्चों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार मंगलवार को राष्ट्रीय कृषि दिवस पर जवाहरलाल प्रेम देवी जूनियर हाईस्कूल मोहद्दीनपुर कमालगंज में करीब डेढ़ सौ बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई थी। दवा खाने के बाद करीब आधा सैकड़ा बच्चों की हालत बिगड़ गयी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। आनन-फानन में करीब दो दर्जन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज और शेष बच्चों को जिला अस्पताल लोहिया में भेजा गया। घटना की सूचना मिलने परल मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे। उन्होंने स्वयं व स्वास्थ्य टीम लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बच्चों ने बताया की दवा खाने के करीब 5 मिनट बाद चक्कर आने और उल्टी आने की शिकायत हुई। सूचना मिलने पर कमालगंज थाना अध्यक्ष


लोहिया अस्पताल में भर्ती बच्चे


लोहिया अस्पताल में बच्चों से जानकारी करते जिलाधिकारी

अवर नारायण पांडे पुलिस बल के साथ सीएचसी कमालगंज पहुंचे। जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, क्षेत्राधिकार अमृतपुर अजय वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचे। इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंच गए और बच्चों से जानकारी ली। करीब 30 बच्चों को सीएचसी कमालगंज व 60 बच्चों को लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया गया। वहीं जानकारी होने पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी लोहिया अस्पताल पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बच्चों से बातचीत की। जिलाधिकारी ने बताया कि बच्चों की हालत सही है। एल्बेंडाजोल की दवा खाने से बच्चों की हालत कुछ खराब हो गयी थी।

# जिक्रे मुस्तफा कॉन्फ्रेंस और जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी जलसे का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज नगर पंचायत के मोहल्ला बरतल गांव में सोमवार रात एक अजीमुश्शान जिक्रे मुस्तफा कॉन्फ्रेंस और जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जलसा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिलग्राम शरीफ से सैयद हजरत उवैस मुस्तफा वाश्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सैयद उवैस मुस्तफा वाश्ती ने उपस्थित लोगों को दीन की तालीम दी और उस पर अमल करने को कहा। उन्होंने कहा कि चोरी, बेईमानी और झूठ से बचना चाहिए। सभी को बड़ों और छोटों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यही हमारा धर्म और मजहब सिखाता है। वाश्ती साहब की बातों को सुनकर और उन पर अमल करने और दीन पर चलने के लिए और उनके मुरीद बनने के लिए लोगों ने कलमा पढ़ा और उनके साथ-साथ कलमा पढ़कर मुरीद हो गये। इस अवसर पर फर्रुखाबाद से मुफ्ती मोहम्मद शमशाद चतुर्वेदी और मौलाना जैनुल आब्दीन भी मौजूद थे। कार्यक्रम में ग्राम चँदनी के हाफिज आरिफ रजा, हाफिज जीशान खां, हाफिज फैजान


जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी जलसे में मौजूद अकीदतमंद

खां, हाफिज अब्दुल मजीद, हाफिज मजर अली, हाफिज समीर रजा, हाफिज कारी अरमान रजा और हाफिज सहवाज रजा सहित कई गांवों के हाफिज, मौलाना और कारी जैसी हस्तियां मौजूद रहीं। नवाबगंज नगर पंचायत के जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य और थाना अध्यक्ष राजीव कुमार भी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। जलसे के मिनजानिब बाबा कोटेदार आरिफ अली, फारूक अली और स्थानीय लोगों में ईद मिलादुन्नबी कमेटी के सदर वली मोहम्मद, फरमान अली, साबिर खां, रियाज खां, मुन्ने खां, बब्लू खां, निजाकत खां और मुफीद खां सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी की मनाई गयी 29वीं पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी की 29वीं पुण्यतिथि मनायी गई। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज लोहाई रोड पर हवन पूजन के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। परिवार के लोगों ने हवन यज्ञ में आहूतियां देकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताये गये संकल्पों को दोहराया। आर्य समाज के हरिओम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन सम्पन्न कराया। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व उनकी पत्नी अनीता द्विवेदी ने हवन यज्ञ में आहूतियां दी। हरिदत्त द्विवेदी व प्रियांक द्विवेदी, गरिमा द्विवेदी आदि ने श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में भाजपा नेता व समर्थकों ने पहुंचकर स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इससे पूर्व

**हवन पूजन कर दी गई श्रद्धांजलि**


हवन में आहूति देते सदर विधायक आदि

सुबह परिवार के लोगों ने पांचाल घाट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री, लालाराम दुबे, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, राजू गौतम, सोनी शुक्ला, मुकेश चौरसिया, श्याम सुंदर लल्ला, बाबू अग्निहोत्री, चित्रा अग्निहोत्री, बृजकिशोर मिश्रा, शिवांग रस्तोगी, डॉ. सचिन दुबे, विनोद अग्निहोत्री, अनुराग दुबे, सत्येन्द्र सिंह, राकेश सक्सेना, मीना मिश्रा, नेहा मिश्रा, गायत्री मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ओवरलोड ट्रक व बस सीज, 83 हजार लगाया गया जुर्माना


पकड़े गये वाहन

- बगैर परमिट संचालित एक अन्य बस व दो टेंपो को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा टीएसआई सतेन्द्र कुमार के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक डग्गेमार बस पकड़ी गई। जिसमें 72 सवारियां ले जाई जा रहीं थीं। बस को सीज करते हुये उस पर 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त मैनपुरी जनपद के मार्ग पर संचालित होने वाली एक बस को बिना परमिट मेरापुर से फर्रूखाबाद तक बारात ढोने के अभियोग में चालान किया गया है तथा उस पर 25 हजार रुपया का जुर्माना लगाया गया है। एक ओवरलोड ट्रक भी पकड़ा गया तथा उसे सीज कर परिवहन विभाग द्वारा 47 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दो टेंपुओं को भी टैक्स बकाया में सीज किया गया। आज की कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा 1.13 लाख जुर्माना लगाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**बीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामप्रकाश शर्मा उर्फ मंझले पुत्र स्व0 रामआसरे निवासी दीवान मुबारिक मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी दस वर्षीय पुत्री फर्रुखाबाद के लोहाई रोड पर एक कालेज में कक्षा चार की छात्रा थी। 13 सितंबर 2017 को समय करीब रात आठ बजे मोहल्ले में बिजली नहीं आ रही थी। उसी समय रामप्रकाश ने मेरी पुत्री को टॉफडी का लालच देकर मेरी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। मेरी पुत्री घबराकर रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर मोहल्ले के कई लोग आ गए और घटना को देखा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामप्रकाश शर्मा उर्फ मंझले को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर पांच वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाये जाने हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन



बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सुरक्षित इन्टरनेट दिवस मनाये जाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योति चौधरी ने मोबाइल एवं कंप्यूटर पर सुरक्षित इंटरनेट का प्रयोग कैसे करें, इस बारे में सबको बताया। कार्यशाला में एन.आई.सी. के दीपक कुमार व पुलिस विभाग के साइबर थाना फतेहगढ़ के एक्सपर्ट के द्वारा ओ.टी.पी. फ्रॉड, फेंक वेबसाइट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, फेंक डेटिंग एप फ्रॉड, मनी लोन एप स्कैम, एस.एम.एस. फ्रॉड, सोशल वेबसाइट स्कैम, क्रेडिट कार्ड स्कैम इत्यादि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान केंद्र के सभी कार्मिक अन्य विभागों के कर्मचारी व विभिन्न विद्यालयों के छात्र उपस्थित रहे।

## धरती माता बचाओ निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न


बैठक लेते जिलाधिकारी

**कृषकों की आय में वृद्धि करने के उपायों पर की गयी चर्चा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय धरती माता बचाओ निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मृदा स्वास्थ्य में सतत सुधार हेतु रासायनिक उर्वरकों के उचित व संतुलित उपयोग से फसलों की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने व कृषकों की आय में वृद्धि करने के उपायों पर चर्चा की गई व बताया गया कि उर्वरकों के संतुलित एवं संस्तुत मात्रा में उपयोग करने से फसलों की उच्च उत्पादकता प्राप्त होने से कृषकों की आय में वृद्धि होगी। मृदा में कार्बनिक पदार्थों में वृद्धि, मृदा की गुणवत्ता एवं उर्वरता में सुधार, प्रदूषण में कमी, जल संरक्षण व लागत में कमी होगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, आलू विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, ए.आर. कोऑपरेटिव, कृषि वैज्ञानिक व संबंधित मौजूद रहे।

# पत्नी की तहरीर पर दरोगा व उसकी मां पर मुकदमा दर्ज

- पति के साथ-साथ सास राजबाला देवी का है पूरा संरक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट कर छत से फेंकने वाले दरोगा व सास के विरुद्ध पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है।

जनपद बरेली थाना इज्जत नगर आशुतोष सिटी गेट नंबर 3 निवासी साधना देवी ने कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पति विवेक कुमार सिंह दरोगा के पद पर वर्तमान में पुलिस लाइन फतेहगढ़ में कार्यरत है। विवेक व उसकी मां कई दिनों से मुझे व मेरे बच्चों के साथ गाली-गलौज व मारपीट तथा आर्थिक रुप से परेशान क रहे है। 22 जनवरी को बरेली से बस द्वारा फर्रुखाबाद कमरे पर पहुंची। इस दौरान पति गाली-गलौज कर मारपीट कर पहली मंजिल की खिड़की से जान से मारने की नियत से धक्का दे दिया। नीचे गिरने से काफी चोंटे आयीं। गंभीरावस्था में मुझे बरेली के लिए रेफर कर दिया गया। कई जगह हड्डी टूटी होने की बात सामने आयी है। पति के साथ-साथ सास राजबाला देवी का पूरा संरक्षण है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# बेटे ने जीवित पिता को मृत घोषित कराया

- सरकारी सुविधाओं से वंचित कर जमीन हड़पने का आरोप
- जिलाधिकारी से लगाई गुहार, डीएम ने जांच कर कार्यवाही का दिया भरोसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक बुजुर्ग पिता को उसके बड़े बेटे ने कागजों में मृत घोषित करवा दिया।

पीड़ित ने मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित ने बताया कि उनके बेटे ने उन्हें जीवित रहते हुए मृत घोषित करवा दिया है। बुजुर्ग अपने छोटे बेटे के साथ डीएम के पास पहुंचा था। पीड़ित सूबेदार शुक्ला निवासी कायमगंज थाना


पीड़ित सूबेदार शुक्ला

क्षेत्र के रायपुर मजरा माझगांव निवासी का आरोप है कि बेटे ने उनकी जमीन हड़पने और उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। सूबेदार के अनुसार उनके दो पुत्र हैं। बड़े पुत्र अशोक शुक्ला को लगभग 40 साल पहले 8 बीघा जमीन देकर अलग कर दिया गया था, जबकि छोटा पुत्र नरेंद्र शुक्ला उनके साथ रहता है। उन्होंने बताया कि बड़े बेटे द्वारा उन्हें मृत घोषित करवाये जाने से उन्हें मिलने वाला वृद्धापेंशन और किसान सम्मान निधि की राशि मिलना बंद हो गयी है।

पीड़ित सूबेदार माध्यम परिवार के हैं। पूरा परिवार खेती पर निर्भर है।ऐसे में वृद्धा पेंशन और सम्मान निधि से काफी सहायता मिल रही थी जिसके बंद हो जाने से आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले का डीएम ने संज्ञान लेकर उचित कार्यवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त फावड़ा सहित गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फावड़ा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार 10.02.2026 को शिवराज पुत्र अहिवरन निवासी भोजपुर थाना कमालगंज द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा था कि अभियुक्त कल्लू द्वारा पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से फावड़े से प्रहार करना। जिससे पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर थाना कमालगंज पुलिस ने थाना हाजा पर मु0अ0सं0 35/2026 धारा-352/109 बीएनएस बनाम कल्लू पुत्र रामबक्श निवासी ग्राम भोजपुर थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक फावड़ा भी बरामद किया है।

# डीएम को निरीक्षण में नगर पंचायत कार्यालय में मिलीं खामियां, जतायी नाराजगी

- ब्लाक, सीडीपीओ कार्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का भी किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नगर पंचायत कार्यालय और नवाबगंज ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने नगर पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने आम


ब्लाक का निरीक्षण करते जिलाधिकारी


नगर पंचायत का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

नागरिकों से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरानए जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, कार्यालय अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्प्रयोज्य मशीनरी का मूल्यांकन कराकर नीलामी करने, कूड़ा गाड़ियों की मरम्मत कराने, जलकर व गृहकर की वसूली में तेजी लाने और सभी अनुदानों का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश भी दिए। आईजीआरएस के प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता से संपर्क करने और विशेष मामलों की समीक्षा करने को कहा गया। नगर पंचायत कार्यालय में सीपेज पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, रीना, रिंकी, राम लीला, सुखरानी, जसराम, रजौली, पिंकी, ज्योति, राजेंद्र, लक्ष्मी, रिंकी और नन्हीं देवी सहित कई निवासियों ने आवास संबंधी अपनी मांगें रखीं। सभासद पुष्पेंद्र कुमार ने वार्ड नंबर 11 में विद्युतीकरण न होने की शिकायत की। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत अनिल कुमार राजपूत, अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने नवाबगंज ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लॉक में स्थित पार्क में वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीडीओ के आवास को दुरुस्त कराने, सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण कर उसके पीछे खड़ी निष्प्रयोज्य गाड़ी की नीलामी कराने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और कार्यालय में रखी अलमारी की साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत, जिलाधिकारी ने ब्लॉक के सभी स्टाफ के साथ बैठक की। उन्होंने बिजली घर के पास बने मंडप का भी निरीक्षण किया।

# शहर के जरदोजी व्यवसायियों को डाक विभाग का विशेष तोहफा

▸ व्यापारियों ने डाक अधीक्षक का जताया आभार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जरदोजी व्यवसायियों हेतु डाक विभाग की नई पहल प्रारम्भ की गई। जरदोजी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन रहमानी के प्रतिष्ठान घोड़ा नखाश पर डाक अधीक्षक राम सागर शर्मा ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के जरदोजी व्यवसायियों का माल पार्सल के माध्यम से फर्रुखाबाद से दिल्ली विशेष मेल मोटर द्वारा प्रेषण की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे डाक विभाग द्वारा जरदोज़ी व्यवसायियों द्वारा प्रेषित किए जाने वाली सामाग्री को सुरक्षित एवं गति शील रूप से दिल्ली प्रेषित किया जाना अब ज्यादा आसान हो गया है। इस संबंध में जरदोज़ी व्यवसायियों की बैठक में व्यवसायियों को संबोधित करते हुये अधीक्षक डाकघर फतेहगढ़ मण्डल राम सागर शर्मा ने विशेष जानकारी देते हुये बताया की फर्रुखाबाद से विशेष डाक वाहन 11:00 बजे रात्री को प्रस्थान करेगा, उन्होने यह भी बताया कि डाक विभाग पिछले लगभग 150 वर्षो से डाक का आदान प्रदान पूर्ण निष्ठा एवं गति शीलता से करने हेतु जाना जाता है। इसी क्रम में जरदोज़ी व्यवसायियों हेतु विभाग का यह कदम मील का पत्थर साबित होगा तथा व्यवसायियों को सुलभ, सुनश्चित, सुरक्षित एवं व्यवस्थित व्यवसाय करने में कारगर साबित होगा। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने बताया कि यह डाक विभाग की पहल व्यापारियों के लिए अच्छी है। नगर अध्यक्ष इखलाक खां ने कहा कि अब जरदोजी व्यापारियों को माल भेजने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अब सीधे रात्रि 11 बजे तक यह सुविधा मिलेगी। महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि जो महिलायें व्यापार करती है, उनको इस डाक सेवा से अपना सामान, पार्सल आदि भेजने में सुविधा मिलेगी।

अब दिल्ली जाने वाले पार्सल व माल के लिए एक जगह निश्चित हो गयी है। जिसका हम व्यापारियों को लाभ लेना चाहिए। नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने कहा कि इस सुविधा से व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहक भी लाभ उठा सकते है। जरदोजी व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने डाक सेवा चालू होने पर डाक विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गौतम राजू, नेहा सक्सेना, सरदार जगदीप सिंह, रफत हुसैन के अलावा राजेश बाजपेयी, आनंद भदौरिया, सत्यप्रकाश त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।


व्यापारियों को जानकारी देते डाक अधीक्षक

## एचटी लाइन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी पैंसठ वर्षीय महावीर सिंह सोमवार सुबह गांव कटिया में स्थित निर्माणाधीन दुकान का लिंटर देखने गए थे।

उसी समय छत से निकली एचटी लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन आनन फानन में सीएचसी कायमगंज ले गए।

प्राथमिक उपचार के बाद स्वजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मंगलवार की बीती रात उनकी मौत हो गई। मंगलवार दोपहर स्वजन ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

# छात्रों में राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सद्भाव का कराया अभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी रघुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ0 विनय कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर छात्रों में सामुदायिक भावना का विकास कर एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वयंसेवकों की अलग-अलग टोलियां बनाकर उन्हें दायित्व दिए। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने कुबेरपुर गांव की बस्ती में नशा मुक्ति पर जागरूकता रैली निकाली, स्वयंसेवको ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से जैसे नशे को ना कहें, जीवन को हां कहें! नशा मुक्त भारत, सक्षम भारत! आपका जीवन अनमोल है, इसे नशे में बर्बाद मत करो! नारा लगाकर लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। शिविर स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्थापना साल 1969 में हुई थी। इसका मकसद, छात्रों में सामुदायिक सेवा के ज़रिए व्यक्तित्व और चरित्र विकसित करना है। छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और छात्रों में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव का अभ्यास करना है। एनएसएस का आदर्श वाक्य है, मैं नहीं, बल्कि आप यह इस बात पर ज़ोर देता है कि किसी व्यक्ति का कल्याण अंततः पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है। इस अवसर पर अभिषेक कुमार सिंह, विपिन कुमार सिंह, डॉ0 आशीष तिवारी, बृजेश वर्मा, सत्यनारायण सिंह, अरविंद यादव, विवेक अवस्थी और दुर्गेश आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक व शिक्षक



निपुण टेस्ट लेते शिक्षक

## विद्यार्थियों का डायट प्रशिक्षुओं ने लिया निपुण टेस्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण टेस्ट लिया गया। शासन के निर्देश पर डायट रजलामई के प्रशिक्षु मनीष कुमार यदुवंशी एवं विनय प्रताप सिंह ने कक्षा एक व दो में अध्यनरत बच्चों का आनलाईन एसेसमेंट किया। अनुपस्थित बच्चों को घर से बुलाकर टेस्ट कराया गया। लेखपाल मनोज कुमार ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र एवं जनसुनवाई पत्र प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को सौंपे। इस अवसर पर अभिषेक गंगवार संचालक सार्थक प्रयास अकादमी, उजैफपठान, हेमवती, कमलेश राजपूत, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे।

# सपा ने सहायता शिविर लगाकर मतदाताओं की सुनीं समस्यायें

▸ समय निकलने के बाद मतदाताओं को दिया गया नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार निगरानी रखने, नए वोट बनवाने एवं किसी वैद्य मतदाता का नाम न कटने पाए, इसी प्रयास में सपा नेता इन दिनों बूथों पर खाक छान रहे हैं।

194 सदर विधानसभा के बूथ संख्या 302 घेरशामू खां में जिला महासचिव इलियास मंसूरी के प्रयास से पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में एसआईआर सहायता शिविर लगाकर कार्यकर्ताओं, मतदाताओं से मिलकर आ रही परेशानियों को सुना और देखा गया। बूथ पर लगभग 160 से अधिक मुस्लिम मतदाताओं को जो नोटिस दिया गया है, उसकी सुनवाई का समय 09 फरवरी दोपहर 12 बजे तथा 2:30 बजे तक का समय दिया गया था, जबकि नोटिस उन्हें टाइम निकलने के बाद यानी 09 फरबरी को देर शाम प्राप्त हुए हैं। मतदाताओं ने आरोप लगाया कि हमारे वोट काटने के लिए ये साजिश रची जा रही है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने तुरन्त ही उप-जिलाधिकारी सदर से फोन पर वार्ता की और समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया। उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसी वैद्य मतदाता को मतदान से वंचित नहीं रखा जाएगा। मौके पर ही बूथ के बीएलओ आशीष कुमार सक्सेना को बुला लिया और कहा कि निष्पक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था से सभी का फार्म भरे जाये।

3 दिन में सभी दस्तावेज जमा किये जाये। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि लोकतंत्र का गला घोटा गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला सचिव विनीत परमार, जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता, शिव शंकर शर्मा, अरविंद कश्यप, मुदस्सिर खां, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा, अखिल कठेरिया, मून खां, मुन्ना खां आदि मौजूद रहे।



शिविर में समस्यायें सुनते सपा नेता


विद्यालय में मौजूद अभ्यार्थी

## आईटीआई में 68 अभ्यार्थियों का हुआ साक्षात्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/ अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। २०० रिक्तियों के सापेक्ष 05 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 68 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 68 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 55 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। विभिन्न कम्पनियों में मारूति सुजुकी इण्डिया लि0 गुजरात–11, एफटीसी जॉब–12, अप्रेन्टिसशिप ट्रेनी, ए0टी0एल0 बैटरी टेक्नोलाजी इण्डिया प्रा0लि0 हरियाणा–02, जॉब ट्रेनी एस0के0एच0 मेटल लि0 गुरुग्राम–10, जॉब ट्रेनी कृष्णा मारूति लि0 गुरूग्राम–09, जॉब ट्रेनी माइकोमैक्स लि0–08, अप्रेन्टिसशिप ट्रेनी 03 का जॉब ट्रेनी के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर, राजकिशोर महतो उपस्थित रहे।

# पावर एंजेल सशक्तिकरण व नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का हुआ समापन


प्रमाण पत्र दिखाते शिक्षक-शिक्षिकायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड राजेपुर में चल रहे सोशल प्रोजेक्ट ऑफ इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा प्रार्थना के साथ हुआ। विकासखंड में प्रशिक्षण में जनपद नोडल भारती मिश्रा ने मीना मंच गठन से संबंधित एजेंडा पर कार्यवाही की एवं मीना मंच गठन की विस्तृत जानकारी दी। विकासखंड नगर क्षेत्र की नोडल सुनीता चौहान ने अरमान मॉड्यूल के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार अभिभावकों के साथ सत्र किए जाएंगे, इसके लिए प्रत्येक माह का चौथा शनिवार पूर्व से निश्चित है। राजेपुर विकासखंड की मीना मंच नोडल सुधा वर्मा ने कॉमिक्स बुक के विषयों पर चर्चा की। ससीरीज कॉमिक्स बुक की संख्या 6 है और यह अलग-अलग सामाजिक मुद्दों से जुड़ी हुई है। विकासखंड नवाबगंज की नोडल साधना सिंह ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया तथा प्रति सप्ताह आने वाला टूल 10 कैसे भरा जाए इसका अभ्यास सभी प्रतिभागियों को कराया। प्रशिक्षण में मीना मंच के घटक वीरांगना पोर्टल तथा प्रगति के पंख पर चर्चा परिचर्चा की गई। विकासखंड के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और दो दिवसीय प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव श्रीवास्तव ने प्रमाण पत्र वितरण कर समापन किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा मीना मंच सामाजिक मुद्दों से जुड़ा मंच है, इसका लाभ बच्चों के साथ-साथ समुदाय भी लाभान्वित होता है। प्रशिक्षण में संजय कुमार, सुकीर्ति बघेल, रेखा, कुसुम, योगेश कुमार, प्रीती सिंह, आशीष मिश्रा, प्रतिभा तिवारी, मानवेन्द्र सिंह, ज्ञान दीप मिश्र, अवधेश राठौर आदि प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा द्वादश के छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक कन्हैया लाल तिवारी, निदेशक राजीव मोहन पांडे, नितिन अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा एकादश के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ छात्रों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें स्वागत गीत, नृत्य, कविता पाठ, प्रेरणादायक वक्तव्य एवं मनोरंजक खेल शामिल रहे। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। शिक्षक अनुपम दुबे तथा प्रशांत सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों को याद किया। कक्षा बारहवीं के छात्र शौर्य दुबे तथा अरिसा खान ने विद्यालय में बताए हुए अपने अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेटकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकगण भी उपस्थित रहें।


कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

# केडी बालिका डिग्री कालेज में श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्यास का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद् भागवत गीता वैदिक न्यास कार्यक्रम का आयोजन आवास विकास स्थित कृष्ण देवी बालिका डिग्री कालेज के सभागार में सम्पन्न हुआ। श्रीमद् भागत गीता वैदिक न्यास शाखा जनपद के द्वारा गीता संदेश यात्रा, मानव श्रंखला, श्रीगीता ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश पालीवाल व दुर्वासा ऋषि आश्रम के ओमकार दास महाराज व राष्ट्रीय महामंत्री शिव परमानंद शुक्ला ने विचार रखे। राज्यपाल पुरुस्कार से सम्मानित मदन मोहन बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने भी विचार रखे। विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षक आदि ने सहयोग किया। श्रीमद् भागवत गीता की शिक्षायें सुन मन में शांति पैदा हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुबी यादव सहित सभी शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। डॉ. अखिलेश चौरसिया, असिस्टेंट प्रो0 राजेश कुमार, राजीव कुमार, प्रशांत कुमार, अनुराग यादव, प्रशांत पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, संदीप कुमार, डॉ. मनीषा मिश्रा, डॉ. कायनात अख्तर, डॉ.रेजीना सहर, ममता यादव आदि ने व्यवस्था देखी व कार्यक्रम में सहयोग किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अरिमर्दन सिंह, प्राचार्य रुबी यादव ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप यादव व अनुराग अग्रवाल, अविनाश सारस्वत आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य

# लगातार आलू का भाव गिरने पर किसान करेंगे आंदोलन


विचार विमर्श करते आढ़ती व किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मंडी में आलू के लगातार गिरते हुए भाव पर आढ़ती व व्यापारी व किसानों ने चिंता व्यक्त की। किसानों-व्यापारियों से सघन जनसंपर्क कर विचार विमर्श किया गया। किसानों ने आपबीती बताते हुए कहा कि आज हमारा आलू 250 रुपए से लेकर 300 रुपए तक बिका। जिसमें नंबर एक का सुपर आलू 381से 401 रुपए तक बिका। आलू उत्पादक किसान राजीव यादव, जगदीशचन्द्र पाल नगला दलू तथा किसान सचेतक अरविन्द राजपूत व किसान नेता अशोक कटियार ने कहा जब तक आलू पर बड़ा आन्दोलन नहीं होगा, तब तक किसानों की यही दशा होती रहेगी। आलू निर्यातक सुधीर शुक्ला ने बताया कि पिछले वर्षों में आलू की गिरती कीमतों के बाद आलू किसान बचाओ यात्रा फर्रुखाबाद से लखनऊ राजभवन तक निकाली गई थी। प्रमुख मांगें आलू का निर्यात किया जाए, आलू की सरकारी खरीद की जाए, आलू आधारित उद्योग लगाए जाएं, आलू को मिड-डे-मील में व राशन की दुकानों पर अनिवार्य रूप से बंटवाया जाए, समय रहते सरकार ने आलू की घोर मंदी की ओर ध्यान नहीं दिया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जनसंपर्क में मंडी के दोनों गुटों से शैलेन्द्र यादव, सचिनदेव तिवारी, हरीबाबू गुप्ता, बालकृष्ण शाक्य, रामलड़ैते राजपूत, सुशील गुप्ता, अजय राजपूत फौजी, विवेक दीक्षित, राहुल दीक्षित, मुईन खान, प्रधान राजेश राजपूत आदि लोगों से जनसंपर्क कर बड़ा आंदोलन करने पर विचार विमर्श किया गया।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट रजलामई में तीन दिवसीय उच्च प्राथमिक/कंपोजिट/केजीबीबी विद्यालयों में कार्यरत सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। डाइट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने बताया कि प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण एवं सहज ढंग से कराया गया। जिसमें अध्यापकों को कक्षा कक्ष में सामाजिक विज्ञान को बहुत सरल ढंग से एवं वर्तमान के भौगोलिक परिदृश्य एवं विश्व में बदलती राजनैतिक परिस्थितियों के अनुसार पढ़ाना और बच्चों को एनईपी 2020 के तहत समावेशी शिक्षा और सामाजिक विज्ञान को सरल व वर्तमान के अनुरूप तथा रटाने की बजाय समझाने पर जोर देने को कहा गया। जिससे कि बच्चों में बौद्धिक गुणवत्ता और और समझ के साथ माननीय मूल्यों का विकास हो सके। साथ ही इस ट्रेनिंग की प्रशिक्षण प्रभारी डायट प्रवक्ता राजेश यादव की देखरेख में यह प्रशिक्षण बड़े बेहतर ढंग से हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित किए।



समापन अवसर पर मौजूद शिक्षक

## डॉ. मणी गुप्ता को यूरोपियन कमीशन से मिला डेढ़ करोड़ का पैकेज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ के शिक्षक संतोष कुमार गुप्ता के छोटे पुत्र मणी गुप्ता ने विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर यूरोपियन कमीशन द्वारा डेढ़ करोड़ का पैकेज पाकर विश्व विख्यात इम्पीरियल कॉलेज ऑफ सांइस टेक्नोलॉजी लंदन में प्रोफेसर (वैज्ञानिक) के रुप में उपलब्धि पाई है। कौन कहता है कि यारों आसमा में छेंद हो नहीं सकता, एक पत्थर तबियत से उछालकर तो देखो यारों। यह पंक्तिा मणी गुप्ता के चरितार्थ पर सटीक बैठती है। यूरोपियन कमीशन ने लगभग 270 यूरो की ग्रांट जारी की है। जो भारतीय मुद्रा 3 करोड़ रुपया है। इन्हें यह आफर दो वर्ष के लिए दिया गया है। डॉ. मणी गुप्ता ने फतेहगढ़ के जेएन वर्मा रोड स्थित विद्या मंदिर से परीक्षा उत्तीर्ण कर कानपुर विश्व विद्यालय से बीए बायोटेक्नोलॉजी में स्नातक व परास्नातक लाइफ सांइस प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एजूकेशन एण्ड रिसर्च कोलकाता से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। गत वर्ष नवम्बर माह से आईआईटी में इनका चयन हो गया था, परन्तु इनके सपनों की उड़ान ऊंची होने के कारण यह विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते रहे और मेहनत से राजेपुर से लंदन तक का सफर तय कर सिद्ध कर दिया कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। अभी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।



# समाजिक विज्ञान में तिथियां व लेखनी का विशेष महत्व


अखिलेश कुमार पाण्डेय,शिक्षक


अखिलेश कुमार, शिक्षक


अभिषेक बाथम, छात्र


शैलेश बाथम, छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के समाजिक विज्ञान अध्यापक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थी प्रत्येक अध्याय को सरल भाषा और दैनिक जीवन में उदाहरणों से समझना चाहिए। जिसमें कठिन विषय को आसानी से समझा जा सकता है। भूगोल में मानचित्र का महत्व होता है। राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र के विषयों को वर्तमान घटनाओं से जोड़कर समझना उनकी विशेषता है। सभी छात्रों को धैर्य पूर्वक प्रश्न समझाते है और उनकी शंकाओं को आसानी से दूर करते है, जिससे उन्हें बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक मिले।

समाजिक विज्ञान के सहायक अध्यापक अखिलेश कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षार्थी सामाजिक विज्ञान की तैयारी के लिए मानचित्र एवं इतिहास से जुड़ी हुई तिथियो को अवश्य कंठस्थ करें, क्योंकि मानचित्र यदि सही होगा तो, नंबर पूरे मिलते हैं। इसके साथ ही साथ बहुविकल्पीय प्रश्नों को अच्छी तरह से याद करें तथा लेखन बहुत ही अच्छे ढंग से किया जाना चाहिए, क्योंकि यदि अगर राइटिंग शुद्ध होगी तो परीक्षक को पढ़ने में आसानी होगी और नंबर अच्छे मिल सकते हैं। तनाव मुक्त होकर बोर्ड परीक्षा दें और रिवीजन अवश्य करते रहे।

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज कक्षा 12 के छात्र अभिषेक बाथम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूर्ण रुप से की है। गुरुजनों द्वारा बताये गये प्रश्नों को बोल-बोल व लिख-लिखकर याद किया है। इतिहास की घटनाओं व उनकी तिथियां एवं हेडिंग पर विशेष ध्यान दिया है। समाजिक विज्ञान में पूछे गये प्रश्न संबंधित ही उत्तर हल करना है। तनाव मुक्त होकर नियमित पठन-पाठन करते है और अच्छी नींद लेता हूं। धैर्य पूर्वक प्रश्नों को हल करने से सटीक उत्तर अपने आप में ध्यान आ जाता है और उसे लिखने से ही अच्छे नम्बर मिलते है।

कक्षा 12 के छात्र शैलेश बाथम ने बताया कि प्रत्येक प्रश्न को सरल भाषा और दैनिक जीवन में उपयोग करना चाहिए। मानचित्र का भूगोल में बहुत महत्व होता है। राजनीति विज्ञान में तिथियां प्रमुख होती है। विषयों को वर्तमान घटनाओं को जोड़कर समझना चाहिए। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षा की तैयारी की है। पिछले पांच वर्ष के प्रश्न पत्र को विशेष रुप से पढ़ा है। जिससे अच्छे अंक बोर्ड परीक्षा में प्राप्त कर सकूं। कक्षा में पूछे गये प्रश्नों को टॉपिक के अनुसार लिख-लिखकर याद किया है। समय-समय पर गुरुजनों का मार्गदर्शन लेता रहता हूं।

## आशीर्वाद समारोह में दिखी अनुशासन व एकता की झलक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में कक्षा 12 के छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया तथा वर्ष भर विद्यालय में नियमित आकर अध्ययन करने वाले एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष सुदेश कुमार ने कहा कि यदि आप अनुशासन में रहकर समयबद्ध अपना कार्य करेंगे, तो जीवन में सफल होंगे। इस समय आपके द्वारा की गई मेहनत जीवन के हर क्षेत्र में आपको सफल बनाएगी। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि हर छात्र के मन में अपनी सफलता के लिए सपने होते हैं, उनके पीछे कड़ी मेहनत लगन है तो उनके सुनहरे सपने अवश्य पूर्ण होंगे। आपकी मेहनत आपको बेहतर इंसान जरूर बनाए, इसलिए कभी भी शिक्षा से विमुख नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सुधीर पाल, प्रदीप सिंह, शिवराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, रामानंद, दीपक शर्मा, निशिकांत अग्निहोत्री, अनुपम सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। संचालन प्रवक्ता नेहा गुप्ता ने किया। थाना अध्यक्ष ने विद्यालय में ई–बोर्ड का भी शुभारंभ किया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हार द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तत्वाधान में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत राजेपुर ब्लॉक की ग्रामसभा करहर में एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 112 (52 पुरुष, 60 महिला) रोगियों का वजन, बीपी, ह्रदय चाल, टेंपरेचर, ऑक्सीजन स्तर इत्यादि की जांच कर सभी रोगियों को रोगानुसार निःशुल्क होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया। शिविर में ज्यादातर रोगी चरम रोग,स्वांस, दमा, गठिया, सायटिका, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, बुखार, जुकाम खांसी इत्यादि से पीड़ित पाए गए।

## सूचना

मैंने अपना नाम KUNDAN (कुंदन) से बदलकर FUNDAN (फुंदन) रख लिया है। भविष्य में मुझे FUNDAN (फुंदन) के नाम से जाना जाये। FUNDAN (फुंदन) पत्नी मुश्तर मीर खां (MUSHTAR MEER KHAN) निवासी 2/138 इमाम चौक मजिस्द गली घोड़ा नखास, जनपद फर्रुखाबाद।

# यूजीसी विरोधः भड़की सामाजिक तकरार, गोला में सवर्ण व ओबीसी आमने-सामने

- सोशल मीडिया टिप्पणी पर दोनों पक्षों की तहरीर कुर्मी/ओबीसी समाज का नगर में प्रदर्शन
- डॉ. पीयूष शुक्ला पक्ष की सीओ ऑफिस के सामने प्रेस वार्ता
- निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोला गोकर्णनाथ में यूजीसी विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ विवाद अब खुली सामाजिक खींचतान में बदलता जा रहा है। सोशल मीडिया टिप्पणियों को लेकर सवर्ण और ओबीसी समाज आमने-सामने आ गए हैं। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, वहीं सड़कों पर प्रदर्शन और प्रेस वार्ताओं ने मामले को और गरमा दिया है। नगर में यूजीसी विरोध की चिंगारी अब सामाजिक तनाव का रूप लेती दिख रही है। एक ओर डॉ. पीयूष शुक्ला के समर्थन में सवर्ण समाज के लोग खड़े हैं, तो दूसरी ओर अपना दल के जिलाध्यक्ष राजीव पटेल के नेतृत्व में कुर्मी सहित ओबीसी समाज लामबंद है। दोनों पक्षों द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीरों के बाद मामला और तूल पकड़ गया है।

ओबीसी पक्ष की ओर से दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि 5 फरवरी 2026 को पियूष कुमार शुक्ला ने फेसबुक पर ओबीसी वर्ग के लोगों के विरुद्ध अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी की। साथ ही




> मामले से संबंधित प्रभारी कोतवाली गोला क्राइम इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने कहा कि दोनों पक्ष आए थे, दोनों ने ही लिखित तहरीर दी है जो भी आवश्यक कार्यवाही होगी की जाएगी।

एक वरिष्ठ नागरिक व पूर्व दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री से फोन वार्ता की कथित ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया। प्रार्थी राजीव पटेल का कहना है कि इससे ओबीसी समाज की भावनाएं आहत हुईं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की स्थिति बनी है। मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई।

इसी के विरोध में कुर्मी/ओबीसी समाज के लोगों ने नगर के सदर चौराहे पर बैठकर प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। कार्रवाई की मांग उठाई और चेतावनी दी गई कि न्याय न मिलने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

वहीं दूसरे पक्ष से अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. सचिन पांडे ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि रामसेवक वर्मा व उनके सहयोगियों द्वारा सवर्ण समाज के विरुद्ध लगातार आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली जा रही हैं, जिससे समाज में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच डॉ. पीयूष शुक्ला पक्ष ने सीओ ऑफिस के सामने प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। प्रेस वार्ता में डॉ. शुक्ला ने कहा कि, ÷ओबीसी समुदाय के लोग भी मेरे भाई ही हैं। मैं कुर्मी समाज के खिलाफ नहीं हूं। मेरी आपत्ति केवल उन चंद लोगों से है, जिन्होंने अश्लील और भ्रष्ट पोस्ट डालकर समाज का सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है।

उन्होंने दावा किया कि संबंधित लोगों के विरुद्ध सभी साक्ष्य व प्रतियां सीओ को सौंप दी गई हैं। साथ ही उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ÷यदि न्यायपूर्ण और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो मैं चौराहे पर आत्मदाह करूंगा, जरूरत पड़ी तो नगर पालिका की टंकी पर भी चढ़ जाऊंगा। जो किसी ने नहीं किया, वह भी मैं अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए करने को तैयार हूं। हालांकि हमारी मंशा आज भी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की ही है।

## अज्ञात कर सवार ने एक बाइक को मारी टक्कर तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**निघासन खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगाही-बेलरायां मार्ग पर सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसा सिंगहा आदर्श तालाब के पास हुआ जहाँ एक तेज रफ्तार कार सवार ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही बेलरायां चीनी मिल को जा रही ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे जा घुसे। सड़क हादसे में रामखेलावन पुत्र रोशन, निवासी थाना मझगई, बाइक से अपने साले रामकिशन (30 वर्ष) पुत्र मायाराम और सास सीता देवी पत्नी मायाराम को लेकर ससुराल रायपुर कोल्हौरी (थाना तिकुनिया) जा रहे थे। जैसे ही वे सिंगहा आदर्श



तालाब के पास पहुँचे, सामने से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही चीनी मिल जा रही गन्ने से लदी ट्राली के नीचे बाइक सवार जा पहुंचे। हादसे में बाइक पर सवार रामखेलावन का पैर टूट गया है, जबकि उनके साथ बैठे अन्य दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस नें सभी घायलों को इलाज के लिए अपनी सरकारी गाड़ी से तत्काल निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। इमरजेंसी में तैनात निघासन सीएचसी के डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार जारी किया वही एक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही पुलिस ने गन्ने से लदी ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया। जबकि अज्ञात चार पहिया वाहन मौके से भाग निकला।

## खबरें एक नजर में

### दिव्यांगजनों की मांगों पर वादा खिलाफी का आरोप, जल समाधि की चेतावनी



**लखीमपुर-खीरी।** भारतीय दिव्यांग यूनियन (रजि.) ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसील गोला गोकर्णनाथ में सौंपते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर वादा खिलाफी का गंभीर आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि जून-जुलाई 2025 में सदर चौराहे के पास स्थित इंदिरा पार्क में दिव्यांगजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया था। उस समय तत्कालीन उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय विधायक, नगर चेयरमैन, कोतवाल और क्षेत्राधिकारी स्वयं धरना स्थल पर पहुंचे थे और 5 जुलाई 2025 को एक माह के भीतर सभी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन छह माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि दिव्यांगजन आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और प्रशासनिक उदासीनता के कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सभी दिव्यांगजनों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, भूमिहीन दिव्यांगों को भूमि पट्टे दिए जाने, सरकारी अस्पतालों में अलग काउंटर व चिकित्सक नियुक्त किए जाने, मुद्रा योजना के तहत ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा रोडवेज बस चालकों द्वारा दिव्यांग यात्रियों को नजरअंदाज किए जाने की शिकायत पर कार्रवाई की मांग दोहराई गई है। संगठन ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का हवाला देते हुए कहा कि ये मांगें दिव्यांगजनों के मौलिक अधिकारों से जुड़ी हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना उनके अधिकारों का हनन है। दिव्यांग यूनियन ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में मांगें पूरी नहीं हुई तो दिव्यांगजन अलीगंज रोड स्थित उल्ल नदी में जल समाधि लेने को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान तिलक राय, मिथिलेश कुमार, मोहम्मद जावेद, भानु शंकर, नरेंद्र कुमार, अमित कुमार, हरीश कुमार, विजयपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विद्यार्थियों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल



**गोला (लखीमपुर खीरी)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के निर्देशन में मंगलवार को क्षेत्र के चयनित विद्यालयों में विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंजाबी कॉलोनी, गोला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई तथा कृमि संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजिया तबस्सुम ने बच्चों को अपने समक्ष दवा का सेवन कराया और कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेट में कीड़े होने से बच्चों में खून की कमी, कमजोरी, पेट दर्द, भूख न लगना और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। नियमित रूप से कृमि मुक्ति की दवा लेने से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण स्तर, एकाग्रता और शारीरिक विकास में सकारात्मक सुधार होता है। डॉ. तबस्सुम ने विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने, स्वच्छ एवं उबला/फिल्टर किया हुआ पानी पीने तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ आदतें ही कृमि संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या फादर अनूप टिर्की ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए। उप-प्रधानाचार्य फादर लॉयस्टन अमिथ कॉर्डेइरो ने डॉ. रजिया तबस्सुम (मेडिकल ऑफिसर), डॉ. निधि यादव (मेडिकल ऑफिसर), सुयश कुमार (फार्मासिस्ट) एवं पूजा सिंह (स्टाफ नर्स) को सम्मानित किया। विद्यालय की हेड मिस्ट्रेस सिस्टर स्नेहा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ सदस्य एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### साइबर टीमः आवेदक का पांच हजार रूपये कराया वापस




**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाने की साइबर टीम ने आवेदक के पांच हजार रूपये को उसके खाते में कराया वापस थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी सोनगढ़ा गांव निवासी सीमा देवी ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दिया था की खाते से नाती अन्नू गुर्जर द्वारा आन लाइन यूपीआई उनके मर्जी से चला रहा था की बीते 23 जनवरी को कुल पांच हजार रूपये फ्राड हो गया था। स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 फ़रवरी को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व साइबर टीम द्वारा आवेदक के खाते में पांच हजार रूपये को वापस करा दिया है। आवेदक ने टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की है। इस संबंध में साइबर सेल प्रभारी अच्छेलाल यादव ने बताया की साइबर क्राइम पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर आवेदक के खाते में पांच हजार रूपये को वापस करा दिया गया है। टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, अच्छेलाल यादव, विश्वनाथ रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिमौरी गाँव निवासी युवक की सोमवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के बिमौरी गांव निवासी 32 वर्षीय बबलू की सोमवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफ़र कर दिया। परिजनों द्वारा ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर लेकर गए जंहा से चिकित्सक द्वारा स्वरूप रानी प्रयागराज के लिए रेफ़र कर दिया गया। उपचार के लिए लेकर जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृत युवक को दो पुत्र व दो पुत्री है। पत्नी शिला देवी का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। ग्राम प्रधान देवघटा पाण्डेय छोटेलाल कोल ने बताया की युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## आधी रात तेंदुए की दस्तक से सहमे ग्रामीण, वन विभाग ने लगाए ट्रैप कैमरे

**निघासन खीरी।** थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी अंतर्गत गांव पचपेड़ी में तेंदुए की मौजूदगी की आशंका से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते कुछ दिनों से लगातार सामने आ रही घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर हाल ही में गांव में 9 वर्षीय मासूम की संदिग्ध मौत के बाद से भय और भी गहरा गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों गांव पचपेड़ी निवासी गुलाम उर्फ मुन्ना (9) पुत्र मदारू, तीन दिन से लापता था। उसका शव गांव के किनारे केले के खेत में अधखाई अवस्था में मिला था। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया था। मासूम के गले में प्लास्टिक का फंदा भी मिला, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पोस्टमार्टम



रिपोर्ट में मौत का कारण गाला घुटन से मौत बताया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से अहम साक्ष्य जुटाए थे, हालांकि अभी तक पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा नहीं कर सकी है। इसी बीच रविवार रात करीब 10 बजे गांव निवासी इखलाख हुसैन पुत्र सिरदार अली अपनी झोपड़ी में सो रहे थे। मच्छरों और ठंडी हवा से बचाव के लिए उन्होंने मच्छरदानी व तिरपाल लगा रखी थी। इसी दौरान किसी जानवर की आहट सुनाई देने पर उन्होंने अपने बेटे को आवाज दी। बेटे ने टॉर्च की रोशनी में देखा तो झोपड़ी के पास तेंदुआ दिखाई दिया। शोर मचाने पर तेंदुआ पास के खेत की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर जंगली जानवर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए। पहली रात कैमरे में कोई गतिविधि कैद नहीं हो सकी, जिसके बाद अगली रात भी कैमरे लगाए गए हैं। लगातार बढ़ रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## कुकरा जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, 14 जनवरी से था लापता

- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**गोला (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

गोला क्षेत्र के कुकरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित कुकरा जंगल के पश्चिमी बीट में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। लगभग 30 वर्षीय युवक का शव खड़ंजे से करीब डेढ़ सौ मीटर भीतर जंगल में एक पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका पाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में फोर्स के साथ अधिकारी मौके पर पहुंच गए।



बताया जा रहा है कि जंगल की निगरानी कर रहे वाचर मुकेश की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि मृतक के पैर जमीन से करीब ढाई फीट ऊपर लटक रहे थे। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पेड़ से उतरवाया, पंचनामा भरकर सील किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है ताकि किसी भी तरह की आशंका से इनकार न किया जा सके।

कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मुशीर पुत्र वकील, निवासी खैरागढ़ थाना सिंगाही के रूप में हुई है। वह पिछले कुछ समय से अपनी ससुराल ग्राम पकरिया बिलहरी, थाना नीमगांव में रह रहा था। 14 जनवरी 2026 को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना नीमगांव में दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। जंगल में शव मिलने की सूचना पर आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है और परिजनों से भी आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

## पलिया कोतवाली में शिकायतें दबीं या दबाई गईं? धमकी, दबाव और 'संतुष्ट' खेल से पुलिस पर उठे सवाल

- आईजीआरएस शिकायतकर्ता ही बना पीड़ित, 15 दिन बाद भी एफआईआर नहीं
- फर्जी नंबर प्लेट संकेत के बाद भी खामोशी, कार्रवाई शून्य
- सट्टा खबर चलाने पर पत्रकार को धमकी, रिकॉर्डिंग बनी साक्ष्य
- तीनों मामलों की जानकारी नवागत एसपी ख्याति गर्ग को, गंभीरता से जांच के निर्देश

**लखीमपुर खीरी**

लखीमपुर खीरी के पलिया कोतवाली में मुकदमे दर्ज किए जाने की प्रक्रिया को लेकर इन दिनों गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि 3 फरवरी के बाद से कोतवाली में एक भी नया मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जबकि फरियादी लगातार चक्कर लगा रहे हैं। सुनवाई न होने से पीड़ितों को आईजीआरएस पोर्टल का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद भी संतुष्ट फीडबैक लगाने का दबाव बनाए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार 9 फरवरी 2026 तक इस वर्ष पलिया कोतवाली में केवल 33 मुकदमे ही दर्ज किए गए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वास्तव में अपराध कम हुए हैं या फिर आंकड़ों का खेल चल रहा है। यह भी चर्चा है कि कम अपराध ग्राफ दिखाकर सीनियर




अधिकारियों को संतुष्ट करने की कोशिश की जा रही है। यदि फरियादियों की सुनवाई थाने पर ही हो जाए तो उन्हें ऑनलाइन शिकायत क्यों करनी पड़े, यह सवाल भी लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सभी मामलों में पीड़ितों को आईजीआरएस का सहारा लेना पड़ा लेकिन उसके बाद अधिकतर शिकायतकर्ताओं को जबरन संतुष्ट कहने का दबाव बनाया गया।

इन सभी मामलों से संबंधित जानकारी संकलित कर नवागत पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग को अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने प्रकरण को गंभीरता से देखने तथा आवश्यक जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने की बात कही है।

**मामला-1: युवती ने शोषण व धर्म परिवर्तन के दबाव का लगाया आरोप**
एक युवती ने मुख्यमंत्री पोर्टल को भेजे प्रार्थना पत्र में सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आए युवक पर फर्जी पहचान बताकर संबंध बनाने, शारीरिक-मानसिक शोषण, जबरन गर्भपात व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने जान का खतरा बताते हुए एफआईआर की मांग की है। सीओ पलिया के अनुसार, मामले की जांच एसओ पलिया को सौंपी गई है।

**मामला-2: आईजीआरएस शिकायत, कार्रवाई नहीं**
नितेश चन्द्र गुप्ता ने बाईपास रोड पर कार UP-31-AA-4490 खड़ी करने को लेकर हुए विवाद, गाली-गलौज व धक्का-मुक्की की शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज कराई। वीडियो साक्ष्य भी दिया गया। जांच उपनिरीक्षक प्रेम नारायण सरोज ने मारपीट स्पष्ट न मानते हुए कार्रवाई आवश्यक नहीं बताई। वाहन नंबर का रिकॉर्ड न मिलने से फर्जी नंबर प्लेट की आशंका के बावजूद न प्राथमिकी दर्ज हुई, न स्वतंत्र जांच। पीड़ित ने संतुष्ट फीडबैक का दबाव भी आरोपित किया है।

**मामला-3: सट्टा खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को धमकी**
एक चैनल के पत्रकार पियूष गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि 3 फरवरी 2026 को ऑनलाइन सट्टा कारोबार पर खबर प्रकाशित करने के बाद उन्हें रात 8ः18 बजे मोहित गुप्ता उर्फ लल्ला पुत्र पप्पू घमण्डी द्वारा फोन कर खबर डिलीट करने की धमकी दी गई। कॉल रिकॉर्डिंग साक्ष्य होने का दावा करते हुए उन्होंने कार्रवाई व सुरक्षा की मांग की है।

## मेजा जरगो लिंक बाणसागर नहर से एक अज्ञात महिला का शव हुआ बरामद, हड़कंप

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में स्थित मेजा जरगो लिंक बाणसागर नहर से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। लगभग 35 वर्षीय इस महिला का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया।यह घटना तब सामने आई जब गांव की इंद्रावती नामक महिला अपने मवेशियों को पानी पिलाने के लिए नहर में पानी लेने गई थी।उन्होंने बहते पानी में एक महिला का शव देखा, जिसके बाद उन्होंने भयभीत होकर गांव वालों को सूचना दी। ग्रामीणों ने तत्काल 212 पुलिस को खबर की। सूचना मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत सेठ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका ने काले रंग की साड़ी पहनी हुई थी और उसके शरीर पर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण भी थे। ग्रामीणों ने महिला के बाहरी होने की आशंका जताई। कुछ लोगों ने साड़ी पहनने के तरीके को देखकर यह भी अनुमान लगाया कि यह मध्य प्रदेश की महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली फेंटा शैली की साड़ी हो सकती है। पुलिस ने बताया कि महिला के शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। लालगंज के प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किए गए हैं, लेकिन अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि शव कहीं बाहर का प्रतीत हो रहा है। महिला की मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

## जनवरी माह में आईजीआरएस निस्तारण में गोला तहसील प्रदेश में अव्वल

- एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में शत-प्रतिशत समाधान, जनपद का बढ़ाया मान

**गोला (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

जनवरी माह में आईजीआरएस (एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली) के प्रभावी और समयबद्ध निस्तारण के आधार पर गोला तहसील ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व, सख्त मॉनिटरिंग और टीमवर्क का परिणाम मानी जा रही है।



एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि पूरे जनवरी माह में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। खास बात यह रही कि अंतिम दिवस तक आई कुल 89 शिकायतों का भी शत-प्रतिशत समाधान किया गया, जिससे तहसील की रैंकिंग प्रदेश में शीर्ष पर पहुंची। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार ताहिर परवेज, कानूनगो अरुणेश मिश्रा तथा समस्त लेखपालों और कर्मचारियों को दिया। नियमित समीक्षा बैठकों, व्यक्तिगत अनुश्रवण और शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण ने गोला तहसील को यह मुकाम दिलाया। जहां गोला तहसील ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया, वहीं मोहम्मदी, निघासन एवं मितौली तहसीलें सूची में 64वें स्थान पर रहीं। ऐसे में गोला तहसील का प्रदर्शन अन्य तहसीलों के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आया है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतों की संख्या घटाना नहीं, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है, ताकि आमजन का विश्वास शासन-प्रशासन पर और अधिक सुदृढ़ हो।

## शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए पहुंची विशेष मॉनिटर, विद्यालयों का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

विशेष मानिटर डॉक्टर पूनम मलकौडिया प्रारम्भिक शिक्षा और साक्षरता मंगलवार को हलिया विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बड़ौहा व कंपोजिट विद्यालय बड़ौहा व कंपोजिट विद्यालय मनिगढा मझियान व आंगनवाड़ी केंद्र बड़ौहा व मनिगढ़ा में पहुंचकर बच्चों के शिक्षा के गुणवत्ता को परखा और विद्यालय के अध्यापको व विभाग के अधिकारियो के साथ बैठक कर शिक्षा का स्तर बढ़ाने पर जोर दिया है। बच्चों के अभिभावकों से शिक्षा के संबंध में जानकारी लिया और अभिभावको से शिक्षा के स्तर को बढ़ाने पर जानकारी लिया है। विशेष मानिटर प्राथमिक शिक्षा व साक्षरता सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बड़ौहा पर पहुंचकर निरीक्षण किया। विद्यालय के बच्चों से शिक्षा के संबंध में जानकारी लिया। आंगनवाड़ी केंद्र बड़ौहा पर पहुंचकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा



बच्चों को दी जा रही शिक्षा के संबंध में जानकारी लिया। कंपोजिट विद्यालय बड़ौहा में विद्यालय के अध्यापको व शिक्षा विभाग के अधिकारियो के साथ बैठक कर शिक्षा के स्तर बढ़ाने के संबंध में जानकारी लिया है। कंपोजिट विद्यालय मनिगढ़ा का निरीक्षण किया और सीधे कक्षा साथ के कक्ष में पहुंचकर बच्चों से सवाल किया जिस पर बच्चों ने जबाब दिया। जिस पर विशेष मानिटर ने बच्चों की जमकर प्रशंसा किया है। आँगनवाड़ी केंद्र मनिगढ़ा पर पहुंचकर विशेष मानिटर ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों से शिक्षा की जानकारी लेते हुए बच्चों का अन्नप्रशासन्न किया है। प्राथमिक विद्यालय कोठी कला व प्राथमिक विधायक हलिया प्रथम का निरीक्षण कर शिक्षा के स्तर बढ़ाने पर जोर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विशेष मानिटर डॉक्टर पूनम मलकौडिया ने बताया की शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए विद्यालयों में पहुंचकर अध्यापको व शिक्षा के अधिकारियो के साथ बैठककर शिक्षा स्तर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। बच्चों के अभिभावकों से भी जानकारी लिया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, नायब तहसीलदार राजीव यादव,खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव, सीडीपीओ दिलीप वर्मा, राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, लेखपाल विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में एसआई श्यामलाल मौजूद रहे।

## शिवरात्रि, होली, रमजान को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को आगामी त्यौहारों पर आपसी सौहार्द को लेकर सीओ लालगंज अमर बहादुर ने ग्राम प्रधान व अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में आगामी महाशिवरात्रि, होली, नवरात्रि, रमजान व ईद त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी में सभी धर्म प्रेम सौहार्द के साथ बिना भेदभाव, जातिगत, विभिन्न धर्मो को अपने अपने रीतिनीति के साथ शांति पूर्वक त्यौहार मनाऐ जाने को कहा गया।सीओ लालगंज अमर बहादुर ने ग्राम प्रधानों से अपील किया कि त्यौहारों पर आम जन को मादक पदार्थो वितरण न करें। ताकि आगामी



त्यौहार शांति पूर्ण रूप से मनाया जा सके। त्यौहार में हुड दंगाई मचाने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगा सागर तिवारी, प्रशांत दुबे, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, शशिकांत पटेल, लालजी मौर्या आदि मौजूद रहे।